दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 12 मार्च 2025 | शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 32 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com



आज बेबाक

प्रयागराज महाकुंभ के समापन के बाद भी उसे लेकर बड़बोले नेताओं की विवादित बयानबाजी बदस्तूर जारी है। अब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के सुप्रीमों राज ठाकरे ने इस पर विवादास्पद बयान देकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। जिनकी गंगा मां में श्रद्धा थी उन्होंने वहां डुबकी लगाई। जिनकी श्रद्ध नहीं है तो उनके साथ कोई जोर जबरदस्ती तो नहीं की गई कि वहां जाना ही है। इसे लेकर आपत्तिजनक बयान देना कतई उचित नहीं है। दरअसल हासिए पर पड़े कुछ नेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ऐसी बकवास करते हैं। भले ही इससे उनकी पार्टी का भट्टा बैठ जाये।

बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक

सुरंग में कई घंटे से खड़ी हाईजैक ट्रेन, 182 यात्री कैद, 20 सैनिकों की हत्या

■ जाफर एक्सप्रेस को हथियारबंद लोगों ने सुरंग नंबर आठ के पास रोका

■ एयर स्ट्राइक की तैयारी में पाकिस्तान

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक ट्रेन को हाईजैक कर लिया है। बीएलए के अनुसार, 182 यात्रियों को बंधक बनाया गया है और दावा किया जा रहा है कि अब तक 20 पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। साथ ही एक ड्रोन को भी मार गिराया है। ट्रेन को हाईजैक करने के बाद बीएलए ने जारी किए अपने बयान में शहबाज सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाक आर्मी उनके खिलाफ एक्शन लेती है तो वह सभी बंधकों को मार देंगे।

जाफर एक्सप्रेस में छह घंटे से बंधक बने हैं 182 यात्री: बलूचिस्तान में बीएलए ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया है। ट्रेन पर सवार 182 यात्रियों को बीएलए ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीएलए की मांगें?

बीएलए लंबे समय से बलूचिस्तान की आजादी की मांग कर रहा है। बीएलए की मांग है कि बलूचिस्तान में पाकिस्तान की किसी भी सुरक्षा एजेंसी के लोग नहीं होने चाहिए। साथ ही चीन के साथ चल रहे सभी सीपीईसी प्रोजेक्ट्स भी हटाए जाएं।

बीएलए ने पाक के ग्राउंड फोर्स को खदेड़ा

पाकिस्तानी ग्राउंड फोर्स ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने की कोशिश की, लेकिन बीएलए के लड़ाकों ने उन्हें खदेड़ दिया। बताया जा रहा है कि भीषण संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा और वो ट्रेन पर नियंत्रण पाने में फेल हो गए।

'क्वेटा से निकली थी ट्रेन'

वहीं, रेलवे अधिकारियों का कहना है कि 9 कोच वाली जाफर एक्सप्रेस में सवार 450 यात्रियों और कर्मचारियों से कोई संपर्क स्थापित नहीं हो पाया है। ये ट्रेन सुबह 9 बजे क्वेटा से रवाना हुई थी। आपको बता दें कि ये घटना तेज होते बलूच विद्रोह को उजागर करती है, क्योंकि बीएलए लगातार रणनीतिक परिसंपत्तियों और उच्च-स्तरीय सैन्य कर्मियों को निशाना बना रहा है।

आर्मी ऑपरेशन किया तो बंधकों को मार देंगे

बीएलए की शहबाज सरकार को चेतावनी

नई दिल्ली/ए.। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक ट्रेन को हाईजैक कर लिया है। इस ट्रेन में 400 से ज्यादा यात्री सवार हैं। ट्रेन को हाईजैक करने का बाद बीएलए ने जारी किए अपने बयान में शहबाज सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाक आर्मी उनके खिलाफ एक्शन लेती है तो वह सभी बंधकों को मार देंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अब तक पाक आर्मी के 6 कर्मी मारे जा चुके हैं। हालांकि, इस घटना पर पाक सेना-पुलिस की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है। बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जेयंद बलूच ने कहा, 'बलूच लिबरेशन आर्मी ने मश्कफ, धादर, बोलन में एक सुनियोजित ऑपरेशन को अंजाम दिया है, जहां हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया है, जिससे जाफर एक्सप्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने उप निरीक्षक अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी में उप निरीक्षक संवर्ग के 840 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि राज्य में पुलिस बल की क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पुलिस का कार्य केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण निर्मित हो, यह सुनिश्चित करना भी पुलिस विभाग की महती जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल का कार्य लोगों के बीच शांति, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देना भी है। सीएम साय ने कहा कि राज्य सरकार साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

इंडसइंड के झटके से उबरकर सपाट बंद हुआ बाजार

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को सपाट बंद हुए। इंडसबैंक में भारी बिकवाली के कारण शुरुआती दौर में कमजोर पड़ा सेंसेक्स आखिरी सत्र में रिकवर करने में सफल रहा। सोमवार को सेंसेक्स 12.85 (0.01प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 74,102.32 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 37.61 (0.17प्रतिशत) अंक चढ़कर 22,497.90 के स्तर पर हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयर 27 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इंफोसिस के शेयर भी दो फीसदी तक टूट गए।

जल्द जारी होंगे 100 और 200 के नए नोट : आरबीआई

मुंबई, (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा : नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत का आरोप

चार हजार महिलाओं को नहीं मिल रहा महतारी वंदन योजना का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की लाखों महिलाओं को नहीं मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि महतारी वंदन योजना के नाम से चुनाव जीते हैं, लेकिन महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। एक ही क्षेत्र में 4 हजार महिलाओं को लाभ नहीं मिला है। पूरे प्रदेश में लाखों महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। भूपेश बघेल के निवास पर छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों से बदसलूकी, गाड़ियों में तोड़फोड़ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज किए जाने पर डॉ. महंत ने कहा कि गिरफ्तारी हो रही है, तो सामान्य व्यवस्था है। हम आक्रोश व्यक्त करेंगे, हमने आक्रोश व्यक्त किया। हमने गाड़ी में धक्का-मुक्की की। यह सामान्य आक्रोश है।

भूपेश बघेल ने उठाव के अतिरिक्त धान-चावल के इस्तेमाल पर दागे सवाल

खाद्य मंत्री ने बताया- जल्द करेंगे फैसला

विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाव के अतिरिक्त धान-चावल के इस्तेमाल का प्रश्न उठाया। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि सरकार इस पर जल्द निर्णय लेगी। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इस पर कहा कि पिछली सरकार जो व्यवस्था करती थी, वही यह सरकार भी करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अपने प्रश्न की शुरुआत खरीफ वर्ष 2024- 25 में केंद्रीय पुल में धान उठाव और चावल जमा करने से की। इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि 69.72 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य है, जिसके एवज में अब तक 9 लाख मीट्रिक टन जावल जमा किया गया हैं। कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने संजारी बालोद में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 2024-25 में समर्थन मूल्य पर मेरे विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 22 लाख 500.48 टन धान ख़रीदी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धान निष्पादन पर स्थगन प्रस्ताव लेकर आया विपक्ष, वॉकआउट

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के 11वें दिन धान निष्पादन पर विपक्ष स्थगन प्रस्ताव लेकर आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ। चरण दास महंत ने धान की नीलामी से प्रदेश को 8 हजार करोड़ रुपए के नुकसान की बात उठाई। स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा नहीं होने पर विपक्ष ने वॉकआउट किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्थगन प्रस्ताव पर कहा कि सरकार ने स्वीकार किया कि धान की नीलामी होगी। पिछले समय भी धान का निष्पादन नहीं हो पाया था। धान नीलामी से छत्तीसगढ़ को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खरगे के बयान के बाद राज्यसभा में जमकर हंगामा

नई दिल्ली (ए.)। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान मंगलवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उपसभापति हरिवंश को कुछ ऐसा कह दिया, जिसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। इसके लिए भाजपा ने उन पर जमकर निशाना साधा और माफी की मांग की। मामला बढ़ता देख मल्लिकार्जुन खड़गे ने माफी भी मांग ली। उन्होंने हाथ जोड़कर सफाई दी। उन्होंने आसन को संबोधित करते हुए कहा कि आपको नहीं, सरकार को ठोकेंगे। हम सरकार की बात कर रहे थे।

मॉरीशस का सर्वोच्च पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने पीएम मोदी

■ बोले- यह ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान

पोर्ट लुईस/वार्ता। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है। मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मॉरीशस के पीएम ने अभी घोषणा की है कि वे मुझे अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करेंगे।

जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण और उनका समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता : साय

■ जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद की पुनर्गठन पश्चात पहली बैठक विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण, शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक उन्नयन, प्रशासनिक सुधार और संस्कृति संरक्षण से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने परिषद की पहली बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जनजाति समुदाय की जनसंख्या 32 प्रतिशत है, और उनका समग्र विकास हमारे राज्य की प्राथमिकता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

जवाबी कार्रवाई : अमन तेलीबांधा में कारोबारी पर गोली चलाने के मामले में जेल में था बंद

गैंगस्टर अमन साव का पुलिस एनकाउंटर

■ ग्राउंड जीरो पर भारी पुलिस बल तैनात



रांची/रायपुर/नवप्रदेश। झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। अमन राजधानी के तेलीबांधा में कारोबारी पर गोली चलाने के मामले में उसका नाम सामने आने के बाद रायपुर की जेल में बंद था।

बीते दिनों झारखंड के हजारीबाग में एनटीपीसी अधिकारी की हत्या के मामले में उसकी संलिप्तता सामने आई थी, जिसके चलते रांची पुलिस उसे रायपुर से झारखंड ले जा रही थी। इसी दौरान पलामू के चैनपुर के पास अमन गैंग के सदस्यों ने पुलिस काफिले पर बम से हमला कर दिया।

हमले के दौरान अमन साव ने मौके का फायदा उठाकर एसटीएफ जवान से इंसास राइफल लूट ली और भागने लगा। पुलिस ने तुरंत पीछा किया, लेकिन इस दौरान अमन के साथियों ने फिर से पुलिस पर हमला कर दिया। हालांकि, एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में वह ढेर हो गया। अमन साव से मुठभेड़ के दौरान हवलदार राकेश कुमार घायल हो गए, जिन्हें मेदिनीनगर के एमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ग्राउंड जीरो की तस्वीरें सामने आई हैं।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े थे अमन गैंग के तार

अमन साव का नाम कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से भी जोड़ा जाता था। सूत्रों के मुताबिक, अमन लॉरेंस को गुर्गे सप्लाई करता था और बदले में हाईटेक हथियार प्राप्त करता था। रायपुर के तेलीबांधा इलाके में बिल्डर के कार्यालय पर 13 जुलाई को हुई फायरिंग के मामले में भी अमन के गैंग का नाम सामने आया था।

मनरेगा को लेकर सत्तापक्ष से भिड़े कल्याण बनर्जी, बोले-आपको मंत्री किसने बनाया?

नई दिल्ली(ए।)। मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय काफी हंगामा देखने को मिला, जब टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी सत्ता पक्ष से भिड़ गए। दरअसल मनरेगा फंड को लेकर कल्याण बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को लेकर ऐसी टिप्पणी की, जिस पर सत्ता पक्ष ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। लोकसभा अध्यक्ष ने किसी तरह मामले को संभाला।

टीएमसी सांसद ने मनरेगा फंड का उठाया मुद्दा: लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने सवाल किया कि मनरेगा योजना के लाभ उनके राज्य पश्चिम बंगाल को क्यों नहीं मिल रहे हैं। कल्याण बनर्जी ने कहा कि लगातार मंत्रालय कह रहा है कि 25 लाख फर्जी मामलों का पता चला है। हम कह रहे हैं कि अगर फर्जी मामलों का पता चला है तो कार्रवाई करें, जांच करें और जो गिरफ्तार किए जाते हैं, उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाए, लेकिन आप 25 लाख ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मॉरीशस पहुंचे पीएम मोदी, राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, भारत के लिए अहम रक्षा से शिक्षा तक

पोर्ट लुईस(ए.)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंच गए। यहां मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम समेत सभी मंत्री उनके स्वागत के लिए पहुंचे। पीएम ने एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सबसे पहले स्वागत के लिए जुटे प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। इस दौरान यहां रहने वाली महिलाओं ने बिहारी संगीत गाकर पीएम का स्वागत किया। आज मॉरीशस में कुछ कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद 12 मार्च को पीएम मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। मजेदार बात यह है कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस का भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से जुड़ाव है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि भारत और मॉरीशस का ऐतिहासिक रिश्ता क्या रहा है? अफ्रीकी महाद्वीप पर स्थित एक देश में भारतवंशियों की आबादी कैसे बस गई और इनकी संख्या कितनी है? इसके अलावा मॉरीशस का इतिहास क्या है और यहां के राष्ट्रीय दिवस का महात्मा गांधी से क्या संबंध है?

भारत और मॉरीशस के रिश्ते कितने अहम हैं?

भारत और मॉरीशस का ऐतिहासिक रिश्ता क्या रहा है? अफ्रीकी महाद्वीप पर स्थित एक देश में भारतवंशियों की आबादी कैसे बस गई और इनकी संख्या कितनी है? इसके अलावा मॉरीशस का इतिहास क्या है और यहां के राष्ट्रीय दिवस का महात्मा गांधी से क्या संबंध है? भारत और मॉरीशस के रिश्ते कितने अहम हैं? मॉरीशस का इतिहास क्या है?

मॉरीशस पूर्वी अफ्रीका में मौजूद एक देश है, जो कि भारत हिंद महासागर के जरिए भारत से सीधे तौर पर जुड़ता है। लोकेशन के हिसाब से यह पश्चिमी हिंद महासागर में आता है। इसके चलते कूटनीतिक तौर पर भी ये देश भारत के लिए काफी अहम है। मौजूदा समय में मॉरीशस की 12 लाख की आबादी में से करीब 70 फीसदी जनसंख्या भारतवंशियों की है। वहीं, मॉरीशस में धर्मों की बात करें तो यहां हिंदू धर्म को मानने वाले करीब 48 प्रतिशत हैं, इसके बाद 32 फीसदी ईसाई, 18 फीसदी मुस्लिम और 1.6 फीसदी अन्य धर्म के लोग हैं। भारत ने ब्रिटिश शासन से आजादी आजादी मिलने के बाद जिन देशों से राजनयिक रिश्ते शुरू किए, उनमें मॉरीशस सबसे अहम रहा। दोनों देशों के संबंध 1948 में शुरू हुए थे। इसके बाद 1968 में जब मॉरीशस को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली, तब इस देश में दो राजनीतिक परिवारों का उदय हुआ। इनमें एक रामगुलाम परिवार और दूसरा जुगनाथ परिवार रहा। जहां रामगुलाम परिवार से शिवुसागर रामगुलाम और उनके बेटे नवीन रामगुलाम ने मॉरीशस की सत्ता संभाली, वहीं जुगनाथ परिवार से अनिरुद्ध जुगनाथ और उनके बेटे प्रवींद ने प्रधानमंत्री पद लिया।

महात्मा गांधी से क्या जुड़ाव?

मॉरीशस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस राष्ट्रीय दिवस समारोह में हिस्सा लेने गए हैं, उसका भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से सीधा जुड़ाव है। दरअसल, 1901 में जब महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका में नस्लीय भेदभाव के खिलाफ सफलतापूर्वक आंदोलन कर के भारत लौट रहे थे, तब वे कुछ समय के लिए मॉरीशस में भी रुके थे। इस दौरान उन्होंने ब्रिटिश शासन वाले मॉरीशस में बसे भारतवंशियों से बात की थी और उन्हें बदलाव के तीन संदेश दिए थे। इसके तहत गांधी ने भारतीयों को शिक्षा का महत्व, राजनीतिक सशक्तीकरण और भारत से जुड़े रहने का मंत्र दिया था।

बिहारियों से किस तरह है मॉरीशस का कनेक्ट

गौरतलब है कि मॉरीशस में जब प्रधानमंत्री मोदी उतरे तो भारतवंशियों ने उनका स्वागत भोजपुरी गीत गाकर किया। इससे जुड़ा वीडियो सामने आने के बाद मॉरीशस के बिहार और बिहारियों से जुड़ाव को लेकर सवाल पूछे जाने लगे। हालांकि, मजेदार बात यह है कि मॉरीशस की पूरी आबादी, देश के विकास और राजनीति में बिहार और बिहारियों की अहम भूमिका है। दरअसल, इस देश में जब फ्रेंच और ब्रिटिश शासन के दौरान गिरमिटिया मजदूर भारत से लाए जा रहे थे, तो उनमें एक बड़ा तबका बिहार से ही जुड़ा था। यहां तक कि मॉरीशस में स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले और देश के पहले प्रधानमंत्री शिवुसागर रामगुलाम खुद बिहार से मॉरीशस पहुंचे एक प्रवासी के बेटे थे। मौजूदा समय में उनके बेटे नवीन रामगुलाम ही मॉरीशस के प्रधानमंत्री हैं।

सूर्यघर बिजली योजना से हर परिवार को होगा 15 लाख रुपये का लाभ : जोशी

नई दिल्ली (वार्ता)। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में सोलर पावर को बढ़ावा देने और शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से शुरू की गयी प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना से 25 वर्षों में हर परिवार को 15 लाख रुपये का लाभ होगा। श्री जोशी ने प्रश्नकाल में एक पूरक प्रश्न के उत्तर तक यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूफटॉप सोलर के लिए 30 हजार रुपये प्रति किलोवॉट का अनुदान दिया जाता है और तीन किलोवाट के लिए अधिकतम 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त 85 हजार रुपये तक बैंक से ऋृण दिया जाता है। इसका किश्त 610 रुपये मासिक आता है, लेकिन इससे 1265 रुपये की मासिक और 15185 रुपये वार्षिक आय होती है। प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत 25 वर्षों के लिए 300 यूनिट मासिक निशुल्क बिजली दी जा रही है। इस तरह से 25 वर्षों में 15 लाख रुपये का लाभ होगा।

यूडीएफसांसदों का आशा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन

नई दिल्ली (वार्ता)। केरल से यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट सांसदों ने आज संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया और आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने की सरकार से मांग की। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यूडीएफसांसद संसद भवन परिसर में एकत्रित हुए और आशा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारी सांसद हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए आशा वर्कर्स का वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी यूडीएफसांसदों ने आशा कार्यकर्ताओं के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के दौरान उनका मानदेय 21,000 रुपये करने और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में उन्हें पांच लाख देने की मांग की।

झारखंड के लॉरेंस की पूरी क्राइम कुंडली

रांची का लड़का कैसे बन गया डॉन, मुठभेड़ में ढेर

रांची/नवप्रदेश। झारखंड के पलामू जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर अमन साहू को मार गिराया। यह मुठभेड़ उस समय हुई जब गैंगस्टर अमन साव के गिरोह के सदस्य उसे पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश कर रहे थे।राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने एक दिन पहले कहा था कि झारखंड में अधिकतर अपराध की साजिशें जेलों के अंदर रची जाती हैं और आपराधिक गिरोहों की मदद से उसे अंजाम दिया जाता है। उनके इस बयान के एक दिन बाद यह घटना सामने आई है। झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में मारा गया है। गैंगस्टर अमन साहू को झारखंड पुलिस छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल से पूछताछ के लिए रिमांड पर रांची ला रही थी। इसी दौरान उसने एसटीएस जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने लगा।

वहीं जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे गोली मारी। अमन साहू पर रायपुर में रंगदारी के दो मामले दर्ज थे। वो

राइफल छीनकर भागा तो मारा गया गैंगस्टर अमन साहू

यह घटना मंगलवार की सुबह पलामू में हुई है। जब अमन साहू को रांची पुलिस की टीम रायपुर से पूछताछ के लिए रिमांड पर रांची ला रही थी। जानकारी के मुताबिक, रांची जाने वक्त पुलिस की गाड़ी पलामू में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तभी अमन साहू पुलिस का हथियार छीनकर भागने लगा। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने उसे एनकाउंटर में मार गिराया।

पिछले साढ़े तीन महीने से रायपुर जेल में था। जानकारी के मुताबिक, 40 पुलिसकर्मियों की टीम अमन साहू को झारखंड से प्रोडक्शन वारंट पर 14 अक्टूबर को रायपुर लेकर आई थी। अमन साहू पर रायपुर में दो मामले दर्ज थे। छत्तीसगढ़ के कारोबारी प्रह्लाद राय अग्रवाल की कार पर फायरिंग केस में अमन साहू मुख्य आरोपी है। इसके अलावा पीआरए इंफ्रा कंपनी के सामने फायरिंग हुई थी, जिसमें भी अमन साहू का हाथ था।

कौन था अमन साहू?

डीजीपी ने सोमवार को कहा था, ''तीन गैंगस्टर - विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और अमन साव - जेलों के अंदर से आपराधिक साजिशों को अंजाम दे रहे हैं। सिमडेगा और हजारीबाग जेलों में छापेमारी की गई है।''

सरकार ने घटना को सही ठहराया

झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की घटना को जायज ठहराते हुए राज्य सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा है कि अगर किसी अपराधी का मनोबल इतना बढ़ जाए कि वह राज्य की पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौती बन जाए तो निश्चित रूप से उसका यही हश्र होना चाहिए। मंगलवार को झारखंड विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए झारखंड के नगर विकास, उच्च शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य में हर हाल में 'रूल ऑफ लॉ' ही चलेगा। यहां की धरती पर कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सरकार विधिसम्मत कार्रवाई करेगी।

हेमलाल मुर्मू ने कहा- अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा था

झामुमो के वरिष्ठ विधायक हेमलाल मुर्मू ने भी गैंगस्टर अमन साहू के मुठभेड़ में मारे जाने की घटना को उचित बताया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि अमन साहू कई आपराधिक घटनाओं में शामिल था। वह लॉरेंस बिश्नोई के गैंग से भी जुड़ा था। अगर हेमंत सरकार ऐसे लोगों का खात्मा कर रही है तो यह बड़ी बात है। आज तक तो योगी ने ही ऐसा किया था। अब झारखंड में भी यही होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि हमारा मॉडल योगी वाला नहीं, बल्कि अपना है।

3 महीने से रायपुर जेल में था अमन

पलामू जिले के चैनपुर के अंधारी ढोडा के पास झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर अमन साहू को गोली मारी गई है। अमन साहू पिछले तीन महीने से रायपुर के जेल में बंद था। रांची के बरियातू में कोयला कारोबारी पर हुए हमले और हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर मामले में पूछताछ करने अमन साहू को रांची लाया जा रहा था।

'ऐसे मुद्दों को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं, 'अधिकारियों का गलत इस्तेमाल' : मायावती

लखनऊ। होली साल में एक बार आती है और जुम्मा साल में 52 बार आता है। अगर किसी को रंग से परहेज है तो वह घर से बाहर न निकलें। होली के दिन घर से ही नमाज अदा करें।।। उत्तर प्रदेश के संभल के सीओ अनुज चौधरी के होली और जुम्मे पर दिए गए इस बयान ने देश की सियासत में नई बहस छेड़ दी है। सीओ अनुज चौधरी के बयान को लेकर विपक्ष योगी सरकार को घेर रहा है। अनुज चौधरी के बयान पर अब बसपा की प्रमुख मायावती की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट किया है और कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। मायावती ने पोस्ट करते हुए लिखा, जैसा कि विदित है कि इस समय रमज़ान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनज़र रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए तो यह सभी के हित में होगा। मायावती मे आगे लिखा अर्थात् इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी। सम्भल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

'किसी समुदाय का पक्ष नहीं लेना चाहिए'

इससे पहले कांग्रेस नेता उदित राज ने सीओ अनुज चौधरी के इस बयान पर आपत्ति जताई थी। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा, किसी भी अधिकारी को किसी समुदाय का पक्ष नहीं लेना चाहिए। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा, होली-जुम्मे को लेकर जिस तरह से संभल के सीओ अनुज चौधरी ने बयान दिया है। यह दर्शाता है कि वह एक समुदाय का पक्ष ले रहे हैं। जबकि, ऐसा नहीं होना चाहिए। अधिकारी को बिना किसी पक्षपात के रहना चाहिए। लेकिन, इनके बयान से ऐसा प्रतीत नहीं होता है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202503100700032/
विषयः अ-6/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

दुर्ग प.ह.न. 00019(314/27(0.0140 हे)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - श्रीमती मनोज चंद्राकर/ अनावेदक पक्षकार- फागेश्वरी बाई उर्फ अहिल्या बाई ध.प. ओंकार।

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती मनोज चन्द्राकर पति परमानंद चन्द्राकर निवासी मोहन नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1314/27 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि जो कि वसीयतकर्ती श्रीमती फगेश्वरी बाई उर्फ अहिल्या बाई पति ओंकार प्रसाद चन्द्राकर वासी ग्राम बोरवाय पोस्ट जामगांव आर, तहसील पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में वर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ती श्रीमती फगेश्वरी ई उर्फ अहिल्या बाई पति ओंकार प्रसाद चन्द्राकर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 26/07/2013 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु हो ने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो तिथि दिनांक 24.09.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में आपनी आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त समयावधि पश्चात आपकी आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती उर्मिला मिरे पति स्व. श्री सुशील कुमार मिरे उम्र 32 वर्ष, निवासी, एम.आइ.जी. 16 सी-2 सुभाष नगर कोसाबाडी कोसाबाडी कोरबा, हाल मुकाम, क्रा, नं सी-106, हाउसिंग बोर्ड रायपुर नाका दुर्ग जिला- दुर्ग, (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि यह कि, मैं उपरोक्त दर्शाये पते की निवासी हूँ। मेरे मेरे पुत्र घनश्याम मिरे का जन्म दिनांक 28/01/2010 को हुआ है, जिसकी उम्र वर्तमान में 13 वर्ष है, और मेरे पति स्व, श्री सुशील कुमार मिरे की मृत्यु दिनांक 13/09/2014 को हो चकी है, इसलिए मैं माता होने के कारण से यह शपत पत्र मेरे पुत्र घनश्याम गिरे का सरनेम सुधारवाने हेतु पस्तूत कर रही हूं। मेरे पुत्र घनश्याम मिरे वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहा है. मेरे पुत्र घनश्याम मिरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में घनश्याम मिरे दर्ज हो गया है, एवं जन्म प्रमाण पत्र में माता पिता के नाम के आगे सरनेम मिरी दर्ज हो गया है। मेरे मेरे पुत्र घनश्याम मिरे के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो मार्कशीट, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण प्रत्र में मेरे पुत्र का नाम घनश्याम बाबा आ स्व. श्री सुशील कुमार मिरे माता श्रीमती उर्मिला मिरे दर्ज किया जावे। मेरे पुत्र घनश्याम मिरे एवं घनश्याम बाबा दोनो एक ही है, अर्थात मेरे पुत्र का नाम है। यह कि भविष्य में मैं अपने घनश्याम मिरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो मार्कशीट में घनश्याम मिरे के स्थान पर घनश्याम बाबा स्व, श्री सुशील कुमार मिरे माता श्रीमति उर्मिला मिरे का नाम दर्ज करवाना चाहती हूँ। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र पस्तुत है। अतः यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में गजट मे प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती — उर्मिला मिरे

नाम-परिवर्तन

मैं रमेश कुमार साहू उम्र 25 वर्ष श्री ओमप्रकाश साहू जाति तेली निवासी ग्राम व पोस्ट निकुम तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का रहने वाला हूं, जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूं कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

यह कि मैं भारतीय सेना जैसलमेर (राजस्थान) में पदस्थ हूं। आर्मी नम्बर -15630550एफ है। यह कि मेरी माता श्रीमती अंगोत्री साहू का आधार कार्ड पंजीयन हुआ है जिसका पंजीयन 4566 2486 3898 है जिसमें उनका नाम श्रीमती अंगोत्री साहू दर्ज है जो कि सही व सत्य है।

यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम अंगोत्री बाई दर्ज है। यह कि अंगोत्री साहू एवं अंगोत्री बाई ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति महिला का नाम है जो कि मेरी माता का नाम है कि किसी अन्य व्यक्ति महिला का नाम नहीं है।

यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम श्रीमती अंगोत्री साहू सुधार कर दर्ज किये जाने के संबंध में श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

शपथकर्ता — रमेश कुमार साहू

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता चन्दन प्रसाद आ. श्री राम प्रसाद, आयु 55 वर्ष निवासी- 166, वार्ड नं. -33, बापू नगर, सेक्टर-11, जोन-2, खुर्सीपार भिलाई, थाना खुर्सीपार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा पुत्र नीरज कुमार आ. चन्दन प्रसाद की जन्मतिथि- 19/01/2012 है। यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्यालय नगर निगम भिलाई से जारी किया गया है, जिसका पंजीयन क्रमांक- 003032015004102 दिनांक-01/05/2015 है, उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम नीरज कुमार आ. चन्दन प्रसाद दर्ज है एवं मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम नीरज कुमार आ. चन्दन प्रसाद दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मेरे पुत्र कक्षा सातवीं में शासकीय प्रा. शाला वापू नगर, सेक्टर-11 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग में अध्ययनरत् है, मेरे पुत्र के पूर्व के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में उसका नाम नीरज कुमार गंजा आ. चंदन कुमार गंजा दर्ज हैं। यह कि नीरज कुमार गंजा आ. चंदन कुमार गंजा एवं नीरज कुमार आ. चन्दन प्रसाद ज़ दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरा व मेरे पुत्र का ही नाम है। यह कि मैं अपने पुत्र के भविष्य के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त शासकीस, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में उसका सही नाम नीरज कुमार आ. चन्दन प्रसाद दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता — चन्दन प्रसाद

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104100133

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी टी.बी.एस बंछोर पिता/पति दुर्गाप्रसाद बंछोर पता कादम्बरी नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 715/38 (0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजेश मैक्लीन पिता/पति मैक्लीन बंजामिन पता शक्तिनगर अम्बिकापुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00023 खपरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430100400002

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम खपरी के वर्तमान भूमिस्वामी शंकर पिता/पति धिराज पता खपरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 94/3(0.1800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गोवर्धन साहू पिता/पति स्व. शंकरलाल साहू पता म.न. 108 दुर्गा चौक रसमडा खपरी जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430110400023

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी चंद्रशेखर साहू पिता/पति अनुजराम पता, अशोक कुमार साहू पिता/ पति अनुजराम पता, विष्णुप्रसाद पिता/पति अनुजराम पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 567(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता विष्णुप्रसाद पिता/पति अनुजराम पता, श्रीमती रुखमणी साहू पिता/पति स्व. चंद्रशेखर साहू पता शांतिनगर डुण्डेरा, डिकेश्वर साहू पिता/पति स्व. चंद्रशेखर साहू पता शांतिनगर डुण्डेरा, युवराज साहू पिता/पति स्व. चंद्रशेखर साहू पता शांतिनगर डुण्डेरा, अशोक कुमार साहू पिता/पति अनुजराम पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430110400022

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी चंद्रशेखर साहू पिता/पति अनुजराम पता, अशोक कुमार साहू पिता/ पति अनुजराम पता, विष्णुप्रसाद पिता/पति अनुजराम पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 568(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता युवराज साहू पिता/पति स्व. चंद्रशेखर साहू पता मरोदा सेक्टर सिविक सेंटर भिलाई, अशोक कुमार साहू पिता/पति अनुजराम पता डुण्डेरा, श्रीमती रुखमणी साहू पिता/पति स्व. चंद्रशेखर साहू पता मरोदा सेक्टर सिविक सेंटर भिलाई, डिकेश्वर साहू पिता/पति स्व. चंद्रशेखर साहू पता मरोदा सेक्टर सिविक सेंटर भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511117523

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी रामकुमार देवांगन पिता/पति स्व. खेदूप्रसाद देवांगन पता शंकरनगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1263/35(0.0050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पवन कुमार देवांगन पिता/पति स्व. खेदूप्रसाद देवांगन पता शंकरनगर दुर्ग, विजय कुमार देवांगन पिता/पति स्व. खेदूप्रसाद देवांगन पता शंकरनगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी.202425430110400020

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी दीपक कुमार नाबा. पिता/पति नुमन कुमार पि. नूमन कुमार पि. फिरतूराम पता डुण्डेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 671/2(0.6000), 719/13 (0.5400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता दीपक कुमार पिता/पति नुमन कुमार पता सलोनी तहसील अभनपुर जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06ह्य.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00026 चंगोरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107900005

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम चंगोरी के वर्तमान भूमिस्वामी नरेन्द्र पिता/पति जंगलू पता चंगोरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 55/2(0.2800), 358/1(0.0470), 322/1(0.0850), 358/3(0.0460), 358/2(0.0470), 410(0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोहिनी निषाद पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार पता जामरी तह. व जिला राजनांदगांव, चमेली बाई पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार पता चंगोरी, हितेन्द्र निषाद पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार पता चंगोरी, गोवर्धन निषाद पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार पता चंगोरी, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00053 धनोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511215108

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00053 के अंतर्गत ग्राम धनोरा के वर्तमान भूमिस्वामी कल्पना जैन पिता/पति फत्तेचंद जैन उर्फ फतुचंद जैन पता बालोद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 680/6(0.0214), 680/5(0.0223) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गोदावरी यादव पिता/पति दयालु यादव पता भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00053 धनोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511215109

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00053 के अंतर्गत ग्राम धनोरा के वर्तमान भूमिस्वामी कल्पना जैन पिता/पति फत्तेचंद जैन उर्फ फतुचंद जैन पता मकान नं. 149 वार्ड नं. 04 नयापारा बालोद तह. व जिला बालोद, ज्योति जैन पिता/पति कमलेश जैन पता एलआईजी 150 प्रथम तल हुड्डा कालोनी अत्तापुर राजेन्द्र नगर केवी रंगारेड्डी तेलंगाना के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 680/7(0.0223) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गोदावरी यादव पिता/पति दयालु यादव पता भाठापारा रुआबांधा बस्ती भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00037 चंदखुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- एम.डी.202425430107500018

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम चंदखुरी के वर्तमान भूमिस्वामी कमल किशोर गांधी पिता/पति अमृतलाल गांधी पता बी/31 वार्ड 54 महेश कालोनी पुलगांव दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1453/5(0.0445) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सविता गांधी पिता/पति कमल किशोर गांधी पता बी/31 वार्ड 54 महेश कालोनी पुलगांव दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00037 चंदखुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- एम.डी.202425430107500019

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम चंदखुरी के वर्तमान भूमिस्वामी कमल किशोर गांधी पिता/पति अमृतलाल गांधी पता बी/31 वार्ड 54 महेश कालोनी पुलगांव दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1453/5(0.0441) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पूजा मुंदड़ा पिता/पति ईश्वरदास मुंदडा पता फ्लैट नं. 101 उषा हाईट्स श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00037 चंदखुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- एम.डी.202425430107500017

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम चंदखुरी के वर्तमान भूमिस्वामी कमल किशोर गांधी पिता/पति अमृतलाल गांधी पता बी/31 वार्ड 54 महेश कालोनी पुलगांव दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1453/5(0.0445) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता उषा गांधी पिता/पति अमृतलाल गांधी पता बी/31 वार्ड 54 महेश कालोनी पुलगांव दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

अलग-अलग क्षेत्रों से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ईसिता पैराडाईज तेलीबांधा निवासी अशोक मिश्रा 68 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केसी 8898 को नगर निगम गार्डन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। तामासिवनी रोड ग्राम भूरका के पास ट्रैक्टर के इंजन में बैठा युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में गोबरानवापारा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिवकुमार निषाद 37 वर्ष टीला नवापरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह ट्रैक्टर चालक तेजराम चक्रधारी के साथ ट्रैक्टर में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी तामासिवनी रोड के ग्राम भूरका के पास शिवकुमार ट्रैक्टर के इंजन से नीचे गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट आई। जिससे उसकी मौत हो गई।

बाइक की हैंडल पर लटका बैग पार

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा नेवरा स्थित सरकारी अस्पताल के पार्किंग में खड़ी बाइक के हैंडल में टंगे बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बैग में नकदी सहित हजारों रुपए का सामान था। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बसंता रात्रे 50 वर्ष शीतलापारा हथबंद की रहने वाली है।

नवा रायपुर से सटे गांवों को मॉडल बनाने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत नवा रायपुर के गांव को मॉडल गांव बनाने हेतु नवा रायपुर में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार नवा रायपुर के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों को मॉडल गांव बनान हेतु दिनांक 10 मार्च को मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एनआरडीए, यूनिसेफ, वॉटर एड, नेहरू युवा केन्द्र संगठन कलिंगा यूनिवरसिटि डावरा यूनिवरसिटि के प्रतिनिधि एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अभनपुर प्रतिभाग किया गया बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सभी राज्य सलाहकारों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया, बैठक की संचालन अभिलाषा आनंद द्वारा किया गया।

जिला समन्वयक, स्वछ भारत मिशन ग्रामीण, रायपुर द्वारा संबन्धित ग्राम पंचायतों किए गए कार्य के संबंध में प्रस्तुति करण किया गया। बैठक में शासन के मनसा अनुरूप नवा रायपुर के गांव को स्वच्छता के क्षेत्र में मॉडल बनाने में सभी की सहयोग हेतु चर्चा किया गया। चयनित पंचायतों में निरतंर सफाई, घर घर कचरा संग्रहण, प्रचार-प्रसार गतिविधि, नुक्कड नाटक, स्वच्छाग्रहियों को प्रशिक्षण , हेल्थ कैंप स्कुल रैली, शौचालय के निरतंर उपयोग, श्रमदान, स्वच्छता अभियान का आयोजन कर गांव को स्वच्छ-सुंदर गांव बनाने हेतु सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता के संबंधित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन से संबंधित चर्चा किया गया। मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा आगामी 2 माह में इस लक्ष्य को हासिल करने हेतु कार्य योजना निर्माण करने हेतु अनुरोध किया गया।

अटल नगर को आर्ट ऑफ लिविंग की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर के शहरीकरण से अध्यात्म का सफर हो गया है, नवा रायपुर अटल नगर को आर्ट ऑफ लिविंग की सौगात मिली है, सेक्टर 39 के 40 एकड़ में आश्रम बनेगा, यह राज्य में आर्ट ऑफ लिविंग का सबसे बड़ा आश्रम होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में श्री रविशंकर के साथ मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल हुए, इस अवसर पर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन अंकित आनंद एवं सीईओ सौरभ कुमार भी उपस्थित रहे।

पूर्व सीएम बघेल के घर पर छापेमारी के बाद ईडी की गाड़ी पर हुआ था पथराव

कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल समेत 15 से अधिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

■ **ईडी और निजी वाहन चालक की शिकायत पर भिलाई 3 थाने में मामला दर्ज**

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर छापेमारी के बाद ईडी की गाड़ी को रोकने और पथराव करने के मामले में कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल समेत 15 से 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ईडी और निजी वाहन के चालक की शिकायत पर भिलाई 3 थाना पुलिस ने यह मामला दर्ज किया है। ड्राइवर ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि सोमवार को शाम करीब साढ़े चार बजे भूपेश बघेल के घर से निकलते समय करीब 15-20 प्रदर्शनकारियों ने चार पहिया वाहन को रोक लिया और कुछ लोग बोनट पर चढ़ गए। एफआईआर में कहा गया है कि किसी ने पत्थर भी फेंका जो वाहन के आगे के शीशे पर लगा। मामले में पुलिस ने भिलाई निवासी सनी अग्रवाल और 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ दंगा फैलाने [191(2)], गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने (190), स्वेच्छा से सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने (221), सरकारी कर्मचारी पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग (132), गलत तरीके से रोकने [126(2)] और सार्वजनिक संपत्ति विनाश कानून की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है।

ईडी की कार्रवाई पर उठाए थे सवाल

गौरतलब है कि ईडी ने कथित शराब घोटाले के मामले में उनके बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत भिलाई के मानसरोवर कॉलोनी में बघेल के आवास और दुर्ग में 13 अन्य स्थानों पर छापेमारी की थी। सूत्रों के अनुसार, तलाशी करीब आठ घंटे तक चली, जिसके दौरान ईडी ने करीब 33 लाख रुपये नकद और कुछ दस्तावेज जब्त किए। कार्रवाई के दौरान भूपेश बघेल घर पर मौजूद थे। बाद में उन्होंने ईडी की छापेमारी के मकसद पर सवाल उठाए, जबकि कांग्रेस ने कहा कि बघेल के खिलाफ छापेमारी उस दिन सुर्खियों को मैनेज करने की साजिश थी, जब संसद का बजट सत्र फिर से शुरू हुआ और सरकार को कई मुद्दों पर विपक्ष के सवालों का सामना करना पड़ा।

ईडी की छापेमारी को लेकर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी विरोध-प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की छापेमारी के विरोध में आज कांग्रेस पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश बघेल के खिलाफ हुई इस कार्रवाई को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है। शुक्ला ने बताया कि देशभर में ईडी की कार्रवाई की निंदा हो रही है, और छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर आज विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा समन भेजे जाने पर शुक्ला ने कहा कि ईडी ने चैतन्य बघेल को 15 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। कांग्रेस इस कार्रवाई के खिलाफ प्रदेशभर में अपना विरोध जारी रखेगी।

हंगामा छोड़, ईडी की जांच में सहयोग करें भूपेश : साव

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई छापेमारी पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई लंबे समय से चल रही है और यह केवल एक सामान्य जांच प्रक्रिया है, जो ईडी द्वारा तथ्यों के आधार पर की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि ईडी एक संवैधानिक संस्था है, और जांच में सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है, वे केवल जांच एजेंसी ही बता सकती हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि भूपेश बघेल के बेटे को भी ईडी की जांच प्रक्रिया को समझना चाहिए। साव ने कहा कि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, और जो हंगामा इस समय मचाया जा रहा है, वह उचित नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ लोग इस जांच को लेकर गैरजरूरी बवाल खड़ा कर रहे हैं, जबकि यह एक सामान्य और कानूनी प्रक्रिया है।

उनका मानना था कि इस तरह की घटनाओं को लेकर कोई भी उथल-पुथल नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि न्याय प्रक्रिया में मदद करनी चाहिए और जांच में सहयोग देना चाहिए, ताकि सही परिणाम तक पहुंचा जा सके।

केन्द्रीय एजेंसी और भाजपा का पुतला फूंका

इससे पहले, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास सहित विभिन्न स्थानों पर 10 मार्च को छापेमारी की गई। ईडी की इस कार्रवाई के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार, मंगलवार को प्रदेश के जिला स्तर पर केंद्रीय एजेंसी और केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया जाएगा।

सड़क किनारे बोरियों में भरी मिली गौ मांस, गौसेवकों में भड़का आक्रोश

सिमगा-रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में गौतस्करी और गौहत्या चरम पर है आये दिन कोई ना कोई मामला सामने आ ही जाता है, जिससे हिन्दू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचती है, ऐसे ही अब छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के ग्राम बनसांकरा मार्ग में बड़ी मात्रा में सड़क किनारे गायों के मांस बोरियों में भरे मिले है, जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि, गाय के मांस की तस्करी की जा रही थी लेकिन किसी कारण से तस्करों ने इन्हें सड़क पर फेंक दिया। जब गौ सेवकों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने गायों के मांसों को एकत्रित किया और सिमगा पुलिस को सौंपा।

उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर तस्करों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उल्लेखनीय है कि, सिमगा क्षेत्र कबीर साहेब के अनुयायियों का प्रमुख केंद्र है। यहां दामाखेड़ा में हर साल लाखों की संख्या में भक्त आते हैं और हमेशा बड़े मेले का आयोजन किया जाता रहा है। इस घटना के बाद आस्था को ठेस पहुंचाने से लोग काफी आक्रोशित हैं और उन्होंने मांस बिक्री कर गौवंश की तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। राजधानी रायपुर में भी मोमिनपारा में गौमांस की बड़ी मात्रा मिलने पर बड़ा बवाल मचा था।

कलेक्टर ने दिया राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा मे शामिल होने का न्योता

रायपुर । कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज शिक्षार्थियों को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा में सम्मिलित होने हेतु न्योता दिया। ऐसे सभी शिक्षार्थी जिन्होंने साक्षरता कक्षा में 200 घंटे प्रवेशिका के 7 अध्याय की पढ़ाई पूर्ण की है को यह निमंत्रण दिया गया।यह परीक्षा राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा का आयोजन 23 मार्च 2025 दिन रविवार को होगी। इसका समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक शिक्षार्थियों के सुविधानुसार चिन्हांकित केंद्रों में आयोजित की जा रही है। महापरीक्षा में शिक्षार्थियों को शत प्रतिशत सम्मिलित करने हेतु कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने सभी को परीक्षा में सम्मिलित होकर सफल होने हेतु शुभकामनाएं दी।

महिला दिवस पर अनुकृति ओझा साल्वे हुई सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की समाजसेवी संस्था लाहोटी मित्र मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्थानीय वृन्दावन सभागार में सुयश महिला प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए अनेक महिलाओं को सम्मानित किया गया. इनमें अनुकृति ओझा साल्वे भी शामिल थीं, जिन्हें नृत्य आदि के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. मनोज लाहोटी, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. अध्यक्षता डा. श्वेता लाहोटी ने की. इस अवसर पर सविता जग्गी, रविन्द्र सिंह, नन्द कुमार वर्मा, धर्मेंद्र दुर्धा, हीरानंद दुल्हानी, राजेश बरलोटा, राजेंद्र सेठिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संस्था के संरक्षक छबिलाल सोनी द्वारा दिया गया. लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने कार्यक्रम का संचालन किया ।

मोबाइल टावर हटाने की मांग, कलेक्टर से मिले

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी इलाके में स्थानीय लोग नए मोबाइल टावर के लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि मोबाइल टावर लगने से क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर नकरात्मक प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर से मांग की है कि यहां टावर ना लगाया जाए। पूरा मामला गुढ़ियारी के अशोक नगर का है। जहां मोबाइल टावर को लगाने का कार्य जारी है। इस बीच लोगों ने आज नारेबाजी करते हुए इसका विरोध करना शुरू कर दिया। साथ ही

मोबाइल टावर को हटाए जाने की मांग की जा रही है। स्थानीय रहवासी रमाकांत शर्मा ने कलेक्टर से मांग करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र सेवई फेक्ट्री के पास अशोक नगर गुढ़ियारी ए.पी.जे. कलाम वार्ड क्रमांक 19 रायपुर में मोबाइल टावर लग रहा है। जबकि यह एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, अगर यहां मोबाइल टॉवर की स्थापना हो जाती है। तो उसके उच्च रेडियेशन से आस-पास का वातावरण खराब हो जायेगा। वहीं स्थानीय रहवासी कुंदन सिन्हा ने कहा कि घनी आबादी वाला यह पूरा क्षेत्र है। मोबाइल टावर लगाने से बच्चो के साथ-साथ आस-पास के सभी लोगो के मानसिक स्थिती पर भी बुरा प्रभाव अवश्य ही पड़ेगा।

बस्तर की आत्मा थे स्व. बलिराम कश्यप: साय

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद स्व. बलिराम कश्यप की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण नमन।स्व. बलिराम कश्यप जी सही मायनों में बस्तर की आत्मा थे। उनकी सादगी, विनम्रता और नेतृत्व की ताकत ने उन्हें जनता के बीच अमर बना दिया। उनका संघर्ष, सेवा और संकल्प हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उसके जीवन में बदलाव लाए। बलिराम कश्यप (11 मार्च 1936 - 10 मार्च 2011) एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वे भारत की 12वीं , 13वीं , 14वीं और 15वीं लोकसभा के सदस्य थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बस्तर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक दल के सदस्य थे । कश्यप का निधन 10 मार्च 2011 को उनके 75वें जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले हुआ। उन्हें बस्तर के बालासाहेब ठाकरे के नाम से जाना जाता है । बलिराम कश्यप का जन्म 11 मार्च 1936 को भानपुरी, जिला बस्तर में हुआ था। उनके पिता का नाम महादेव कश्यप और माता का नाम राधीबाई कश्यप था। उन्होंने 10 मार्च 1958 को मानकी कश्यप से विवाह किया।

विज्ञान पेपर में नकल कराते पकड़े गए पर्यवेक्षक

रायपुर। माशिमं सचिव पुष्पा साहू के नेतृत्व वाले राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने सोमवार को राजधानी शहर के परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। मंगलवार कक्षा 10वीं की विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र के दौरान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अमलेश्वर की बैठक व्यवस्था भूतल पर बैठक व्यस्था पर्याप्त होने के बाद प्रथम तल में बैठक व्यवस्था रखी गई थी। इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए बैठक व्यवस्था में तत्काल आगामी परीक्षाओं के लिए सुधार करने का आदेश दिया। शासकीय उमाविएम जामगांव, शासकीय उ मा वि सांकरा दुर्ग का निरीक्षण दौरान संतोषप्रद पाया गया। पंडित गिरीजाशंकर मिश्रा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण दौरान अनेक खामियां पाई गई । 02 कक्ष में पर्यवेक्षकों को प्रश्नों के उत्तर बताते हुए पकड़ा । वही 02 पर्यवेक्षक एक ही परीक्षा कक्ष में दोनो डयूटी के दौरान कुर्सी में बैठे मिले।

होली में शांति बनाने 70 से अधिक बदमाशों को दी गई समझाईश

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी होली त्यौहार के दौरान अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा आज अलग-अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत 70 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच में हाजिर किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों की परेड़ ली जाकर उन्हें कड़ाई से समझाईश दी गई, कि वे होली त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की हुडदंगी व उत्पात ना मचाये साथ ही किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त ना रहे तथा उनके साथी जो अपराधों में संलिप्त रहते है, उनके संबंध में भी पुलिस को जानकारी देने कहा गया।

ऐतिहासिक प्रयास | **विष्णुदेव साय सरकार की रामलला दर्शन योजना, श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम**

श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देने रामलला दर्शन योजना की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देने के उद्देश्य से रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की है। यह योजना अयोध्या में भगवान श्रीराम के भक्तों को सुगम दर्शन की सुविधा प्रदान करने का एक ऐतिहासिक प्रयास है।

इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। यह योजना राज्य में आध्यात्मिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ रामभक्तों की धार्मिक आस्था को मजबूत करने का कार्य कर रही है. इससे न केवल छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बल मिलेगा, बल्कि पर्यटन और धार्मिक सौहार्द्र भी बढ़ेगा।

निःशुल्क यात्रा की सुविधा

इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को विशेष ट्रेनों और बसों के माध्यम से अयोध्या भेजा जा रहा है। यह यात्रा पूरी तरह से निःशुल्क होगी, जिसमें आने-जाने का किराया, रहने-खाने की व्यवस्था भी शामिल है।

योजना का उद्देश्य और महत्व

छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम की ननिहाल के रूप में प्रसिद्ध है। वाल्मीकि रामायण और अन्य पौराणिक ग्रंथों में इसे कौशल्यादेवी (भगवान श्रीराम की माता) की जन्मभूमि बताया गया है(यही कारण है कि छत्तीसगढ़ के लोगों में श्रीराम के प्रति गहरी आस्था है।

- विष्णुदेव साय सरकार की रामलला दर्शन योजना का उद्देश्य है-
- श्रद्धालुओं को अयोध्या तक मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करना
- धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना
- आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजना
- राज्य के नागरिकों को राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन का अवसर देना
- सरकार का मानना है कि यह योजना न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे राज्य के पर्यटन, संस्कृति और आध्यात्मिक समृद्धि को भी बल मिलेगा।

सुविचार

गलत पासवर्ड से जब एक छोटा सा मोबाइल नहीं खुलता तो सोचो गलत कर्म करने से स्वर्ग का दरवाजा कैसे खुलेगा। - अज्ञात

महिला वोटरों को साधने की कवायद

देश की आधी आबादी कही जाने वाली महिलाओं के वोट बटोरने के लिए राजनीतिक पार्टियों के बीच प्रतिपस्पर्धा चल रही है। आम आदमी पार्टी की मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं का असर यह हुआ है कि सभी राजनीतिक दल फ्री रेवड़ी कल्चर को आगे बढ़ाने पर बाध्य हो गये हैं। महिला वोटरों को लुभाने के लिए उन्हें हर माह एक हजार रूपये से ढाई हजार रूपये तक सम्मान निधि देने का फॉमूला राजनीतिक पार्टियों के लिए सत्ता के सिघासन पर पहुंचाने में बेहद कारगर सिद्ध हो रहा है। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान महिला सम्मान निधि को लेकर राजनीतिक पार्टियों के बीच होड़ लगी हुई थी। आम आदमी पार्टी ने दो हजार रूपये महीना देने की घोषणा की थी कि जो अपने कार्यकाल के दौरान एक हजार रूपये महीना भी नहीं दे पाई थी। यही नहीं बल्कि जिस पंजाब ने आम आदमी पार्टी की सरकार है। वहां भी वह तीन साल बीत जाने के बाद भी महिलाओं को एक हजार रूपये महीना नहीं दे पा रही है। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनो ने ही महिलाओं को ढाई हजार रूपये महीना देने की घोषणा की थी। लेकिन नई दिल्ली की महिलाओं ने कांग्रेस की घोषणा पर एतबार नहीं किया और भाजपा पर भरोसा जताया। इसकी बड़ी वजह यह है कि भाजपा शासित राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उडीसा जैसे कई राज्यों में महिलाओं को हर माह 1 हजार से 2 हजार रूपये महिना दिया जा रहा है। यह बात अलग है कि नई दिल्ली में भाजपा की घोषणा के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च से सभी पात्र महिलाओं को सम्मान निधि देने का वादा निभाने में असफल रही। इसकी जगह 8मार्च को महिला सम्मान निधि देने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। यही वजह है कि आम आदमी पार्टी की नेत्री और नई दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी भाजपा पर हमलावर हैं और वे भाजपा पर यह आरोप लगा रही हैं कि भाजपा ने नई दिल्ली की महिलाओं के साथ छल किया है। भाजपा का यह वादा भी जुमला निकला है। किन्तु आम आदमी पार्टी के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं है कि वह पंजाब में तीन साल गुजर जाने के बाद भी अपने वादें को अमलीजामा क्यों नहीं पहचा पा रही है। रही बात नई दिल्ली की तो वहां आम आदमी पार्टी की सरकार ने पहले ही सरकारी खजाने पर झाड़ू फेर रखा है। ऐसे में महिला सम्मान निधि के लिए संसाधन जुटाने में थोड़ा वक्त लगना लाजमी है। यह बात नई दिल्ली की महिलाएं समझ रही हैं और उन्हें भाजपा पर पूरा भरोसा है कि वह जल्द ही महिला सम्मान निधि देगी। किन्तु आम आदमी पार्टी इस मामले में अनरगल प्रलाप करके अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रही है। नई दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी का बयान है कि नई दिल्ली की महिलाओं ने सम्मान निधि के लिए ही भाजपा को वोट देकर उसे सत्ता पर काबिज कराया है। जबकि हकीकत यह है कि नई दिल्ली के लोगों ने आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और अहंकार से नाराज होकर भाजपा को जिताया है। बहरहाल महिला सम्मान निधि अब चुनाव जीतने का सबसे बढ़िया फॉर्मूला बन चुका है। नई दिल्ली के बाद अब भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव में भी इसी फॉर्मूले को अजमाने का मन बना चुकी है। एनडीए के बीच इस बात पर सहमति बन चुकी है कि बिहार में भी विधानसभा चुनाव के पूर्व महिला सम्मान निधि देने की न सिर्फ घोषणा की जाये बल्कि उसपर अमल भी किया जाये। ताकि बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान के पूर्व महिलाओं के खाते में कम से कम एक किस्त तो आ जाये ताकि इसका राजनीतिक फायदा एनडीए को मिल सके। जाहिर है बिहार में भी महिलाओं के वोट कबाड़ने की कवायद होगी और इसके लिए राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा भी होगी।

महाकुंभ पर राज ठाकरे का विवादित बयान

महाराष्ट्र नवनिमार्ण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। उनकी पार्टी की महाराष्ट्र में पूछ परख नहीं हो रही है। खुद राज ठाकरे भी हासिए पर जा रहे हैं। ऐसे में चर्चा में बने रहने के लिए उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ को लेकर विवादित बयान देकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। प्रयागराज महाकुंभ का बहुत पहले समापन हो चुका है। अब उसपर विपक्षी नेताओं की टिका टिप्पणी भी बंद हो गई है। ऐसे में राज ठाकरे ने अपनी पार्टी के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए यह बयान दिया है कि गंगा का पानी बहुत प्रदूषित हो गया था वे तो उसे हाथ से छुना भी पसंद नहीं करेंगे। समझ में नहीं आता की राज ठाकरे ने इस तरह का बयान आखिर दिया क्यों है। यदि उनमें महाकुंभ के प्रति आस्था नहीं हैं तो वहां स्नान करने नहीं गये लेकिन अब वे इस तरह का विवादित बयान देकर उन करोड़ो श्रद्धालुओं की आस्था का मजाक क्यों उड़ा रहे हैं। उनका कहना है कि प्रयागराज में डुबी लगाकर कई लोग बिमार पड़ गये। जबकि देश के किसी भी हिस्से से ऐसी कोई खबर नहीं आई है कि प्रयागराज में डुबकी लगाने से कोई अस्वस्थ हुआ हो जबकि प्रयागराज पहुंचने में करोड़ो लोगो को ट्रेनों में और अपने निजि वाहनों मे भी दिक्कतों का समाना करना पड़ा। और प्रयागराज में भी संगम तट तक पहुंचने के लिए मीलो पैदल चलना पड़ा। यहां तक आधी रात के बाद भी कड़ाके की ठंड में लोगों को स्नान करना पड़ा। फिर भी किसी ने कोई शिकायत नहीं की। महाकुंभ को लेकर विवादास्पद बयानबाजी से बड़बोले नेताओं को बचना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

एक गाँव में एक प्रसिद्ध संत का आगमन हुआ। उसी गाँव में चार मूर्ख मित्र भी निवास करते थे। संत का स्वागत-सत्कार देख, उन्हें बड़ी उत्सुकता हुई, पूछा तो पता चला कि संत ने मौन रहकर गहन तपस्या की है और बहुत सी सिद्धियों के स्वामी भी हैं। बस, फिर क्या था, मूर्खा ने सोचा कि सम्मान प्राप्त करने का सबसे सुगम उपाय यही है। चारों ने एक दीया लिया और जंगल में एक अँधेरी गुफा ढूँढ़कर उसमें जा बैठे। निर्णय किया कि मौन रहेंगे तो देखा-देखी सिद्धियाँ हमारे पास दौड़ी चली आएँगी, फिर सम्मान मिलने में क्या देरी है। थोड़ा वक्त ही गुजरा था कि दीये की लौ लपलपाने लगी। उनमें से एक बोला- अरे कोई दीये में तेल तो डालो। दूसरा तुरंत बोला - ÷बेवकूफ ! बातें थोड़ी करनी थीं। तीसरा कहने लगा- तुम दोनों मंदबुद्धि हो। मेरी तरह चुप नहीं बैठ सकते ? चौथा भी कहाँ शांत रहने वाला था, वह बोला- सबके सब बोल रहे हो, सिर्फमैं हूँ कि चुप बैठा हूँ। मूढ़ ऐसे ही अनर्थ के प्रपंचों में समय गँवाते हैं; जबकि बुद्धिमान विवेक का उपयोग कर, जीवन को समर्थ व सुदृढ़ बनाते हैं।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:39, सूर्यास्त : 06:23, चन्द्रोदय : 15:44, चन्द्रास्त :29:31, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : मघा, योग : सुकर्मा, प्रथम करण : बालव (08:13 तक), द्वितीय करण : कौलव (20:39 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह (26:15 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित , पश्चिम , मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी),राहु : मीन केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:03 से 12:51, अमृत काल : 24:33 से 26:15, सर्वार्थ सिद्धि योग : 06:32 से 26:15, रवियोग : 26:15 से 30:30, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त : 18:20 से 18:44, सायाह्न सन्ध्या : 18:22 से 19:35।

भारत की चरणवंदना क्यों कर रही यूरोपीय यूनियन?

आचार्य श्रीहरि

यूरोपीय यूनियन अब मुस्लिम आतंकवाद को संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर नीति रखती है। भारत भी मुस्लिम आतंकवाद से पीडित है। इसलिए इस प्रश्न पर दोनों पक्ष एक-दूसरे के लिए लाभकारी बन सकते हैं। यूरोपीय यूनियन को अपने व्यापारिक घाटे से बाहर निकलने के लिए भारत का साथ चाहिए। डोनाल्ड ट्रम्प की धमकियों और टैरिफवार से बाहर निकलने के लिए यूरोपीय यूनियन को भारत का साथ चाहिए। चीन और रूस की अराजक और हिंसक आर्थिक नीतियों से भी लडने के लिए यूरोपीय यूनियन को भारत का साथ चाहिए। नये भारत में दुनिया का नेतृत्व करने की शक्ति निहित है। इसी कारण यूरोपीय यूनियन भारत की चरणवंदा कर रही है।

यूरोपीय यूनियन के अध्यक्ष उर्सूला वाल डेर लेयेन का भारत दौरा काफी चर्चित रहा है। भारत के साथ ही साथ यूरोप में काफी चर्चित रहा और अमेरिका में भी चर्चित रहा। भारतीय मीडिया ने थोड़ा कम महत्व दिया पर यूरोपीय यूनियन मीडिया और अमेरिकी मीडिया में अपने-अपने तरीके से विश्लेषण करने और अवधारणा बनाने की पूरी कोशिश की थी, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन मीडिया और अमेरिकी मीडिया के बीच उर्सूला के भारत दौरे को लेकर जंग छिडी थी और एक-दूसरे के हितों के खिलाफ कुठराघात वाली टिप्पणियां भी हो रही थी। उर्सूला की भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठकें भी हुई और वाताएं भी हुई।

उर्सूला का बयान भी काफी महत्वपूर्ण था। उर्सूला कहती है कि भारत हमारे लिए अति महत्वपूर्ण देश है और हम भारत के विकास और उन्नति को लेकर आश्चर्यचकित है, भारत के पास नरेन्द्र मोदी जैसा कुशल और भविष्य दृष्टि वाला नेता है जो अपने नेतृत्व से दुनिया को चकित भी करते हैं। भारत के पास बाजार की प्रचुरता है, समृद्धि भी है जो पूरी दुनिया के लिए अवसर के सामान है, भारत के बाजार में पूरी दुनिया को मंदी और अस्थिरता के भंवर से निकालने की शक्ति है।

यूरोपीय यूनियन न केवल भारत के साथ व्यापार और साझीदारी को एक नया आयाम देने के लिए तैयार है बल्कि भारतीय के हुनर का यूरोपीय यूनियन अवसर भी देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही साथ वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में भी यूरोपीय यूनियन भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। वैश्विक कूटनीति में कई ऐसी बाधाएं, अवरोधक हैं और विसंगतियां हैं जो हिंसक है, तानाशाही हैं और सामान अवसर के खिलाफ है। भारत की सहायता से हम ऐसी विसंगतियों और अवरोधकों पर विजयी प्राप्त कर सकते है। यानी कि यूरोपीय यूनियन को न वेवल आर्थिक क्षेत्र में बल्कि कूटनीति क्षेत्र और सामरिक क्षेत्र में भी भारत की सहायता और समर्थन चाहिए।

उर्सूला के सामने डर और दंड की चुनौतियां हैं। यह सही है कि जिन बातों को लेकर उर्सूला चिंतित है और संकट में खडा है उन बातों के प्रति खुलकर बोल नहीं सकी, पर अप्रत्यक्ष तौर पर उन्होने उल्लेख तो जरूर कर दिया है। डर और दंड किस बात का।

डोनाल्ड ट्रम्प का डर और दंड। डोनाल्ड ट्रम्प डर और दंड जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प कहते हैं कि हम अपने विरोधियों को दंड भी देंगे और डर भी दिखायेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प ने डर भी दिखाया है और दंड भी दिखाया है। यूरोपीय यूनियन ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया डोनाल्ड ट्रम्प की इस थ्योरी और चाबूक से हलकान है,

परेशान है और भयभीत है। टैरिफ वार से यूरोपीय यूनियन भी हलकान है। डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन, कनाडा, मैक्सिकों पर भारी टैरिफ वार किया है और यूरोपीय यूनियन को भी धमकी दी है कि वे अमेरिकी हितों को सुरक्षित रखें और समृद्ध करें अन्यथा टैरिफ दंड भोगने के लिए तैयार रहें। यूरोपीय यूनियन को भी अमेरिका अपने हितों के आधार पर मदद देने या फिर समृद्ध करने के लिए तैयार नहीं है। डॉलर के सामने यूरों को रूग्न रखने की अमेरिकी चाल भी बहुत तेज है। यूरों का संकट भी बढने की आशंका है।

सबसे बडी बात यह है कि नाटो को लेकर अमेरिका अब पैंतरेबाजी पर पैंतरेबाजी दिखा रहा है, नाटो का प्रभुत्व यूरोपीय देशों पर है। यूरोपीय देशों का रक्षाकवच नाटो है। नाटो के साथ अमरिका का सहयोग और समर्थन भी प्रमुख रहा है। नाटो के देश यूक्रेन को सदस्यता देने के पक्षधर रहे हैं। इसी आधार पर यूक्रेन पर रूस ने हमला कर दिया और यूक्रेन को अपना प्रदेश बनाने के लिए रूस ने यूक्रेन के साथ भयानक युद्ध और हिंसा की विभत्स कहानी लिख डाली। नाटो रूस के खिलाफ यूक्रेन की मददगार है।

जो बाइडेन के समय में अमेरिका भी यूक्रेन की एकता और अखंडता को अक्षुण रखने के लिए अडिग था। पर अब डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्लादमीर पुतिन के साथ दोस्ती बढा डाली। यूक्रेन से कीमत वसूलने की चौधराहट भी दिखानी शुरू कर दी। यही कारण है डोनाल्ड ट्रम्प और जलेस्की के बीच वार्ता वाकयुद्ध में तब्दील हो गया, जलेस्की सीधे तौर ट्रम्प के साथ उलझ गये और झुकने से भी इनकार कर दिया। यूक्रेन में रूस को किसी तरह का लाभ मिला तो फिर यह नाटो और यूरोपीय यूनियन के लिए अच्छा या पक्षधर नहीं हो सकता है। क्योंकि यूरोपीय यूनियन अपने अस्तित्व के लिए ब्लादमीर पुतिन और रूस की अराजक और हिंसक शक्ति को खतरनाक और अमानवीय मानता है।

दोपक्षीय साझेदारी के मुद्दे क्या-क्या है जिन पर यूरोपीय यूनियन और भारत का आगे बढना है। द्विपक्षीय फी ट्रेड एंग्रीमेंट पर अभी समझौता नहीं हुआ है। कई दौर की बातचीत के बावजूद यह मुद्दा अभी भी लंबित है।

लेकिन इस पर सहमति बढ रही है और एक-दूसरे के हितों के प्रति भी गंभीर मंथन भी हुआ है। उर्सूला का कहना है कि कुछ रूकावटें हैं जिस पर हम काम कर रहे हैं और उन रूकावटों को दूर कर लिया जायेगा। इस वर्ष के अंत तक यह उम्मीद की जा रही है कि फ्री टेऊ्ड एग्रीमेंट हो जायेगा।

अगर भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच फी ट्रेड एग्रीमेंट हुआ तो फिर यह बहुत बडी सफलता होगी और यूरोपीय यूनियन-भारत के बीच व्यापार का नय इतिहास बनेगा।

इसी प्रश्न को लेकर अमेरिका, चीन और रूस की नजरे लगी हुई हैं, ये तीनों शक्तियां यह नहीं चाहती है कि यूरोपीय यूनियन और भारत के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट संभन बने। फ्री टेऊ्ड एगीमेंट से खासकर भारत को कुछ ज्यादा ही लाभ होगा।

अमेरिका और रूस तो कम प्रभावित होंगे बल्कि चीन की परेशानी बढेगी और चीन की अर्थव्यवस्था भी बुरी तरह से प्रभावित होगी। चीन अभी भी यूरोपीय यूनियन के बाजार का सर्वाधिक लाभ उठा रहा है और यूरोपीय यूनियन के निवेशक भी चीन के सस्ते श्रम शक्ति और संरक्षण मुक्त चीनी तानाशाही के कारण लाभार्थी होते हैं। पर भारत भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रहा है।

भारत भी अपने संसाधनों और दक्ष श्रम शक्ति के बल पर विदेशी निवेशकों के लिए पंसदीदा जगह है। चीन में निवेशक कपंनियां हाल के दिनों में अपना बोरिया-विस्तर समेट कर बाहर निकल रही हैं। निवेशकों के लिए चीन अब नीरस और कम उपयोगी, लाभकरी देश बन गया है।

रक्षा के क्षेत्र में भी दोनो पक्ष साझेदारी करने के इच्छुक है। भारतीय नेवी और ईयू मैरीटाइम सेक्योरिटी एंटीटीज के बीच साझा अभ्यास हो चुके हैं। भारत ईयू के साथ स्थायी तौर पर स्ट्रक्चर्ड कोऑपरेशन प्रोजेक्ट से जुडना चाहता है। हिंसा और आतंकवाद पर भी दोनों पक्ष गंभीर है। मुस्लिम आतंकवाद को लेकर अब यूरोपीय यूनियन के देशों में भी चुनौतियां बढी हैं और शांति पर संकट खडा हुआ है। यूरोपीय देशों में मुस्लिम कट्टरपंथियों की हिंसा भी बढी है। यूरोपीय यूनियन के कई देश मुस्लिम शरणार्थियों की समस्याओं से जूझ रहे हैं और इन्हें शरणार्थी नहीं बल्कि मुस्लिम हिंसक गिरोह के तौर पर देखते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1609 में 12 मार्च के दिन ही अटलांटिक महासागर में स्थित बरमुडा द्वीप अंग्रेजों का उपनिवेश बना था। 1664 में आज ही के दिन ब्रिटेन ने न्यूजर्सी को नीदरलैंड से अपने कब्जे में लेकर उपनगर घोषित किया था। 1755 में 12 मार्च के दिन ही अमेरिका में भाप के पहले इंजन का इस्तेमाल खदान से पानी निकालने के लिए किया गया था। 1904 में आज ही के दिन ब्रिटेन में मुख्य लाइन पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली थी। 1930 में 12 मार्च के दिन ही महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरुआत की थी। 1942 में आज ही के दिन ब्रिटिश सैनिकों ने अंडमान द्वीप खाली किया था। 1954 में 12 मार्च के दिन ही भारत सरकार ने साहित्य अकादमी का उद्घाटन किया था। 1958 में आज ही के दिन ब्रिटिश साम्राज्य दिवस का नाम 'राष्ट्रमंडल दिवस' किया गया था। 1970 में 12 मार्च के दिन ही अमेरिका में मतदान की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई थी। 1993 में आज ही के दिन मुंबई में हुए बम धमाकों में तकरीबन 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए थे।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अधूरे सही

अधूरे सही मगर देखे तो हैं आंखों ने कल के ख्वाब बहुत! बिखरे हुये ही सही लेकिन ये मोती भी हैं नायाब बहुत! हर जाती हुई रात आस जगाती है शायद कि सुबह हो लाजवाब बहुत!

- जावेद उस्मानी

साधु कौन...

साधु कौन... जो अकेले परमानंद रहे... साधु जंगल में मंगल मना रहा तो पब्लिक खुश रहती है ... लेकिन, अकेले, शहरी/शौकीन साधु भी होते हैं...जो परमानन्द में रहते हैं ...लेकिन, उन्हें दुनिया सिंगल समझती है ...ब्रांडेड कपड़े पहनते हैं ... मल्टीप्लेक्स...रेस्टोरेंट... निरुद्देश्य घूमना ... लेकिन, लोग ब्रांडेड साधु को घमंडी भी समझते हैं ... पता नहीं दुनिया इतनी बेरहम क्यों है **- तनु देहलवी**

खास पाती

नारी से नारायण हारे फिर

नारी से नारायण हारे फिर क्यूँ मनुज रहे ललकार अपने को ही श्रेष्ठ समझते किसने दिया इन्हे अधिकार नारी को वस्तु समझते कुछ करतें हैं काला व्यापार ऐसे गिरे हुए मानस पर करते कोटि-कोटि धिक्कार बेटी माता पत्नी बनकर देती जीवन को आकार अपने गुण से सदा नारी करती है जग का विस्तार कभी मदर टेरेसा सी लगती ममता की मूरत साकार कभी इंदिरा सी बन बैठी किया पाक पर सीधा वार जब काली सा रूप धरे दुनिया करती हाहाकार जितनी गाओ नारी शक्ति उतना निकले जयजयकार शीश झुकाए बैठा संयम व्यक्त करे उनका आभार **- रवी पांडेय 'संयम'**

नहीं अन्न का दाना घर में- तो चूल्हा

नहीं अन्न का दाना घर में- तो चूल्हा फिर क्यों सुलगाऊँ अन्न पेट में गया नहीं है, दो दिन से। हाय! गरीबी काट रही है, नागिन से। खुद को पानी पी समझाया- बच्चों को कैसे समझाऊँ मेरे मन में जगी हुई हैं, आशाएँ। किंतु साथ में बनी हुई हैं, शंकाएँ। अच्छे दिन आने वाले हैं, पत्नी को मैं दिन गिनवाऊँ।। एक कहानी अपनी भी है, उनकी भी। जिनसे हम कह सकते अपने, मन की भी। दुविधाओं में सारा जीवन, किसको अपना दर्द सुनाऊँ?? **- भाऊराव महंत**

राधा को कृष्ण की देह

राधा को कृष्ण की देह मिली बिन देह के नेह निभा गयी मीरा बृजभूमि में राधा ने रास रचा मरुभूमि में कुंज खिला गयी मीरा कृष्ण ने द्वापर मे राधा को गाया तो कलयुग में कृष्ण को गा गयी मीरा और कृष्ण के प्रेम का राधा पे कर्ज था राधा का कर्ज चुका गयी मीरा ... **- रश्मि सुमन**

लक्ष्मी का वह रूप, महिमा

लक्ष्मी का वह रूप, महिमा बडी अनूप जग सारा जिसको तो कहता महान है। मात की दुलारी वही, आंगन की किलकारी भ्रात और पिताजी के दिल की वो जान है। रचना वो ब्रहम जी की उतरी धरा पे जब यज्ञ,जप,तप,व्रत किए विद्वान है सहज शीतल मन, दुर्गा की रूप सम, चरणों में जिसके ये सकल जहान है। हवास के व्यभीचारी, देखते जो रूप काली देह को बिगाडेते जो वे सभी नादान है ममता की प्रतिरूप, क्षमा दान अवीभूत पांव से लगाय दिखलाते अज्ञान है। **- रानी इंदु**

जो नहीं है तुम्हारा उसे होने का अहसास

जो नहीं है तुम्हारा उसे होने का अहसास क्यों ऐश ट्रे में रखी राख जो छाती को कल जलाया था उसे उसका वजूद समझ हवा में फूंक मारो बेहिसाब बेनाम प्यार का कोई नाम मत देना हवा को बोझिल होने से एक लंबी सांस को खींचना होगा ताकि फिर प्यार को संभालना होगा **- प्रीति श्रीवास्तव**

सहा है कितना अत्याचार महिलाओं

सहा है कितना अत्याचार महिलाओं ने सदियों से किया फिर भी सभी से प्यार महिलाओं ने सदियों से जुबाँ पर हैं लगे ताले, निभाती हैं रिवाज़ों को किया इंकार को इक़रार महिलाओं ने सदियों से नहीं होती अगर औरत, अदब लाते कहाँ से तुम? किया औलाद को अबरार महिलाओं ने सदियों से रहें पिसती सदा घर और दफ़्तर में हमेशा ही कभी देखा नहीं इतवार महिलाओं ने सदियों से 'दिनेश' अश्कों में डूबा है ख़यालों को लिए हरदम ज़माने से है खाई मार महिलाओं ने सदियों से। **- दिनेश भोपाली**

QUIZ TIME

1) बीच गेम्स 2024 कहाँ आयोजित किया गया?

2) भारत के कौन प्रधानमंत्री मांडा के 41 वें राजा बहादुर थे?

3) 12 जनवरी 2024 को जापानी सरकार द्वारा लॉन्च किए गए सूचना संग्रह उपग्रह का क्या नाम है?

4) विश्व का पहला समाचार पत्र किसने प्रकाशित किया?

5) किसने भारत की पहली मौखिक गर्भनिरोधक गोली सहेली की खोज की थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) चीन (2) विश्वनाथ प्रताप सिंह (3) ऑप्टिकल-8 (4) जोहान कैरोलस (5) डॉ. नित्या आनंद

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन भी आपको विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी। आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे।

वृषः आज का दिन धन के साथ-साथ सुख शान्ति दायक भी रहेगा। व्यापारी वर्ग को लाभदायक सौदे मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं पर भी धन का निवेश करेंगे।

मिथुनः आज आप अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायत पेट सम्बंधित समस्या मुख्यतः रहेगी।

कर्कः आज के दिन प्रातः काल से ही मन मौज मस्ती की ओर आकर्षित रहेगा यात्रा प्रवास के योग भी बन रहे है ना चाहकर भी करनी पड़ सकती है।

सिंहः आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है आज राह चलते लोग भी आपके व्यक्तित्त्व पर छींटाकशी करेंगे जिससे मानसिक स्थिति खराब रहेगी।

कन्याः आपको आज का दिन मिलाजुला फल देगा। आज का दिन लाभ दिला सकता है परन्तु क्रोध को वश में रखना जरूरी है वरना बना बनाया काम बिगड़ सकता है।

तुलाः आज के दिन भाग दौड़ अधिक रहेगी परन्तु परिणाम आशा के विपरीत रहने से मन मे नकारात्मक विचार बनेंगे। आर्थिक कारणों से कोई कार्य अधूरा रहेगा।

वृश्चिकः आज आपमे आध्यात्मिक उन्नति होगी। धर्म के गूढ़ रहस्यों को जानने में रुचि लेंगे। मानसिक रूप से प्रसन्न रहने के वातावरण बनते रहेंगे।

धनुः आज का दिन थोड़ा उठा पटक वाला रहेगा। सेहत प्रातः काल से नरम रहेगी मन अकारण ही अशांत रहेगा। मकरः आज का दिन विविध क्षेत्रों में विजय दिलाने वाला रहेगा ।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो ठबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 351 का हल

गु	मा	न			प	यो	द	
न		ह	क	दा	र		ल	य
ह	वा	ला	त		च		द	म
गा			रा	ज	म	ह	ल	
र	ई	स		ग		स		अ
	मा		प	त	वा	र		ल
ख	न	क	ना		ह	त		बे
स	दा		ह		वा		शो	ला
रा	र				ही	र	क	

राजनांदगांव के बिल्डर ने मुक्तिधाम रोड निर्माण में लगाया रोड़ा : राजस्व अधिकारी नहीं कर रहे सीमांकन

■ सभापति के नेतृत्व में पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। करीब सवा चार करोड़ की लागत से मुक्तिधाम रोड का निर्माण तीन साल पहले शुरू किया गया, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। नगर निगम की पिछली परिषद ने मुक्तिधाम रोड का निर्माण शुरू कराया, लेकिन चार साल में सिर्फ 40 फीसदी काम पूरा हो सका है। सूत्रों का कहना है कि राजनांदगांव के एक बिल्डर के दबाव में राजस्व विभाग के अधिकारी सीमांकन नहीं कर रहे हैं। सीमांकन न होने के कारण रोड का निर्माण अधूरा है।

गंजपारा चौक से महमरा एनीकट जाने वाली रोड कुछ साल पहले तक पीडब्लूडी की थी, जिसे नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया। नगर निगम की पिछली परिषद ने करीब सवा चार करोड़ रुपए की लागत से मुक्तिधाम रोड के चौड़ीकरण के साथ डामरीकरण करने और सौंदर्यीकरण का प्लान बनाया। सीमांकन न हो पाने के कारण सिर्फ 60 फीसदी काम अभी तक बचा है।

निर्माण अधूरा होने के कारण आसपास के 6 वार्डों के रहवासियों को धूल और प्रदूषण के कारण जीवन दूभर हो गया है। सड़क जर्जर होने के कारण कई बार दुर्घटना हो चुकी है। पार्षदों ने सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर शिवनाथ नदी मुक्तिधाम रोड के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराने सहित अन्य मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर से रोड निर्माण के लिये सीमांकन कराने तहसीलदार को निर्देशित करने का अनुरोध किया।

भाजपा पार्षदों ने कहा कि सीमांकन न होने के कारण ही रोड निर्माण आज तक अधूरा है। रोड निर्माण न होने के कारण 6 वार्डों की जनता परेशान है। प्रतिनिधिमंडल में सभापति श्याम शर्मा के साथ पार्षद कुलेश्वर साहू, खालिक रिजवी, लीलाधर पॉल, प्रकाश गीते, काशीराम कोसरे, साजन जोसेफ, गुलशन साहू, कमल देवांगन, प्रकाश गीते, ललित ढीमर, प्रतिभा गुप्ता, बबीता यादव, जितेंद्र ताम्रकार सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

पुलगॉव नाला ब्रिज की सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। ब्रिज पर भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। इसके बावजूद पीडब्लूडी अफसरों ने मरम्मत का काम नहीं कराया है। भाजपा पार्षदों ने पुलगांव नाला ब्रिज की मरम्मत कराने की मांग भी कलेक्टर से की है।

राजस्व विभाग के अधिकारी दो साल से टाल रहे सीमांकन

इसी मार्ग पर राजनांदगांव के एक बिल्डर ने रोड के किनारे बिजनेस पार्क बनाया है। नगर निगम के पार्षदों का कहना है कि बिल्डर के दबाव में राजस्व विभाग के अधिकारी सीमांकन नहीं कर रहे हैं। भाजपा सरकार में ऊंची एप्रोच रखने वाले बिल्डर की पॉवर पॉलिटिक्स के कारण राजस्व विभाग के अधिकारी सीमांकन करने में लगातार टालमटोल कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार पिछले दो साल से ज्यादा समय से सीमांकन का काम लटका है। बिल्डर की एप्रोच का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस की सरकार में भी मुक्तिधाम रोड का सीमांकन नहीं हो पाया।

बीसीसीआई से स्टेडियम की लीज के मुद्दे पर भी कलेक्टर से चर्चा

निगम सभापति श्याम शर्मा ने कलेक्टर से रविशंकर स्टेडियम के मुद्दे पर भी चर्चा की। सभापति ने बताया कि स्टेडियम को 33 सालों के लिए बीसीसीआई को लीज पर दिया जाना है। स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया जाएगा। इसके लिये बीसीसीआई के अधिकारी निगम चुनाव से पहले चर्चा करने दुर्ग आए थे, लेकिन उसी दिन आचार संहिता लागू होने के कारण जिला प्रशासन और बीसीसीआई के अधिकारियों की चर्चा नहीं हो पाई। अब निगम चुनाव होने के बाद सभापति ने कलेक्टर से बीसीसीआई के अधिकारियों से चर्चा करने का आग्रह किया है, ताकि स्टेडियम को लीज पर देने के लिये टर्म-कंडीशन तय किये जा सकें।

मुक्तिधाम रोड का निर्माण पूरा कराना बेहद आवश्यक है। पिछले कई साल से निर्माण अधूरा है। इसके कारण कई वार्डों के नागरिकों को परेशानी हो रही है। सीमांकन न होने के कारण काम अधूरा पड़ा है। कलेक्टर को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द सीमांकन कराने राजस्व विभाग को उचित निर्देश देने की मांग की गई है। इसके अलावा रविशंकर स्टेडियम को बीसीसीआई को 33 साल के लिये लीज पर देने के लिये नियम शर्तों पर चर्चा करने और पुलगांव नाले पर बने ब्रिज में गड्ढे की रिपेयरिंग वर्क शीघ्र कराने की मांग भी की गई है।

श्याम शर्मा सभापति, नगर निगम, दुर्ग

■ न्यूज गैलरी

31 तक टैक्स न देने पर 1000 फाइन के साथ देना होगा 15 प्रतिशत ब्याज

दुर्ग। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से 31 मार्च के पहले टैक्स जमा करने की अपील की है। 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने वालों को 15 प्रतिशत ब्याज देना होगा। इसके अलावा एक हजार अधिभार भी देना होगा। टैक्स जमा करने के लिये निगम प्रशासन ने अवकाश के दिन भी काउंटर खुला रखने की व्यवस्था की है। केवल होली के दिन निगम का टैक्स काउंटर बंद रहेगा।

छत्तीसगढ़ मंच ने दुर्ग आइडल आयोजित करने की मांग की

दुर्ग। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के पदाधिकारियों ने महापौर अल्का बाघमार से दुर्ग आइडल कार्यक्रम आयोजित कराने की मांग की है। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान और अनिल शर्मा ने महापौर अल्का बाघमार को गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया और शहर में गीत संगीत को बढ़ावा देने दुर्ग आइडल गायन प्रतियोगिता आयोजित कराने की मांग की। मांग करने वालों में छत्तीसगढ़ मंच के संरक्षक चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, सहसचिव ललित वर्मा, संजय खंडेलवाल, सदस्य अजय साहू शामिल थे।

बीएसपी : कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणी पुरस्कार से हुए सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए शिरोमणि पुरस्कार दिया जाता है। संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिये गए। मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा ने नवम्बर 24 के लिए डीपी मिश्रा (मैकेनिकल मेंटेनेंस) व गुरमीत सिंह (बीआरपी) को, दिसम्बर 24 के लिए डी येल्ला राव (सीआरजी-मैकेनिकल मेंटेनेंस) व नील मिंज मैकेनिकल मेंटेनेंस और जनवरी 25 के लिए होमन सिंह ठाकुर (बैटरी ऑपरेशन) व लोकनाथ साहू (इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार के तहत स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि तुलाराम बेहेरा ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कार्य और अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने प्रेरित किया। समारोह में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग महाप्रबंधकगण झगर सिंह, बीसी मंडल, एमएस नायक, डीके सामंतराय, आनंद शुक्ला, के नंद कुमार, सहायक महाप्रबंधक सुनील गुप्ता, एसएस मेश्राम, वरिष्ठ प्रबंधक अब्दुल अतीफ व आनंद खरात व अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी हेमंत भूआर्य मौजूद थे।

ईडी की छापेमारी के खिलाफ प्रदर्शन : कांग्रेस ने ईडी और केंद्र सरकार का पुतला फूंका

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास और सहयोगियों के ठिकानों पर हुई ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज सड़क पर उतरकर उग्र विरोध प्रदर्शन किया। पटेल चौक और मान होटल चौक के पास कांग्रेसजनों ने ईडी व केंद्र सरकार का पुतला जलाकर विरोध जताया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर युवा कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि भूपेश बघेल ने किसानों की कर्जमाफी, बिजली बिल हाफ और जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए छत्तीसगढ़ की पहचान बनाई है। ऐसे माटी पुत्र पर इस तरह की कार्रवाई शर्मनाक है। प्रदेश कांग्रेस के सचिव अय्यूब खान ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ईडी को भाजपा का औजार बना दिया है। कभी निष्पक्ष मानी जाने वाली संस्थाएं आज भाजपा की फ्रंटल ऑर्गनाइजेशन की तरह काम कर रही हैं। पुतला दहन के दौरान गया पटेल, धीरज बाकलीवाल, प्रेमलता साहू, राजेश यादव, आयुष शर्मा, मोहित वाल्दे, शिशिर कांत कसार समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

सौ बेड ईएसआईसी हास्पिटल का श्रमिकों को नहीं मिल रहा लाभ

■ पीएम ने किया था एक साल पहले उद्घाटन

■ बिचपुरिया ने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर उचित पहल करने की मांग की

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 100 बेड हॉस्पिटल का उद्घाटन किये जाने के एक साल बाद भी श्रमिकों को इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। भिलाई जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष बृजेश बिजपुरिया ने इस मामले की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह को देते हुए अस्पताल की सुविधा शुरू करने उचित पहल करने का आग्रह किया है।

बिजपुरिया ने कहा कि स्मृति नगर भिलाई में ईएसआईसी हॉस्पिटल का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाइन किया गया था। एक साल का समय बीतने के बाद भी अस्पताल में किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं है। 100 बेड के इस अस्पताल में सभी प्रकार के विशेषज्ञ, ऑपरेशन थिएटर, आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्था के साथ डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ भर्ती कर अस्पताल संचालित करने का वादा किया गया था। बिचपुरिया ने कहा कि भिलाई और दुर्ग के श्रमिक आज भी अपने इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं। उनके लिये व्यवस्थित हॉस्पिटल न होने के कारण श्रमिकों और उनके परिवारजनों का इलाज नहीं हो पा रहा है। बिचपुरिया ने कहा कि यह हॉस्पिटल डॉ.रमन सिंह के प्रयासों से बना है। सभी सुविधाएं तुरंत मुहैया कराई जानी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में केंद्रीय श्रम एवं स्वास्थ्य मंत्री सहित अधिकारियों से शीघ्र चर्चा करेंगे और अस्पताल में सभी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करेंगे।

अग्निवीर भर्ती : 12 मार्च से ऑनलाइन आवेदन

दुर्ग। थल सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए 12 मार्च से 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन जमा किये जा सकेंगे। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों पर होगी।

आयुक्त के सख्त निर्देश, सौन्दर्यीकरण के नाम पर पेड़ पौधों को नष्ट न करें

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम कमिश्नर मोनिका वर्मा ने सौन्दर्यीकरण के नाम पर रोपे गए पौधों को नष्ट न करने के सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने निगम के इंजीनियरों से कहा है कि पौधे या पेड़ को सहजते हुए विकास कार्य कराएं। डुण्डेरा स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा करने पहुंची कमिश्नर ने गंदगी फैलाने की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। कमिश्नर ने कहा कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होने के बाद भी गंदगी फैलाई जा रही है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कचरे भरे स्थान का सौन्दर्यीकरण करने के निर्देश दिए। नागरिकों ने बताया कि कुछ दिन पहले उस स्थान पर पौधे रोपे गए थे। आयुक्त ने पौधे या वृक्ष को बिना नुकसान पहुंचाए सौन्दर्यीकरण करने कहा है। निरीक्षण के दौरान अभियंता, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, रोहित धनकर आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त डुण्डेरा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार स्थल पहुंची।

14 को बंद रहेगी देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने होली पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार 14 मार्च को होली के अवसर पर दुर्ग जिले में स्थित समस्त देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि पूरी तरह बंद रहेंगे। आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: प्रिया साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400096/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रिया साहू आ./पति श्री किशनलाल साहू निवासी जयंती नगर सिकोला तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	248/223	0.0100 हें 1082.52 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: प्रियांशी सिंह | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400097/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रियांशी सिंह आ./पति श्री धर्मेन्द्र सिंह निवासी जयंती नगर सिकोला तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	248/221	0.0102 हें 1098.52 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: ओमेश्वरी यादव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400098/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ओमेश्वरी यादव आ./पति श्री रुपेश यादव निवासी जयंती नगर सिकोला तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	248/222	0.0099 हें 1064.92 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री राहुल शर्मा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400081/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री राहुल शर्मा आ. श्री स्व. शंकरलाल जी शर्मा निवासी गंजपारा दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	291/35	0.0122 हें 1320 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री कमलेश | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400028/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री कमलेश आ. श्री श्यामुलाल निवासी डौकीडीह गुण्डरदेही जिला बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम अण्डा प.ह.न. 32 तह. व जिला दुर्ग	393/3	0.006 हें 600 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: डॉ. हेमंत कुमार बेलचंदन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400095/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री डॉ. हेमंत कुमार बेलचंदन आ. श्री केदार सिंह बेलचंदन निवासी वार्ड नं. 03 तिरगा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	41/79	0.0030 हें 300 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री जी रामाराव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400073/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जी रामाराव आ. श्री अंकैय्या निवासी मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	270/5	0.0210 हें 2258 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्रीमती रीता जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400074/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रीता जैन आ./पति श्री ललित कुमार जैन निवासी रुआबांधा भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	303/51	0.01 हें 1255.5 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: विभा साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400071/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका विभा साहू आ./पति श्री सत्येन्द्र कुमार साहू निवासी सड़क 36 सेक्टर-10 भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	866/18	0.040 हें 450 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री जी रामाराव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400072/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जी रामाराव आ. श्री अंकैय्या निवासी मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	699/31	0.010 हें 900 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: किरण साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400100/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका किरण साहू आ./पति श्री डालेश्वर कुमार साहू निवासी धनोरा दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम अंजोरा प.ह.न. 24 तह. व जिला दुर्ग	133/13	0.0160 हें 1710 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: टिकेश बाई | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400062/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका टिकेश बाई आ./पति श्री ईश्वरीलाल साहू निवासी धनोरा दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	454/2	0.0364 हें	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: दुर्गेश्वरी साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400061/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दुर्गेश्वरी साहू आ./पति श्री कपिल कुमार साहू निवासी केलाबाड़ी तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	43/42	0.0090 हें 1056 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नजूल अधिकारी अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202503103500002 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक ललित कुमार गुप्ता आ. स्व. शंकर लाल गुप्ता निवासी वार्ड नं. 40, ईरानी डेरा, केलाबाड़ी दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल स्थित शीट क. 14, भूखण्ड क. 1/4 रकबा 440 वर्गफीट धारक पार्वती ध.प. स्व. शंकर लाल गुप्ता एवं अन्य 03 के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे की वैधता 31 मार्च 2025 तक है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का पट्टा नवीनीकरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 05.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202502101000016/ अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मित्रा एवं अन्य 01 निवासी शांति नगर कोहका मिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम श्रीमती होली मित्रा प.प. अनुप कुमार कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 7632 रकबा 0.020 है./1785 वर्गफीट भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर दिनांक 20.10.2016 के आधार पर विक्रेता कुमारी अल्पना आ. स्व. के. के. मित्रा कय किया गया है, कि रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनांमा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21/03/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202503103500003 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक ललित कुमार गुप्ता आ. स्व. शंकर लाल गुप्ता निवासी वार्ड नं. 40, ईरानी डेरा, केलाबाड़ी दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल स्थित शीट क. 14, भूखण्ड क. 1/3, रकबा 1707 वर्गफीट धारक पार्वती ध.प. स्व. शंकर लाल गुप्ता के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 11.04.2022 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड को धारक की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.03.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 05.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

होली: जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

खाद्य सुरक्षा के तहत मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, मिलावट पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार, बेमेतरा जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मिठाई दुकानों, होटलों, किराना दुकानों, और खाद्य निर्माता फर्मों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सह अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिलेवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

मिठाई और खाद्य पदार्थों के नमूने भेजे गए जांच के लिए

जिला अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाइयों और खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए गए हैं। इसमें मेसर्स जय भगवती जोधपुर स्वीट्स एंड नमकीन से कलाकंद और मिल्क केक, मेसर्स निर्मल स्वीट्स से खोवा पेड़ा, मेसर्स कृष्णा डेयरी से पनीर और खोवा, नांदघाट स्थित मेसर्स माँ परमेश्वरी स्वीट्स से कलाकंद और बर्फी, तथा मेसर्स स्वर्णा किराना से सूजी और गुड़ के नमूने जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला में जांच उपरांत यदि कोई नमूना अमानक पाया जाता है, तो संबंधित फर्म संचालकों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन पर हाल ही में जिले में 07 प्रकरणों में 17 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी : जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखें और अमानक या मिलावटी खाद्य पदार्थों का विक्रय न करें। मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, जिलेवासियों से अपील की जा रही है कि वे खाद्य कारोबारियों से खाद्य पदार्थों की निर्माण तिथि, बेस्ट बिफोर और एक्सपायरी डेट की जांच कर ही उन खाद्य पदार्थों का उपभोग सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू कुर्रे और श्री कमल प्रसाद, नमूना सहायक की टीम द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों का परीक्षण किया जा रहा है। होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के समय मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाव के लिए यह कार्रवाई की जा रही है ताकि जन सामान्य को सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त मिठाइयां और खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके।

सलाहकार समिति के सदस्यों ने किया स्वागत, सौंपा ज्ञापन

डीआरएम ने भाटापारा स्टेशन का किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दयानंद अपने अधीनस्थ शाखा अधिकारियों की टीम के साथ भाटापारा स्टेशन का घूम घूम कर निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी देते रहे।वे लगभग 1 घंटे तक निरीक्षण के पश्चात निपनिया की ओर रवाना हो गए।इस दौरान डी आर यू सी सी के सदस्य राजेश शर्मा ने भी स्टेशन विकास के संबंध में उनका ध्यान आकर्षण कराया।

डी आर एम सोमवार को रायपुर से दाधापारा के विशेष सेलून से निरीक्षण पर थे।इस दौरान भाटापारा आगमन पर

उनका स्वागत चीफस्टेशन मैनेजर अजय कुमार ने किया। स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों,अमरजीत सलूजा,रविन्द्र जैन,सुरेश भानुशाली,राकेश नागवानी सहित लड्डू सोनी ने भी मंडल रेल पर प्रबंधक का स्वागत किया। डी.आर.एम ने अपने प्रवास के दौरान अमृत भारत योजना के तहत भाटापारा स्टेशन के निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया,इस दौरान उन्होंने कार्य योजना की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिया। ढ्ढ निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्य अमरजीत सलूजा ने उन्हें स्टेशन के ठीक सामने वाली सड़क जो लगभग 2 वर्षों से बंद पड़ी है उसे आवागमन हेतु खोलने की बात कही।

जिसे डीआरएम साहब ने अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उक्त सड़क को चालू करने का निर्देश दिया तथा ऑटो रिक्शा वालों के लिए सायकल स्टैंड के सामने व्यवस्थित रूप से जगह निर्धारित करने चालू करने निर्देशित किया।

न्यूज गैलरी

पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को एसएसपी ने किया सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत सिलसिलेवार चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतर जिला गैंग का भंडाफोड़ कर 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें से एक मुख्य आरोपी अजय राठौर को गोवा के समुद्री बीच से गिरफ्तार किया गया था। इस अंतर जिला गैंग द्वारा सिंडिकेट के रूप में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। की प्रकरण में चोरी करने वाले आरोपी अजय राठौर, माल खपाने वाले 05 आरोपी एवं 02 आरोपी खरीदारों को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही पुलिस टीम को आरोपियों से सोने चांदी के जेवर, 03 नग मोटरसाइकिल, नगदी 55,000 सहित कुल 12,50,000 कीमत मूल्य का सामान बरामद करने में सफलता मिली। उक्त मामले में पुलिस टीम द्वारा अथक लगन, मेहनत एवं सराहनीय कार्य कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों मामलों में पुलिस टीम में शामिल अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में पुलिस टीम के सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

तुमड़ीबोड़, कोपेडीह, आरगांव के पच-सरपंच का ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष की मौजूदगी में सम्मान

तुमड़ीबोड़ क्षेत्र के गांवों में बना होली का माहौल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 तुमड़ीबोड़ कोपेडीह अलीखुटा और आरगांव के समस्त पंच सरपंच उप सरपंच का सम्मान किया गया। आयोजन में जिला किसान कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष व मदन साहू (डोंगरगांव) की खास मौजूदगी रही जिनके सहित समस्त नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को मदन साहू ने संबोधित करते हुए 5 साल तक जनपद सदस्य और उपाध्यक्ष के रूप में सेवा देने के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही अपने धर्म पत्नी सरिता साहू को जनपद सदस्य बनाकर पुनः सेवा का अवसर देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवनिर्वाचित जनपद सदस्य सरिता मदन साहू व पूर्व उपाध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू ने जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 तुमड़ीबोड़ कोपेडीह आलीखुटा आरगांव के समस्त नवनिर्वाचित पंच सरपंच व उप सरपंच का सम्मान समारोह रखकर गांव के वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया । होली मिलन के बहाने नगाड़ा की थाप पर समस्त जनप्रति निधी का सम्मान श्रीफल और साल से किया गया ।

सम्मान समारोह में ग्राम तुमड़ीबोड़ के सरपंच भुनेश्वरी साहू उप सरपंच भूपेंद्र सोनवानी ग्राम पंचायत कोपेडीह के सरपंच बीरसिंग् चंद्रवंशी उप सरपंच टेलन सिंह वर्मा ग्राम पंचायत आर गांव के उप सरपंच तुलेश्वर साहू सहित सहित सभी पंच गन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ पूर्व सरपंच बिनाधर वर्मा टीकम पटेल मनोज साहू बिहारी चंद्रवंशी क्रांति बंजारे मोहित पटेल संजय झा खेमलाल चंद्रवंशी ग्राम पटेल सहसराम ग्राम पटेल बिसोहा राम साहू शोबस साहू छबील निषाद रेशु लाल सिंनहा पूनम साहू रामलाल विश्वकर्मा गोपी साहू जयराम साहू उर्वशन साहू संगीत वर्मा खिलावन साहू प्रीतम साहू पुनीत वर्मा गौतम वर्मा सुखराम साहू माधव साहू लूपकुमार वर्मा कृपाराम पटेल गौतम यादव नैनेश्वर पटेल चंद्रभान सिंनहा गोवद साहू श्याम शाह कोटवार सोहन कोटवार ममता साहू रोहिणी चंद्रवंशी ।

कार्यक्रम के स्वागत भाषण में मदन साहू ने कहा 5 साल इस क्षेत्र में मुझे जनपद सदस्य बना करके उपाध्यक्ष बनाएं और मैं आप लोगों का सेव किया आज मेरे धर्मपत्नी सरिता साहू को जनपद सदस्य बनाकर के सेवा करने का औसत दिए हो आप सबके सहयोग से मिलजुल करके क्षेत्र के समस्याओं का निराकरण करेंगे और जनहित मुद्दों को शासन प्रशासन तक पहुंच करके क्षेत्र का विकास करेंगे। कार्यक्रम में जनपद पंचायतडोंगरगांव के पूर्व जनपद सदस्य मोहनीश साहू भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चुंम्मन साहू ने किया। कार्यक्रम को सरपंच भुनेश्वरी साहू ने भी संबोधन किया ग्राम पंचायत कोपडीह के सरपंच वीरसिंग चंद्रवंशी ने भी शुभकामनाएं दी कार्यक्रम के आभार व्यक्त गांव के वरिष्ठ नागरिक बिशौहा राम साहू ने समस्त अतिथियों और ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया।

नगरी में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सदस्य को सीईओ ने दिलाई शपथ

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के जनपद पंचायत नगरी में दिल सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा एवं जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू एवं सभी जनपद सदस्य को शपथ जनपद पंचायत नगरी सीईओ करुणा सागर पटेल के द्वारा दिलाई गई जिसमे मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, धमतरी जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा प्रदेश सहसंयोजक महेंद्र पंडित,पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश नेताम राजेंद्र गोलछा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेद्र शुक्ला, महामंत्री कमल डागा जिला पंचायत सदस्य अजय फत्तेहलाल ध्रुव, रवि दुबे,पूर्व पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा अजय नाहटा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला महेंद्र नेताम एवं समस्त नगर पंचायत नगरी पार्षद गण एवं सरपंच गण एवं जनपद पंचायत की कर्मचारी गण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बलूचिस्तान में ट्रेन...

पिछले छह घंटे से बंधक बना रखा है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने चेतावनी दी है कि अगर पाक आर्मी उनके खिलाफ एक्शन लेती है तो वह सभी बंधकों को मार देंगे।

ट्रेन में सवार 20 पाक सैनिकों को मारा: पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, बीएलए ने ट्रेन पर सवार 20 सैनिकों को मार दिया है। बीएलए ने चेतावनी दी है कि अगर उनके खिलाफहो रहे हवाई हमले नहीं रुके तो अगले एक घंटे के भीतर वो सभी बंधकों को मार देंगे। दरअसल कुछ देर पहले बीएलए ने एक ड्रोन को मार गिराया है।

आर्मी ऑपरेशन किया...

को रुकना पड़ा। सैनिकों ने तुरंत ट्रेन पर कब्जा कर लिया और सभी यात्रियों को बंधक बना लिया।' बीएलए ने अपने बयान में शहबाज शरीफसरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तानी आर्मी कोई ऑपरेशन करने की कोशिश की तो इसके नतीजे गंभीर होंगे। सभी सैकड़ों बंधकों को मार दिया जाएगा और इस खून-खराबे की जिम्मेदारी पूरी तरह से पाक आर्मी की होगी।

'एयरस्ट्राइक नहीं रुकी तो

इसके अलावा बीएलए ने अंतिम चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि एयर स्ट्राइक तुरंत नहीं रुकी तो अगले एक घंटे के अंदर सभी 100 से ज्यादा बंधकों को मार दिया जाएगा। पाकिस्तानी राज्य के सामने एक महत्वपूर्ण फैसला है या तो वह हवाई हमलों को रोककर सुरक्षित रिहाई के लिए बातचीत करे या फिर अपने 100 से अधिक सैनिकों को मौत के घाट उतारने का जोखिम उठाए। बीएलए का दावा है कि पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आईएसआई और एटीएफके सभी कर्मी - जो पंजाब में छुट्टी पर हैं। उन्हें बंधक बनाया गया है। महिलाओं, बच्चों और बलूच यात्रियों को रिहा कर दिया गया है।

जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण और..

है। यह परिषद केवल विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि नीति-निर्माण और निर्णय-क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण संवैधानिक इकाई है। उन्होंने बैठक में रखे गए सभी बहुमूल्य सुझावों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और अधिकारियों से कहा कि जनजातीय समुदाय के जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी त्रुटियों के निवारण हेतु विस्तृत अध्ययन कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनजातीय आस्था स्थलों के संरक्षण एवं विकास हेतु देवगुड़ी के साथ-साथ सरना स्थलों को भी शामिल करने की व्यवस्था की जाए।

मनरेगा को लेकर..

मामलों के चलते 10 करोड़ लोगों का फंड नहीं रोक सकते। कल्याण बनर्जी ने अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप एक केंद्रीय मंत्री हैं, लेकिन आपका व्यवहार ऐसा है।।।आपको किसने मंत्री बनाया? कल्याण बनर्जी की इस टिप्पणी पर तुरंत सत्ता पक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और टीएमसी सांसद की टिप्पणी पर आपत्ति जाहिर की।

धान निष्पादन पर..

करीब 8 हजार करोड़ का आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ के खिलाफ केंद्र का उपेक्षापूर्ण रवैया बताया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की चार इंजन की सरकार कुछ नहीं कर पाई है। आने वाले वर्ष में घाटा लगा तो धान खरीदी प्रभावित होगी। इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी के लिए राज्य सरकार को केंद्र सरकार से अनुरोध करने की बात कही। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान धान की नीलामी से प्रदेश को करीब 8 हजार रुपए रुपए के नुकसान की बात दोहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों, गरीबों को हक की राशि मिलनी चाहिए। सोच बदलने के लिए विपक्ष ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया था।

भूपेश बघेल ने...

की गई है। संजारी बालोद में 2024-25 में धान ख़रीदी का कितना लक्ष्य रखा गया है। मंत्री दयालदास बघेल ने कहा लक्ष्य निर्धारित नहीं, अनुमानित होता है। इस पर कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने सवाल किया कि रकबा से कम ख़रीदी क्यों हुई है। इस पर मंत्री दयालदास बघेल ने कहा जीतना किसानों से धान आया, उतना खरीदा गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तारण दास भारती पिता श्री बाबूलाल भारती के द्वारा ग्राम जाता हल्का नं. 02 तहसील साजा जिला बेमेतरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. क्रमशः 405, 406, 407 रकबा 0.08, 0.09, 0.7 हे. को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा हो तो दिनांक 12/03/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18754 दिनांक 07.03.2025
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR447A00381 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ANJALI SHARMA पिता/पति श्री --- के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती ARCHANA SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती D/O SHRI KAUSHAL KUMAR SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ हिब्बानामा, पंजीकृत विक्रय विलेख/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

स. क्र.	कार्य का नाम	निविदा सूचना क्र. /सिस्टम निविदा क्र. /दिनांक	अनुमानित लागत	निविदा निरस्त होने का कारण
1.	धमतरी जिले के विकासखंड धमतरी की महानदी परियोजना अंतर्गत महानदी मुख्य नहर के आर.डी. 10000 मी. से 15000मी. तक लाईनिंग एवं मरम्मत कार्य।	06/व.ले.लि. /2024-25/158505 दिनांक 13.09.2024 (प्रथम आमंत्रण) (जी.नंबर 242502559)	रु. 193.18 लाख	निविदाकार द्वारा ई.एम.डी. एवं अन्य दस्तावेज अपूर्ण प्रस्तुत करने के कारण।

जी-242505888/2

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग क्र. 2, रूद्री
कृते अधीक्षण अभियंता
म.ज.प. बांध मण्डल रूद्री
जिला-धमतरी (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202425440725600199

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी शंकर नारायण पिता ललित मोहन पिता/पति परिवर्तित भूमि पता सा.बैरनबाजार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 123/10 (0.0148) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता निकिता कालबेले पिता/पति स्व. भरत कालबेले पता उमंग कालोनी टिकरापारा रायपुर, आर्षभ कालबेले पिता/पति स्व. भरत कालबेले पता उमंग कालोनी टिकरापारा रायपुर के नाम पर पंजीयन अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8A पर की जाएगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.03.2025 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18805 दिनांक 10.03.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651JO1469 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DATTA BUILDCON PVT LTD DWARA DIR- P.V.S. NAGESH पिता/पति श्री SHRI P.PATTABHIRAM के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SAPNA DAN पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SANJAY KUMAR KISHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ : जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00059 चंगोराभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202425440722300062

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00059 के अंतर्गत ग्राम चंगोराभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी भरत पिता/पति पित चंद्र किशोर कालबेले पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 171/9 (0.0050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता निकिता कालबेले पिता/पति स्व. भरत कालबेले पता- उमंग कालोनी, टिकरापारा रायपुर, आर्षभ कालबेले पिता/पति स्व. भरत कालबेले पता-उमंग कालोनी, टिकरापारा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.03.2025 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
तहसील रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00081 बोरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी202425440726400089

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00081 के अंतर्गत ग्राम बोरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी सरिता पति संजय बाजपेयी पिता/पति पता शारदा चौक रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 718/3 (0.0112) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती निकिता कालबेले पिता/पति स्व. भारत कालबेले पता रायपुर छ.ग. ना.बा. आर्षभ कालबेले पिता/पति स्व. भारत कालबेले वली माता श्रीमती निकिता कालबेले पति स्व. भारत कालबेले पता रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति/स्वयं अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हसतक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/03/2025 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
तहसील रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone02@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा, दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर में स्थित एल.आई.जी. फ्लैट क्र. 514, ब्लाक नं. 22 (तृतीय तल) श्री कमलाकर मेश्राम पिता श्री जी.के. मेश्राम द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 15.11.2021 को पंजीकृत कराने उपरांत इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 785 दिनांक 08.02.2022 के द्वारा उनके नाम पर नामांतरित किया गया है।

उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विजयालक्ष्मी मेश्राम पति स्व. कमलाकर मेश्राम, निवासी श्री लक्ष्मण चौथमल, पंडित दीनदयाल पूरम हाउसिंग बोर्ड कालोनी, हाउस नं. एल.आई.जी.-95 आनंद नगर, खंडवा (म.प्र.) पिन नं.-450001 के द्वारा आवेदन मय, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निवेदन किया गया।

नामांतरित श्री कमलाकर मेश्राम पिता श्री जी.के. मेश्राम की मृत्यु दिनांक 11.09.2024 को हो गयी है। नामांतरित ने अपने जीवन काल के समय उक्त फ्लैट में अपनी माता (नामाजदगी) श्रीमती चन्दाबाई मेश्राम पति श्री जी.के. मेश्राम का नाम नियुक्त किया गया है। उक्त फ्लैट का नामांतरी की मृत्यु उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती विजयालक्ष्मी मेश्राम पति स्व. कमलाकर मेश्राम के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06 रायपुर (छ.ग.)

-:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 81/न.पा.नि./जोन क्रमांक-06/ 2024-25 — रायपुर, दिनांक 11/03/2025

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर)/फर्म एवं संस्था/एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ '' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सीलबंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 20/03/2025 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 27.03.2025 तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 28/03/2025 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविद आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा का प्रकार	मद का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	श. राजीव पाण्डेय वार्ड क्र. 62 अंतर्गत इंदिरा नगर शौचालय के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	द्वितीय	सामान्य मद	15.00	11300.00	750.00	P.W.D.Building SOR 01.01.2015	6 माह

कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा ''अ '' में :-

(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर. (निविदा खोलने की तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति।
(2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/ एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति। (4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन का प्रति (6) 3 वर्षों का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति

लिफाफा ''ब'' में :- (1) निविदा प्रपत्र

शर्तें :- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाय न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

■ न्यूज गैलरी

नगर पंचायत उपाध्यक्ष में प्रेरणा सिंह हुई विजयी

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा में आज उपाध्यक्ष पद हेतु मतदान हुआ, जिसमें भाजपा पार्षद प्रेरणा सिंह विजयी हुई। नगर पंचायत साजा में आज उपाध्यक्ष पद हेतु मतदान का आयोजन किया गया। नगर पंचायत साजा में कुल 15 पार्षद में 6 कांग्रेस और 9 भाजपा के पार्षद विजयी हुए है। आज हुए नगर पंचायत साजा के उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने प्रेरणा सिंह व कांग्रेस ने जनार्दन सिंह ठाकुर को अपना अपना प्रत्याशी बनाया। दोनों के द्वारा फार्म भरे जाने के बाद मतदान हुआ, जिसमें भाजपा की प्रेरणा सिंह को 11 मत व जनार्दन सिंह ठाकुर को 5 मत मिला। इस प्रकार भाजपा की प्रेरणा सिंह लाल शौर्यजीत सिंह को विजय प्राप्त हुई। मतदान पश्चात भाजपा पार्टी ने पुनः जश्न व खुशी का माहौल बन गया। सभी बधाईयां देने लगे। प्रेरणा सिंह लाल शौर्यजीत सिंह के विजयी होने पर विधायक ईश्वर साहू, नपं अध्यक्ष हिमांशु वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पार्षदगण व नगरवासियों ने बधाईयां दी।

आईडीबीआई बैंक ने स्कूलों को प्रदान की सामग्रियाँ

भाटापारा /नवप्रदेश। आईडीबीआई बैंक भाटापारा शाखा द्वारा सीएसआर मद से भाटापारा के आसपास के स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला खोखली मे वॉटर कूलर प्युरिफ़इर प्रदान की। इन सामग्रियाँ वितरण कार्य में आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख आशीष त्रिपाठी, शाखा प्रमुख गोविंद सिंह, क्षेत्रीय कॉर्डिनेटर सैकत सेन गुप्ता एवं स्कूल के प्रधान पाठक शालिनी वर्मा एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाखा प्रमुख गोविंद सिंह द्वारा प्रदान की गई।

काजारिया इंटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के नंबर 1 जीव्हीटी ब्रांड काजारिया इटरनिटी ने आज रायपुर में अपने अत्याधुनिक इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य शुभारंभ किया। यह सेंटर देवपुरी, पुराना धमतरी रोड, टाटा महादेव शोरूम के बगल में, रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है और ग्राहकों को टाइल्स की नवीनतम एवं प्रीमियम रेंज का अनुभव प्रदान करेगा।

इस भव्य उद्घाटन का आयोजन अमित जैन, वाइस-प्रेसिडेंट, सेल्स, काजारिया इटरनिटी के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और कई नामी ग्राहक उपस्थित रहेंगे।

रायपुर में प्रीमियम टाइल्स के नए युग की शुरुआत : नया काजारिया इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर आधुनिक डिजाइनों, उच्च गुणवत्ता और टिकाऊ टाइल्स के अनूठे संगम के साथ ग्राहकों को उनके सपनों का घर और कमर्शियल स्पेस डिज़ाइन करने में सहायता करेगा। यहां काजारिया इटरनिटी के बेहतरीन और एक्सक्लूसिव संग्रह को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

नवाचार और उत्कृष्टता की पहचान- काजारिया इटरनिटी

काजारिया इटरनिटी ने हमेशा नवाचार और उत्कृष्टता को प्राथमिकता दी है, और यह नया एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को उनके स्पेस के लिए सबसे उपयुक्त समाधान चुनने में मदद करेगा। ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रीमियम क्वालिटी और अत्याधुनिक डिजाइनों को ग्राहकों तक पहुंचाने की है, जिससे हर स्थान को बेहतरीन और भव्य बनाया जा सके।

काजारिया इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर, रायपुर में टाइल्स के शानदार संग्रह का अनुभव लेने के लिए सभी ग्राहकों को सादर आमंत्रित किया जाता है। आइए और अपने स्पेस को एक नया आयाम देने के लिए प्रेरित हों!

समग्र विकास के आवंटित राशि से आखिर किसके आदेश पर की गई है 10 प्रतिशत की वसूली

इस तरह के कारनामे से शिक्षा की गुणवत्ता पर उठ रहे हैं सवाल

बेमेतरा/नवप्रदेश। समग्र विकास के तहत जिले के सभी संकुल में शिक्षा के मेंटेनेंस ट्रेनिंग सहित अन्य आकस्मिक खर्च किए जाने हेतु प्रति सीएसी 80000 का आवंटन केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है जो इस वर्ष भी हुआ है किंतु इसे विडंबना ही कहीं जा सकती है कि आदेश मिलने एवं राशि के आवंटन के तत्काल बाद संकुल समन्वयक के द्वारा प्रति सी ऐ सी ?8000 यानी कि आवंटित राशि से 10त्न की राशि उच्च अधिकारियों के आदेश का हवाला देकर वसूल कर लिया गया मजे की बात तो यह है कि उस आवंटित राशि में इतना घाल मेल है कि सभी ष्ट, ष्ट के द्वारा यह राशि अपने संकुल समन्वयक में के पास जमा भी कर दिया गया है इस पूरे मामले में आश्चर्य क्या विषय यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा इस पूरे मामले में स्वयं को अनजान बता रहे हैं।

एक करोड़ 40 लाख का आवंटन तो 14 लाख की वसूली

: समग्र शिक्षा के तहत शिक्षा शिक्षा की गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से यह राशि खर्च की जानी चाहिए तथा बेमेतरा जिले के चारों विकासखंड में एक करोड़ 40 लख रुपए की राशि से भी ज्यादा का आवंटन विभाग को प्राप्त हुआ तथा उक्त आवंटित राशि में से 10त्न की राशि लगभग 14 लख रुपए की वसूली संकुल समन्वयक के द्वारा अपने उच्च अधिकारी का हवाला देकर वसूल लिया गया।

पहले वाले मामले में तो जांच नहीं हो पाई पुरी अब दूसरे मामले में क्या विभाग जांच कराएगी: आज से ठीक 1 महीना पहले तेजस स्कूल में नियुक्ति के नाम पर अभ्यर्थियों के द्वारा खुले आम आरोप लगाया गया मामला पूरी तरह लेनदेन का ही था जिसके चलते विभाग को भर्ती प्रक्रिया ही निरस्त करनी पड़ी अब दूसरा मामला 10त्न राशि वसूली की है यह विभाग के कार्यशैली को देखने वाली बात अवश्य ही है कि क्या मामले को पहले वाले मामले की तरह गंभीरता लेते हुए इस पर जांच की जावेगी और दोषियों के खिलाफकार्रवाई की जावेगी या फिर यह मामला भी भर्ती प्रक्रिया वाले मामले की तरह ठंडा बस्ती में चल जाएगी। आखिर यह मामला भी एक तरफ से अवैध वसूली का मामला ही कहा जा सकता है।

इस मामले में जब जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस तरह की जानकारी मेरे पास भी आई थी जिसके चलते मैं बैठक में स्पष्ट रूप से किसी तरह की कोई वसूली नहीं किए जाने की हिदायत भी दी है और यदि वसूली की गई है तो नियमानुसार कार्रवाई अवश्य ही की जावेगी।मामला आखिर शिक्षा में गुणवता सुधारने का है इससे कोई समझौता नहीं किया जावेगा।

बैठक में भी दी नसीहत

आवंटित राशि में से 10त्न की वसूली का मामला आज जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आहूत की गई बैठक में भी उठा तथा स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी के के बंजारे ने इस वसूली के संबंध में जानकारी ली और कहा कि आखिर किसके इशारे पर यह राशि की वसूल की गई है तब इस मामले को टालने के उद्देश्य से विभाग के ही कुछ जिम्मेदार का जाने वाले लोग मामला डीएसी के पाले में डालने का प्रयास किया गया किंतु मामले की गंभीरता को लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले में किसी तरह की कोई वसूली नहीं की जानी चाहिए जबकि सच्चाई यह है की पूरी राशि वसूल की जा चुकी है।

माहेश्वरी समाज ने किया सर्वाइकल कैंसर रोधी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। राजनांदगांव में रविवार 09 मार्च को वैक्सीन 2025 (कैंसर से जंग ,जीतेंगे हम) लगाने का अभियान शुरू हुआ,कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के महामंत्री अजय काबरा द्वारा किया गया, उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस अवसर पर काबरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में राजनांदगांव ऐसा पहला जिला संगठन है जहा कैंसर वैक्सीन लगाई गई।

छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश मुदडा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि बांगड़ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा समाज के लिए वैक्सीन न्यूनतम शुल्क मे दी जा रही है जिसका लाभ सभी समाजजनों को उठाना चाहिए। वही छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष शशी गट्टानी ने कहा कि महिलाओ को कैंसर की समस्या से निजात पाने के लिए वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपाध्यक्ष विजय राठी, संयुक्त मंत्री दिनेश राठी,छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के सचिव नंदकिशोर राठी,संगठन मंत्री गजेंद्र चांडक, बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी के छत्तीसगढ़ संयोजक नरेंद्र लोहिया,बृजकिशोर सुरजन ,पवन डागा,संजय लड्डा,गोविंद मालानी,गगन लड्डा,जिला माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष विनिता डागा, सचिव प्रीति चितलांग्या, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष दीपा बागड़ी उपस्थित थे। गट्टानी ने बताया कि कार्यक्रम में नरेंद्र लोहिया, राजनांदगांव के प्रसिद्ध चिकित्सक नरेंद्र गांधी, जिला सभा अध्यक्ष गोविंद मालानी व उनकी टीम सहित माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष पवन डागा व उनकी टीम, अलका सुरजन, शीला गांधी, सुषमा राठी, माया राठी, सरिता डागा, सीमा डागा का विशेष सहयोग रहा।

प्रकृति का श्रृंगार, हर ओर खिले पलाश के फूल

बसंत में खिलखिला उठे पलाश के फूल, होली के आगमन का होने लगा अहसास रोड किनारे पर

नगरी/नवप्रदेश। इन दिनों बसंत अपने चरम पर है और प्रकृति खुद को नए रंगों से सजा रही है। गांव-शहरों की सड़कों और जंगलों में पलाश के खिले हुए फूल मानो होली के आगमन की सूचना दे रहे हैं। जैसे ही नजरें इन नारंगी लाल रंगों पर पड़ती हैं, मन आनंद से भर उठता है। पलाश का यह खिलना न केवल पर्यावरण को रंगीन बना रहा है बल्कि लोगों के दिलों में भी उत्साह जगा रहा है। स्थानीय लोग इसे जंगल की ज्वाला भी कहते हैं। क्योंकि इसके फूल किसी जलती हुई मशाल की तरह दिखते हैं।

वनों की शोभा और जैव विविधता का हिस्सा

पलाश के फूल न केवल देखने में सुंदर होते हैं बल्कि ये पर्यावरण के लिए भी उपयोगी हैं। इन फूलों से मधुमक्खियां और तितलियां पराग इकट्ठा करती हैं। जिससे जैव विविधता बनी रहती है। इसके अलावा, पलाश की लकड़ी और छाल का उपयोग औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है वैसे-वैसे पलाश के फूल और अधिक खिलकर इस त्योहार की खुशी को और बढ़ा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में लोग इन फूलों को देखकर पुराने समय की यादें ताजा कर रहे हैं और पारंपरिक होली मनाने की तैयारियों में जुट गए हैं।

पलाश के औषधीय गुण जानते हैं ग्रामीण वैद्य-हकीम : पलाश केवल अपनी सुंदरता के लिए नहीं जाना जाता, बल्कि यह वनस्पति जगत का एक अनमोल खजाना भी है। इसके विभिन्न हिस्सों का उपयोग दवाओं और अन्य औषधीय प्रयोजनों में किया जाता है। औषधीय उपयोग पलाश की छाल, फूल और गोंद का उपयोग आयुर्वेदिक चिकित्सा में किया जाता है। इसे त्वचा संबंधी रोगों, पाचन समस्याओं और बुखार के इलाज में फायदेमंद माना जाता है। जैव विविधता के लिए वरदान इसके फूलों से मधुमक्खियां शहद बनाती हैं और पक्षियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत होता है। पर्यावरण संतुलन में योगदान पलाश के वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं और अपने घने जंगलों से वातावरण को शुद्ध बनाए रखते हैं।

होली और पलाश परंपरा व संस्कृति का संगम

होली का त्योहार रंगों के बिना अधूरा है और प्राचीन समय में लोग पलाश के फूलों से रंग बनाकर होली खेलते थे। कहा जाता है कि पलाश के फूलों से बना रंग त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। आज भले ही कृत्रिम रंगों का प्रचलन बढ़ गया हो लेकिन पारंपरिक रूप से प्राकृतिक रंगों का महत्व अब भी बरकरार है।

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने की कलेक्टर व एसपी से भेंट

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवनिर्वाचित जिला पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से सौजन्य भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के गांवों की मूलभूत समस्याओं, कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बेमेतरा जिले के हर गांव तक प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुँचाना और ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास करना है। उन्होंने कलेक्टर एवं एसपी से गांवों की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने के लिए सहयोग की अपील की।उन्होंने बेमेतरा में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने पर भी चर्चा की और इस दिशा में पुलिस प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि बेमेतरा को सुशासन और सुरक्षित जिला बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान कलेक्टर रणवीर शर्मा और एसपी रामकृष्ण साहू ने जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मनाई गई, वन बंधु परिषद महिला समिति का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वी जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कलांजलि कार्यक्रम में इंदौर की सुप्रसिद्ध संगीतमय नृत्यङ्कनाटिका द्वारा अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित दृश्यों को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम संयोजक संजय जोशी ने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्यदेवी साय, रायपुर महापौर मीनल चौबे, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ला सहित महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस मौके पर वन बंधु परिषद महिला समिति रायपुर चैप्टर के सेवा कार्यों सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रयासों, गौरवपूर्ण उपलब्धियों के लिए पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। श्रीमती कौशल्यदेवी साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन प्रेरणादायी है, उनके कार्य एवं विचार प्रासंगिक है, सामाजिक कल्याण, धर्म एवं अध्यात्म की चेतना,उनके सेवा कार्य सहित महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के क्षेत्र में किए गए कार्यों ने भारत देश को एक नई दिशा प्रदान की है। कार्यक्रम के आयोजक कॉस्मिक क्रिएशन सोसाइटी, महाराष्ट्र मंडल रायपुर सहित छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग है। वन बंधु परिषद महिला समिति के सम्मान समारोह में कांता सिंघानिया,अनिता खंडेलवाल, सरिता रेखानी, शताब्दी पाण्डेय, कविता राठी, सविता गुप्ता, डॉक्टर रेणुका शर्मा, मीणा अग्रवालज,शुभांगी,किरण अग्रवाल,बिंदिया अग्रवाल,पुष्पा, कल्पना खंडेलवाल,आरती अग्रवाल,गौरी अवधिया,सुशीला अवधिया,राजश्री गुप्ता, धर्मशिला गोपाल,डॉक्टर संध्या साहू, शिला सिंह,संध्या गुप्ता,ऋतु खंडेलवाल, सुधा शर्मा, रखी बेरलिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

आज जनदर्शन में 25 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज मंगलवार को कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण किया गया। इस जनदर्शन में 25 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। प्रमुख रूप से भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिल पाना, आधार या राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं, जल, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर शर्मा ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि कुछ गंभीर मामलों को टीएल पंजी पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निपटाने के आदेश दिए। तहसील बेमेतरा के ग्राम पंडरभट्ठा निवासी मुकुट दास मानिकपुरी द्वारा आबादी पट्टा चिन्हित करवाने, ग्राम देवकर के गिरधर गुप्ता द्वारा खुशी गुप्ता की टंकी में डूबने से हुई मृत्यु पर आर्थिक सहायता की मांग, तथा ग्राम निनवा के निवासियों द्वारा शासकीय घास जमीन पर हुए कब्जे को मुक्त करवाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा अन्य आवेदनों में निराश्रित पेंशन, बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन आदि से संबंधित मांगें भी शामिल रहीं। जनदर्शन में दूर-दराज से आए नागरिकों की समस्याओं को त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग, सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा का आयोजन

महिलाएं समाज की हैं रीढ़ और हर क्षेत्र में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण - दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा के तत्वावधान में साहू छात्रावास बेमेतरा मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू सम्मिलित हुए। उनके साथ पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य मधु राय, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी गंधर्व, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू, पार्षद सजनी यादव, नीतू कोठारी, चांदनी दत्ता, महिला पत्रकार योगिता साहू, ममता गवाल्वँसी समेत अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी भूमिका हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। आज का दिन उन सभी महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है, जिन्होंने समाज और देश के निर्माण में अपनी अमूल्य भूमिका निभाई है। मैं सबसे पहले यहां उपस्थित सभी माताओं, बहनों और बेटियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हमारा समाज तब ही आगे बढ़ सकता है जब महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, जिनमें उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण अभियान और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की कई पहल शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना है, बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में लाना भी है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा संगठन सदैव महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है।महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। हमें महिलाओं को केवल घर की चारदीवारी तक सीमित न रखते हुए उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और नेतृत्व के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी शक्ति और क्षमताओं का प्रदर्शन कर रही हैं।

हमारी बहनें राजनीति, समाजसेवा, व्यापार, खेल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि हर महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बने और अपने सपनों को साकार कर सके।कार्यक्रम मे भाजपा महिला मोर्चा के सदस्य रीना साहू, लक्ष्मी साहू, निशा चौबे, हेमलता शर्मा, राजेश्वरी पांडे, जामिन बंछोर, उमेश्वरी साहू, सावित्री रजक, प्रमिला साहू, पिकी गुप्ता, संतोषी साहू, ममता साहू, शीलू साहू, सुमिता यादव, मीनू पटेल, अनीता मिश्रा, लक्ष्मीलता वर्मा, भुनेश्वरी वर्मा समेत अनेक महिला कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में महिला मोर्चा की ओर से अतिथियों का सम्मान किया गया और महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण हेतु संकल्प लिया गया।

हर्बल गुलाल के उत्पादन में जुटीं महिलाओं के जीवन में सुख-समृद्धि की बहार

जिले के सभी विकासखण्ड के 20 सेक्टर की 172 महिलाएं बना रहीं हैं हर्बल गुलाल

बालोद/नवप्रदेश। रंगों का त्यौहार होली इस बार बालोद जिले में रसायन मुक्त होकर हर्बल रंगों से सराबोर होने वाला है। यह सब मुमकिन हुआ है जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान से जुड़ी महिलाओं के बुलंद हौसलों से। जिन्होंने जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए हर्बल गुलाल बनाने का निर्णय लिया है। यूं तो रंगों के इस त्यौहार में हर कहीं रंग ही रंग नजर आते हैं, लेकिन बाजार में बिकने वाले इन रंगों में कई प्रकार के रासायनिक तत्व मिले होते हैं, जिनके उपयोग से त्वचा में कहीं न कहीं नुकसान होता है। ऐसी

परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में बिहान की महिलाओं ने सभी विकासखण्डों के कुल 20 कलस्टर की 172 महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल बेहतर ढंग से तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जिले की महिलाओं को विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़कर निरंतर ही आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न तीज त्यौहारों के अवसर पर मांग अनुरूप सामग्री तैयार कर, उसके पैंकेजिंग और मार्केटिंग हेतु सभी आवश्यक मदद की जाती है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.

संजय कन्नौजे ने बताया कि वर्तमान में होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए बिहान की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से पलाश, चुकंदर, सिंदुर बीज, पालक, कच्ची हल्दी का उपयोग कर विभिन्न रंगों का हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। जिले में अब तक लगभग 50 क्विंटल से अधिक हर्बल गुलाल तैयार कर लिया गया है। जिसमें से अब तक 26 क्विंटल हर्बल गुलाल का विक्रय स्थानीय बाजार एवं अन्य जिले में मांग अनुरूप विक्रय किया गया है।

हर्बल गुलाल का उत्पादन कर रही वृंदावन महिला संकुल संगठन जमरूवा की पीआरपी श्रीमती ओमलता देशमुख ने बताया कि उनके संगठन की महिलाओं ने विगत वर्ष भी हर्बल गुलाल का उत्पादन किया था, इस वर्ष वे पहले से अधिक मात्रा में हर्बल गुलाल का उत्पादन कर रही हैं, इस गुलाल का बाजार में मॉग अधिक है, क्यों कि इसके उपयोग से शरीर की त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है, यह गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक उत्पादों को मिलाकर बनाया गया है, किसी प्रकार का रासायनिक तत्व उपयोग में नहीं लाया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक उन्होंने बड़ी मात्रा में हर्बल गुलाल का उत्पादन कर लिया है, जिसे वे स्थानीय बाजार के साथ ही शासकीय कार्यालयों में स्टॉल लगाकर कर रही हैं। समूह की सदस्य श्रीमती विद्या यादव और श्रीमती मनीषा कुंजाम ने बताया कि वे बिहान के अंतर्गत कार्य करते हुए आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रतिमाह महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, इससे उन्हें अपने कार्य का निरंतर ही बेहतर रूप में करने प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में महिलाओं को सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाने निरंतर कार्य किया जा रहा है, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। समूह की महिलाओं ने जिले के साथ ही छत्तीसगढ़ के लोगों को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए, हर्बल गुलाल का उपयोग करने की अपील भी की है।

न्यूज गैलरी

राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

बेमेतरा/नवप्रदेश। समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 5 एवं 6 मार्च 2025 को स्व. बीआर. यादव खेल परिसर बहतराई सीपत रोड बिलासपुर में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के कुल 7 बच्चों ने भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। दौड़ प्रतियोगिता में भूमेकुमारी (शासकीय हाई स्कूल, भरदा कला) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में कु. कल्पना (शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, बालसमुंद) ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। इन विजेता बच्चों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। बच्चों की इस सफ्लता पर शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार वर्मा, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, धनंजय प्रसाद शर्मा, श्रीमती रेणुका चौबे (समावेशी शिक्षा प्रभारी) सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस आयोजन ने न केवल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को निखारा बल्कि उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। इस तरह की प्रतियोगिताएं समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और सभी बच्चों को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित होती हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुईं हैं कल्पना योगेश तिवारी

होली मिलन के बहाने कल्पना की जीत का जश्न हजारों लोगों ने जमकर उड़ाए अबीर-गुलाल

■ **होली मिलन समारोह में कल्पना योगेश तिवारी ने जनता का जताया आभार**

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज करने के उपलक्ष्य में नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह भव्य कार्यक्रम मां चंडी मंदिर प्रांगण, नेवनारा में संपन्न हुआ, जिसमें प्रेम, सौहार्द्र और उत्साह का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। इस ऐतिहासिक आयोजन में बेमेतरा जिला एवं समस्त बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, समस्त कार्यकर्ता एवं हज़ारों की संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। रंगों और उमंगों के इस पर्व में सभी ने एकजुट होकर समर्पण, सेवा और विकास के संकल्प को दोहराया।

इस शुभ अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा यह जीत मेरी नहीं, बल्कि आप सभी की जीत है। बेमेतरा की जनता ने जो प्रेम और समर्थन मुझे दिया, वह मेरे लिए

अनमोल है। मैं आपके विश्वास पर खरी उतरूंगी और बेमेतरा के हर गांव में विकास की गंगा बहाने का संकल्प लेती हूँ। कार्यक्रम के दौरान होली के पारंपरिक रंगों से सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया। मंच से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी संबोधित किया और बेमेतरा के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर बेमेतरा को विकसित और सशक्त बनाने के लिए समर्थन जताया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि कल्पना योगेश तिवारी जी के नेतृत्व में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा और हर गांव तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई जाएंगी। कार्यक्रम में अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, राजेन्द्र शर्मा, खुशबू गोविंद वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा, नरेंद्र वर्मा महामंत्री जिला बेमेतरा, अंजनी प्रीतम चंदेल जिला पंचायत सदस्य, राहुल योगराज टिकरिहा जिला पंचायत सदस्य, अनिल वर्मा सदस्य जिला पंचायत, विकास दीवान, बलराम पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष बेरला, सूर्यकांत नायक मंडल अध्यक्ष भिभौरी, यशवंत वर्मा, सुरेश सिहोरे नगर पंचायत अध्यक्ष देवकर, राजेंद्र शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, परमेश्वर वर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष, नथमल कोठारी वरिष्ठ भाजपा नेता, नारद वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत साजा, रेखा पोषण सिन्हा जनपद सदस्य बेरला, नीरज राजपूत

जनपद सदस्य, विनोद दुबे, सुनील राजपूत, सच्चिदानंद मिश्रा, यशवंत वर्मा, भगवती परगनिहा, भोलाशंकर वर्मा, अशोक पांडेय, सौरभ मिश्रा, पियूष शर्मा, मनोज पटेल,भारत कोसले, बलराज बंजारे, राकेश यादव, नेतराम परगहनां, राजु परगहनियां, सोनु साहु, जीतु साहु, योगेन्द्र साहू, कामदेव सिन्हा, पिंटू सिन्हा, दिलीप निषाद, कन्हैया सेन, प्रहलाद वर्मा, पीयूष शर्मा, मनोज पटेल, लखन चक्रधारी, मनोज सिन्हा, यशवंत टंडन, नरेश राय, सौरभ मिश्रा, पंचम पटेल, राजेश पांल, रवि गड़पाले सहित पुरे बेमेतरा जिला के संरपच सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

मनुष्य में देवत्व का उदय गायत्री परिवार का लक्ष्य : गणेश चंद्रवंशी

■ **चिचोली में आयोजित 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन**

नवागढ़। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान में ग्राम चिचोली में आयोजित 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। 6 से 9 मार्च तक आयोजित धार्मिक आयोजन में हजारों लोगों ने भाग लिया। प्रथम दिवस भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई ।विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियों एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहे।

द्वितीय दिवस वैदिक मंत्रों और यज्ञ आहुतियो के बीच पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। यज्ञाचार्य शांतिकुंज प्रतिनिधि गणेश चंद्रवंशी ने श्रद्धालुओं को यज्ञ के महत्व और इसके वैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी दी। संध्याकालीन बेला में पावन प्रज्ञा पुराण प्रवचन सुनाया गया। टोली नायक ने कथा सुनाते हुए कहा जीवन में सद्गुणों को अपनाने एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ाने की आवश्यकता है। यज्ञ न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है बल्कि पर्यावरण शुद्ध और मानसिक शांति में सहायक होता है। अंतिम दिवस दिव्य 5100 वेदी दीप महायज्ञ किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने भावनात्मक आहुतियां प्रदान की। बाल संस्कार शाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो बहुत ही प्रशंसनीय रहा।

चतुर्थ एवं अंतिम दिवस विभिन्न संस्कार दीक्षा, नामकरण, मुंडन, विद्या आरंभ निशुल्क कराए गए। विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का विशेषज्ञ डॉक्टरो के द्वारा लगाया गया । जिसमें ग्रामीण जनों ने स्वास्थ्य जांचकरा कर दवाइयां प्राप्त किए। आरबी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, ममता हॉस्पिटल वि वाय हॉस्पिटल रायपुर, एम्स रायपुर, मेडिकल कॉलेज रायपुर के चिकित्सों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच किए। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कृष्णकांत साहू ने बताया धार्मिक आयोजन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बहुत ही सराहनीय है। हृदय रोग का प्रमुख कारण गलत खानपान फास्ट फूड एवं नशा है ।एम्स के डॉक्टर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आकांक्षा साहू ने महिलाओं में प्रमुख रूप से होने वाले बीमारियों के कारण एवं निदान बताया एवं सलाह दिया कि सही समय पर जांच कर कर रोगों से निजात पाया जा सकता है।

नवनिर्वाचित सदस्यों का प्रथम सम्मिलन सफलतापूर्वक सम्पन्न

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत बेमेतरा के

नवनिर्वाचित सदस्यों का प्रथम सम्मिलन आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। यह सम्मिलन पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ विकास भवन नवा रायपुर अटल नगर के आदेश के तहत आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण सम्मिलन की अध्यक्षता जिला पंचायत बेमेतरा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने की, जबकि उपाध्यक्ष श्रीमती खुशबु गोविंद वर्मा भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहीं। सम्मिलन में भाग लेने वाले अन्य सदस्यगणों में श्रीमती अंजली नंदराम गंधर्व, हरीश पंचराम साहू, श्रीमती बालकुमारी ध्रुव, श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड़, श्रीमती सुशीला जोशी, अंजू बघेल, श्रीमती मधु राय, श्रीमती देवी परमेश्वर वर्मा, श्रीमती प्रीती गोवेन्द्र वर्मा, अनिल वर्मा, अंजनी कुमार चंदेल और राहुल योगराज टिकरिहा प्रमुख रूप से शामिल थे। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद, सभी सदस्यों को जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचित कराया गया। इस दौरान जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने सदस्यगणों को पंचायत के कामकाज और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री रायपुर में आयोजित करेगा राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) द्वारा, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के विकास आयुक्त कार्यालय के सहयोग से, *राष्ट्रीय आई पी यात्रा कार्यक्रम (2 दिवसीय कार्यशाला)* का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 12 और 13 मार्च 2025 को होटल बैबिलोन इंटरनेशनल, वीआईपी रोड, रायपुर में प्रातः *10:00 बजे से सायं 4:00* बजे तक आयोजित होगी। बौद्धिक संपदा (आईपी) केवल उत्पादों और प्रक्रियाओं में नवाचार को पहचानने और सुरक्षित करने में सहायक नहीं होती, बल्कि नवाचारों के ब्रांड निर्माण और विपणन में भी मदद करती है, जिससे बड़े पैमाने पर संपत्ति सृजन की संभावनाएँ उत्पन्न होती हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य देश में एक मजबूत आईपी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना और छत्तीसगढ़ राज्य के एमएसएमई, स्टार्टअप्स तथा अन्य हितधारकों को अधिक आईपी आवेदन पंजीकृत करने और अपने नवाचारों व रचनात्मक विचारों की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना है। इससे उन्हें अधिक व्यावसायिक अवसर मिलेंगे, ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा और वे अपने व्यवसाय को अगले स्तर तक ले जा सकेंगे। साथ ही, कार्यशाला प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) को समझने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करेगी।

इस कार्यशाला के दौरान बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी, और प्रतिभागियों को उनके आईपी पंजीकरण में सहायता हेतु निःशुल्क परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय से प्रतिपूर्ति (रिइम्बर्समेंट) प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यह कार्यशाला बौद्धिक संपदा क्षेत्र के प्रतिष्ठित पेशेवरों और शिक्षाविदों द्वारा संबोधित की जाएगी। एमएसएमई उद्यमी, संभावित स्टार्टअप संस्थापक, नवोन्मेषक, प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि, आईपी पेशेवर, कानूनी अधिकारी, शिक्षाविद और प्रौद्योगिकी विकास तथा आईपी कानूनों में रुचि रखने वाले छात्र 12 और 13 मार्च 2025 को होटल बैबिलोन इंटरनेशनल, रायपुर में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को आईपी विशेषज्ञों से चर्चा करने और अपने आईपी से जुड़े प्रश्नों के समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यशाला में एक आईपी हेल्पडेस्क भी उपलब्ध रहेगा, जो बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन का किया गया आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। जिला पंचायत बालोद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। आज जनताओं के समस्याओं का निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, आदित अधिकारीगण उपस्थित थे।

सभी वार्डों के विकास को देंगे प्राथमिकता : सिंद्धान्त चौहान

नवागढ़। नगर पंचायत नवागढ़ में युवा अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने नगर सत्ता की बागडोर संभाल ली है। सोमवार को उन्होंने नवागढ़ के महामाया, शमी गणेश, राम मंदिर, कर्मा मंदिर सहित गुरुद्वारा, जय स्तम्भ समस्त समुदाय के धार्मिक स्थलों का आशीर्वाद लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष का औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी और शासन की योजनाओं को हर गली-मोहल्ले तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। चौहान ने कहा कि वर्तमान में पूरा नगर जल संकट से जूझ रहा है, नगरवासियों तक जल पहुंचाना

हमारी प्राथमिकता होगी। सभी से सामंजस्य बनाकर नगर के विकास के लिए काम करेंगे। सिंद्धान्त के खास समर्थक ने सुरेश निषाद, जित्ते रजक, दानिराम जायसवाल ने सिद्धांत की ऐतिहासिक जीत को क्षेत्र की राजनीति में एक नया आयाम बताया। उन्होंने कहा कि सिंद्धान्त ने जीत हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो इस बात का प्रमाण है कि वे जनता के बेहद करीब हैं और लोगों का उन पर अपार विश्वास है।

जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए अपना सामाजिक दायित्व निभाएं औद्योगिक प्रतिष्ठान : कलेक्टर

■ **बोरवेल के माध्यम से भू-जल का अत्यधिक दोहन किए जाने के कारण बन रही जल संकट की स्थिति**

राजनांदगांव/नव प्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वृक्षारोपण, मिशन जल रक्षा एवं शिवनाथ नदी में भू-जल स्तर में आ रही कमी विषयों पर चर्चा एवं परिचर्चा हेतु उद्योगों, जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों, जिला पंचायत, उद्योग विभाग, खनिज विभाग की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत किरण साहू, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत जल संरक्षण के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल संकट के दृष्टिगत आने वाली पीढ़ी के लिए यह जरूरी है कि जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाए। उन्होंने औद्योगिक संस्थानों से कहा कि जल संरक्षण के लिए भू-जल के रिचार्ज हेतु 1000 इंजेक्शन वेल का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी उद्योग सहयोग करते हुए मशीन उपलब्ध कराएंगे। इन मशीनों का उपयोग ग्राम पंचायतों में भू-जल के रिचार्ज हेतु किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जिले में बोरवेल के माध्यम से भू-जल का अत्यधिक दोहन किए जाने के कारण जल संकट की स्थिति बन रही है। इसे दूर करने के लिए सबकी सहभागिता आवश्यक है। शिवनाथ नदी में किसानों द्वारा बोरवेल के माध्यम से पानी का अधिक दोहन करने के कारण भू-जल स्तर में कमी आयी है। शिवनाथ नदी के साफसफाई के साथ ही भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी उद्योगों को हिदायत देते हुए कहा कि उद्योग अपना सामाजिक दायित्व निभाएं तथा जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए अपना योगदान सुनिश्चित करें।

समीक्षात्मक रिपोर्ट — *नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में सभी वर्गों को साधने के लिए बनाई थी रणनीति*

भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत लाई रंग

■ **भाजपा ने लहराया नगर से गांव तक के चुनाव में अपना परचम, संगठन में भी फूंकी जान**

बालोद/नवप्रदेश। भाजपा के नए जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत लगातार रंग ला रही है। इसी का परिणाम है कि बालोद जिले में भाजपा नए सिरे से संगठित होते हुए फिर से खड़ी हो रही है और गांव से लेकर नगर स्तर तक के चुनाव में लगातार जीत हासिल करने में कामयाब रही है। हाल ही में संपन्न

हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय के चुनाव में लगातार सफ्लता ने साबित कर दिया है कि भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के हाथों संगठन की कमान आने के बाद उन्होंने भाजपा में नई जान फूंकी है और विभिन्न नगरीय निकाय में भाजपा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत में भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचित होने से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में सफ्लता मिली है। चेमन देशमुख के उक्त कार्य कुशलता और नेतृत्व क्षमता से भाजपाइयों में हर्ष का माहौल है और सभी एक नई ऊर्जा का संचार महसूस कर रहे हैं। हाल ही में जिला पंचायत में भी अध्यक्ष भाजपा समर्थित तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर और उपाध्यक्ष तोमन साहू निर्वाचित हुए हैं। तो वहीं विभिन्न जनपद और नगर पालिका, नगर पंचायत में भी भाजपा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचित होकर आए हैं। भाजपा संगठन एक जुटता दिखाते हुए और समर्थित प्रत्याशियों ने भी मिलकर भाजपा के उम्मीदवारों को जिताया है। नगर पालिका बालोद के चुनाव में भी जहां अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी निर्वाचित हुए हैं तो वहीं सोमवा को उपाध्यक्ष पर भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी कमलेश सोनी ने जीत दर्ज की है। जो पहले कांग्रेस के गढ़ हुआ करते थे वहां पर किला ढहाते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व के साथ प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता ने मेहनत करते हुए भाजपा का परचम लहराया है। जिसका लाभ आने वाले चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। इसी गतिशीलता और नई ऊर्जा, जोश के साथ भाजपा आगामी चुनाव की रणनीति और शासन की प्रत्येक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, विष्णु देव साय के सुशासन और मोदी की गारंटी से जनता को लाभान्वित करने के लिए जुटी हुई है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से गांव से लेकर नगरों का विकास अब तेजी से होगा, ऐसी उम्मीद जनता में भी बनी हुई है। भाजपा सरकार की हितकारी योजनाओं का लाभ भी इस बार के पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव में संबंधित प्रत्याशियों को मिला है। अध्यक्ष चेमन देशमुख की कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत से नगरीय एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनावों ऐतिहासिक सफ्लता मिली है। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कुशल रणनीति और जबरदस्त संगठन कुशलता और विष्णुदेव सरकार के विकास कार्यों को नीचे तक पहुंचाते हुए पूरे जिले में जिला अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार प्रवास कर कमजोर हो चुके संगठन में जान फूंक कर पूरे जिले के कार्यकताओं में उत्साह का संचार किया।

महिला स्व-सहायता समूह द्वारा कलेक्टरेट में हर्बल गुलाल का लगाया स्टॉल

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत महीदही ब्लॉक साजा द्वारा होली त्योहार के मद्देनज़र तैयार किए गए हर्बल गुलाल उत्पादों का विक्रय करने के लिए सोमवार को जिला कार्यालय परिसर बेमेतरा में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा और सीनियर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने महिला समूह द्वारा लगाये स्टॉल का अवलोकन किया एवं समूह की महिला से उनके द्वारा

किये जा रहे उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ -साथ अतरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर डॉ अनिल वाजपेयी सहित अधिकारी कर्मचारियों ने हर्बल गुलाल खरीदे। अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने हर्बल गुलाल खरीदे।

न्यूज गैलरी

आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम कोदवा निवासी हेमंत वर्मा पिता तेजराम वर्मा की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी अंजू वर्मा पति स्व. हेमंत वर्मा को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल तक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिये अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदो के लिये जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च 2025 से 10 अप्रैल 2025 तक खुली रहेगी। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार इस बार के अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकतें है। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 के बाद होने की संभावना है। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिये सेना भती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212/0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा विस्तृत जानकारी के लिये जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बलौदाबाजार के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

उदयराम तिवारी का निधन

धमतरी/नवप्रदेश । स्थानीय मराठा पारा निवासी

प्रदीप तिवारी पिता स्व.उदय राम तिवारी का 10 मार्च को रात्रि 8 बजे निधन हो गया । उनकी अंतिम यात्रा 11 मार्च को सुबह 11 बजे गृह निवास से निकाली गई । जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और गणमान्य नागरिक शामिल हुए । उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में किया गया । वे राजेश तिवारी के बड़े भाई थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय के हाथों रंजना साहू हुईं सम्मानित

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व महिला दिवस के अवसर में मुख्यमंत्री निवास रायपुर में महतारी वंदन अभिनंदन कार्यक्रम के दरमियान छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के करकमलों से सम्मानित होने का गौरव भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू को मिला। मा. मुख्यमंत्री साय जी के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि मैं इस सम्मान से अभिभूत हुं, मुख्यमंत्री जी का सादर धन्यवाद आभार जिन्होंने मुझे सम्मानित किया, यशस्वी मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार नीति नए आयाम स्थापित कर रहे हैं, छत्तीसगढ़ प्रदेश पुनः विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण और

सशक्तिकरण के लिए कई योजना चला रही है, जिसमें मुख्य रूप से महतारी वंदन योजना जिसमें आर्थिक रूप से महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रतिमाह 1000 की राशि की जाती है, इसी तरह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, आंगनबाड़ी योजना, महिला स्वयं सहायता समूह की स्थापना, छत्तीसगढ़ गृहस्थी योजना, श्री धन योजना, महिला सुरक्षा के लिए महिला पुलिस सहायता जैसे अनेक योजनाएं लाकर महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा प्रदेश की भाजपा सरकार दी रही है, मैं समस्त माता बहनों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रीगणों का धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

बालोद/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लकरा ने उन सब से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनदर्शन में आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पिनकापार निवासी श्री यशवंत पटेल ने अपने गांव के बड़े तालाब के पास पंप लाईन बदलवाने की मांग की। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड की ग्राम मटिया निवासी श्रीमती परदेशीनन बाई ने खाता विभाजन तथा ग्राम लिमोरा निवासी चन्द्रहास साहू ने गांव में जन चैपाल लगाने की मांग की।

वनोपज खैर लकड़ी का अवैध परिवहन करते ट्रक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। दिनांक 10.03.2025 को थाना चिल्फी पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक क्रमांक JH®~BC6264 में अवैध रूप से भारी मात्रा में वनोपज खैर लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। प्राप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (IPS) को अवगत कराते हुए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा डीएसपी संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में थाना चिल्फी पुलिस टीम द्वारा एनएच-30 थाना चिल्फी के सामने वाहनों की सघन चेकिंग प्रारंभ की गई।

चेकिंग के दौरान रायपुर-कवर्धा की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक JH®~BC6264 को रोककर जांच की गई, जिसमें चालक रंजित सिंह पिता बलदेव सिंह (उम्र 20 वर्ष, निवासी थाना कत्थूनंगल, जिला अमृतसर, पंजाब) द्वारा अवैध रूप से खैर लकड़ी परिवहन किया जा रहा था। मौके पर वाहन की विधिवत तलाशी एवं दस्तावेजों की जांच करने पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह लकड़ी सरायपाली के अविनाश उर्फसन्नी चांवला द्वारा लोड कराई गई थी।

मौके पर धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस जारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा वाहन को लक्ष्मीनारायण धर्मकांटा, बोड़ला में तौल कराया गया। जप्त सामग्री निम्नानुसार है– ट्रक क्रमांक छ्॥09क्ष्ट6264 (वजन 10.200 किलोग्राम) ङ्क कीमत 15,00,000 रुपये वनोपज खैर लकड़ी (वजन 8.830 क्विंटल) – कीमत 9,00,000 रुपये आरोपी से प्राप्त दस्तावेज – 02 प्रति ट्रक का रजिस्ट्रेशन कार्ड कुल जुमला कीमत ङ्क 24,00,000 रुपये आरोपी के विरुद्ध थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 10/2025 धारा 336, 340 बीएनएस एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 42 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना चिल्फी के सहायक उप निरीक्षक शिवेंद्र मोहन उपाध्याय एवं उनकी टीम–आरक्षक पंकज यादव, अमन वाहने, पप्पू पनागर, संतोष साहू, सुभाष सोनकर तथा गवाह सुरेश झारिया व अश्वनी कुमार विश्वकर्मा–की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (ढ्ढक्क) ने अवैध वनोपज परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अनफिट वाहनों का संचालन करने व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के विरूद्ध करें कार्रवाई : कलेक्टर

समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शासन के मापदण्डों के विरूद्ध अत्यधिक पुराना, जर्जर एवं खराब अनफिट वाहनों का संचालन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने यातायात, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को नशापान का सेवन एवं तेज गति तथा यातायात नियमों के विरूद्ध लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। चन्द्रवाल आज आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा

सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने शासन के निर्देशानुसार जिले में चल रहे रबी गिरदावरी के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य को निर्धारित समयावधि में त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से अपने हाथ से उत्तर पुस्तिका लिखने में असमर्थ जिले के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा के दौरान सहलेखक उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को लिखित परीक्षा के दौरान दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए प्राथमिकता के साथ सहलेखक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी अजय किशोर लकरा से जिले में आयोजित होने वाली नीट 2025 के आयोजन हेतु जिला स्तरीय समिति के गठन के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित वर्ष 2025 के बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण के अलावा परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिले में ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लगाने के अभियान के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों के बिक्री की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक को दलहन एवं तिलहन फसलों की बिक्री की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि किसानों को उनके उत्पाद का वाजिब दाम मिल सके।

समय-सीमा के प्रकरणों का निरकारण तेजी से कराएं-कलेक्टर

कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा की बैठक में विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होनें समय-सीमा के तहत दर्ज प्रकरणों के निरकारण में तेजी लाने तथा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रत्येक सोमवार को कार्यालय में उपस्थित रहने और लोगों की समस्याओं का निराकरण करने कहा। वित विभाग के निर्देश के अनुसार निर्धारित समय -सीमा में वित्तीय वर्ष के देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत निर्माणाधीन आवासो को 31 मार्च तक पूरा करने लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। इसीतरह नजुल नवीनीकरण के लिए अभियान चलाने, उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने कहा। कलेक्टर

ने ई ऑफिस संचालन हेतु कार्यालय के अधिकारी - कर्मचारियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत, पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं उनका शीघ्र निराकरण करने कहा। बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, अभिषेक गुप्ता, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

श्रमिकों का पंजीयन 12 से 28 मार्च तक लगेंगे शिविर

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के मेहनतकश श्रमिकों को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए श्रम विभाग द्वारा पंजीयन शुरू किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके कार्यस्थल पर ही पंजीयन शिविर लगाया जा रहा है, ताकि श्रमिकों को किसी तरह की दिक्कत ना हो। इसी कड़ी में जिले के चारों विकासखण्ड धमतरी, मगरलोड, कुरूद और नगरी में 12 से 28 मार्च तक श्रम पंजीयन शिविर लगाये जाएंगे। शिविरों के आयोजन से पहले इसकी मुनादी कराकर जानकारी भी दी जा रही है।

धमतरी शहर में 12 मार्च को भवन निर्माण कार्य स्थल आमतालाब रोड में श्रमिकों का पंजीयन किया जाएगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष खुसरो और कांग्रेस के 6 पार्षदों ने पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। नगर पंचायत गंडई में नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती नीता खुसरो के साथ कार्यालय कक्ष में विधि-विधान से पूजन अर्चन कर पद भार ग्रहण किया। पूजा अर्चना में कांग्रेस से सभी नवनिर्वाचित पार्षद उपस्थित रहे।

अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने पदभार ग्रहण के पश्चात नगर के विकास के संबंध में बात करते हुए कहा कि नगर में मूलभूत सुविधाओं को लेकर बड़ी चिंता का विषय है, नगर के लिए हम सीटी प्लान बनायेंगे।

सीटी प्लान में प्राथमिकता तय करेंगे कि छोटे व्यापारियों को कहां व्यवस्थित करेंगे। नगर में बहुत से छोटे व्यापारी गंडई से पंडरिया पहुंच मार्ग के किनारे बैठ कर व्यापार करते है यह बड़ी समस्या है। कुछ व्यापारियों द्वारा

डिवाइडर के विषय में चिंता व्यक्त करने को कहा है इस विषय को लेकर मैं सभी से संवाद करूंगा। इस विषय में नगर के सभी पार्षद गण और व्यापारियों से दिशा और सहायोग लूंगा।

इसके अलावा लोगों को जिस विषय में असुविधा होती है संज्ञान में लेकर यथासंभव निराकरण करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर पार्षद रामेश्वर साहू, अमन सोनी, सोनम क्रांति ताम्रकार, इशरत अंजुम मोहसिन खान, ननकी नारायण चतुर्वेदी, दिलीप ओगरे सहिंत अधिवक्ता सतीश सिंघानिया, रानी नीता खुसरो, रेखा सिंघानिया, हेमलता ठाकुर, भिज्ञेश यादव, क्रांति ताम्रकार, जेठू साहू, नवीन चौबे, रवि अवस्थी, पूजनकर्ता पंडित कमलेश शर्मा, दिनेश रजक, नगर पंचायत के कर्मचारी, मीडियाकर्मी एवं अन्य दलों के नेता भी मौजूद रहे।

बड़े नाला-नालियों की सफाई में मिलेगी मदद नपा ने खरीदी नई एक्सीवेटर नाला मशीन

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व पार्षदों ने की पूजा अर्चना

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व पार्षदों ने आज एक नया एक्सीवेटर नाला मशीन और काउ कैचर पशु वाहन का पूजा-अर्चना किया। पूजा अर्चना कर नाला मशीन का उपयोग गुरूनाला व अन्य बडे नालों में किये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत बड़े नाला-नालियों का साफ-सफाई किये जाने हेतु नया एक्सीवेटर चैन माउंटेन वाहन एवं सड़को पर घुम रहे पशुओं को गौशाला, गौठान तक ले जाने हेतु काउ केचर पशु वाहन खरीदा गया है नया वाहन की खरीदी से वृहद साफ-सफाई और पशु सेवाओं को सुधारने के उद्देश्य से किया गया।

उन्होनें बताया कि नया एक्सीवेटर वाहन नालों की सफाई व्यवस्था में सहायता करेगा साथ ही नगर पालिका सेवाओं की क्षमता बढ़ाएंगे। इस नवीन वाहन से शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की उम्मीद है साथ ही नालों की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्याएं कम होंगी और शहरवासियों को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद रिंकेश वैष्णव, देवकुमार साहू, सुनील साहू, सौखी आहिरवार, दुर्गेश अवस्थी, दीपक सिन्हा, योगेश चंद्रवंशी, शंभू देवांगन, बिन्नू तिवारी, केशरी चंद सोनी, अनिल साहू, हरीश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे, उप अभियंता विरेन्द्र नवघरे, राजेश मिश्रा व अन्य प्रतिनिधिगण अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बारदाना व धान खरीदी, रेडी टू ईट और अन्त्योदय खाद्यान्न योजना के संबंध में विधानसभा में उठाया मुद्दा

पंडरिया/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश के प्रमुख विषयों को लेकर पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा निरंतर विषयों को उठाया जा रहा है। आज विधानसभा में उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु बारदाने के क्रय, धान खरीदी एवं उसके उठाव तथा रेडी टू ईट और अन्त्योदय खाद्यान्न योजना के संबंध में प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न करते हुए पूछा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 10.02.2025 तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु राज्य शासन द्वारा कहां-कहां से कितने नग बारदाने किस-किस दर पर खरीदे गए ? शासन को समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु इस वर्ष कितने बारदाने की आवश्यकता थी तथा आवश्यकता के विरुद्ध कितने बारदानों की खरीदी की गई ? जिसका उत्तर देते हुए खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल जी ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु मॉर्कफेड द्वारा जूट कमिश्नर कोलकाता के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18 करोड़ 35 लाख 86 हजार नए बारदाने की खरीदी की गई वहीं वहीं 3 करोड़ 29 लाख

06 हजार बारदाने पीडीएस दुकानों से ख़रीदे गए वहीं खरीफ विपणन हेतु वर्ष 2024-25 में 149.24 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के लिए 37 करोड़ 31 लाख 18 हजार बारदाने की आवश्यकता थी जिसके विरुद्ध में 21 करोड़ 60 लाख नए बारदाने की खरीदी हुई और 4 करोड़ 75 लाख 28 हजार पुराने बारदाने की खरीदी हुई इस प्रकार लगभग कुल 26 करोड़ 35 लाख 28 हजार ही बारदाने की खरीदी की गई।

भावना बोहरा ने बारदाने की कमी और किसानों को हो रही चिंता के विषय में प्रश्न करते हुए कहा कि जूट उत्पादन की कमी की वजह से जुट के बारदाने की कमी हो रही है इसके लिए जूट उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजना बनाई जानी चाहिए इससे उन्हें तो प्रोत्साहन मिलेगा ही साथ ही बारदाने की कमी से किसानों को भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को धान खरीदी हेतु जूट के बारदाने पर निर्भर है इसके लिए कोई वैकल्पिक उपाय भी जरुर सोचना चाहिए ताकि बारदाने की कमी होने से किसानों को अपना धान तय समय में बेचने में परेशानी न हो। वहीं बारदाने की खरीदी को लेकर भी उन्होंने कहा कि वर्तमान में जुट कमिश्नर द्वारा बारदाने की खरीदी प्राप्त उत्तर के अनुसार 62 रुपए से 72 रुपए की बीच है, जबकि निजी क्षेत्रों में इससे कम दाम पर बारदाने खरीदी की कोई प्रावधान है क्या?जिसके उत्तर में मंत्री जी ने बताया कि बारदाने की खरीदी के लिए जूट कमिश्नर से खरीदी करने हेतु केंद्र सरकार के निर्देश पर की जाती है।

भावना बोहरा ने धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10.02.2025 तक किसानों से कितने कितने मात्रा में धान की खरीदी की गई? खरीदी गई धान में से कितनी मात्रा में कस्टम मिलिंग हेतु उठाव हुआ है? कितनी मात्रा में उठाव शेष है? जिसका लिखित उत्तर देते हुए खाद्य मंत्री जी ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 57 10.02.2025 तक किसानों से 3,31,611.76 मे.टन धान की खरीदी की गई। जिसके अंतर्गत विधानसभा के कुल 52 धान खरीदी केन्द्रों में विकासखंड कवर्धा, सहसपुर लोहारा एवं पंडरिया में कुल 331611.76 मे.टन धान की खरीदी की गई जिजसमें 26 फ़रवरी तक 157134.46 मे.टन धान का कस्टम मिलिंग हेतु उठाव हुआ है और 64090.93 मे.टन धान उपार्जन केन्द्रों में उठाव हेतु शेष है। भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में राशनकार्डधारी अंत्योदय परिवारों की संख्या कितनी है एवं अंत्योदय राशनकार्डधारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10.2.2025 तक कितना राशन दिया जा चुका है? अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत जारी राशन कार्ड में अनियमितताओं की कितनी शिकायतें वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में 10.2.2025 तक प्राप्त हुई है ? कितनी शिकायतों का निवारण किया गया है और कितनी शिकायतें लंबित है ?

महिलाओं के संग जमकर थिरकीं कौशल्या देवी साय

मुख्यमंत्री निवास में जन्मोत्सव एवं होली मिलन समारोह

भव्य उत्सव में गूंजा संगीत, उमंग और उल्लास

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री निवास में आज विशेष जन्मोत्सव एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जन्मदिवस के अवसर पर कौशल्या देवी साय को बधाई दी गई, साथ ही होली की उमंग में रंगों और फूलों के संग हर्ष और उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। इस भव्य आयोजन में शामिल सभी बहनों ने प्रेम, सौहार्द्र और स्नेह के रंगों से होली खेली और कौशल्या देवी साय को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। कौशल्या देवी साय ने कहा कि होली के रंगों की तरह हम सभी के जीवन में भी स्नेह, सौहार्द्र और समर्पण का रंग बिखरा रहे, यही हमारी संस्कृति का संदेश है।

महिला मोर्चा की बहनों ने खेली फूलों की होली

प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शालिनी राजपूत के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने मुख्यमंत्री निवास में पारंपरिक तरीके से फूलों की होली खेली। महिला मोर्चा की सदस्यों ने भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से पूरे वातावरण को बरसाना की भव्यता प्रदान कर दी। समारोह के दौरान महिलाओं ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोते हुए संगीत, भक्ति और उत्साह के संग जन्मोत्सव और होली का उत्सव मनाया।

महिला शक्ति का संगमः प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थितिइस उल्लासमय अवसर पर प्रदेश की कई प्रमुख महिला नेत्रियाँ उपस्थित रहीं, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शालिनी राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष ममता साहू, सुषमा खलखो, शीतल नायक, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे,बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, माया बेलचंदन, वरिष्ठ नेत्रियां विभा राव, सरला केसरिया, किरण मरकाम, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संध्या तिवारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री मिनी पांडे, मीडिया प्रभारी किरण बघेल, मीडिया सह प्रभारी आयुषी पांडे, शीलू साहू, निशा चौबे, सोशल मीडिया प्रभारी कृतिका जैन, प्रदेश एवं जिला स्तर की महिला पदाधिकारीगण उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आध्यात्मिक गुरु श्री श्रीरविशंकर से लिया आशीर्वाद

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में आध्यात्मिक गुरु एवं द आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए श्री श्री रविशंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीकस्वरूप, जशपुर जिले में स्थित विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग - मधेश्वर पहाड़ का छायाचित्र एवं बस्तर आर्ट शैली में निर्मित नंदी की प्रतिकृति भेंट कर श्री श्री रविशंकर का अभिनंदन किया। श्री श्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री श्री साय को अवगत कराया कि इस बार वे अपने साथ 1000 वर्ष पुराने सोमनाथ मंदिर के खंडित शिवलिंग के अवशेष लेकर आए हैं।

■ न्यूज गैलरी

भाजपा ने दो पार्षदों को 6 साल के लिए किया निष्कासित

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा ने अनुशासन भंग करने वाले रायगढ़ जिले के दो नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है. प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने घरघोड़ा नगर पंचायत के भाजपा पार्षद अनिल लकड़ा और श्याम भोजवानी को 6 साल के लिए भाजपा से निष्कासित कर दिया है. इसका आदेश आज प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा ने जारी किया है।

घरघोड़ा नगर पंचायत में 15 पार्षद हैं। इनमें भाजपा के 9, कांग्रेस के 4 और दो निर्दलीय पार्षद हैं। यहां नगर पंचायत अध्यक्ष निर्दलीय प्रत्याशी चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी चुने गए हैं. क्रॉस वोटिंग के चलते भाजपा ने निष्कासन की कार्रवाई की है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि आपके विरूद्ध आरोप है कि घरघोड़ा नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध आप मतदान किए, जिससे पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। यह अनुशासन भंग करने की परिधि में आता है. विरोधी कार्य करने के आरोप में आपको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

आदिवासी, सौम्य और सरल मुख्यमंत्री साय के बारे में कुछ भी बोलने से पहले बघेल हजार बार सोचें: कश्यप

■ वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा -जिस तरह एक सरल आदिवासी कवासी लखमा के कंधे पर बन्दूक रखकर भूपेश बघेल ने अपने घोटालों की गोली चलाई, वह भूपेश बघेल की आदिवासी विरोधी मानसिकता का परिचायक

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को प्रदेश के पहले आदिवासी सौम्य और सरल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के बारे में कुछ भी बोलने से पहले हजार बार सोचना चाहिए। श्री कश्यप ने कहा कि भूपेश हमेशा से आदिवासी विरोधी रहे हैं। उन्हें यह पच ही नहीं रहा है कि कोई आदिवासी भी प्रदेश की कमान सम्भाल सकता है।प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश ही नहीं, बल्कि समूचे देश के सबसे अनुभवी आदिवासी नेता हैं। उनका अनुभव और राजनीतिक करियर भी भूपेश बघेल से कई गुना बड़ा है। एक बार केंद्रीय मंत्री, दो बार विधायक, तीन बार प्रदेश अध्यक्ष, चार बार सांसद और अब प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के रूप मेंश्री साय के कार्यकाल की देशभर में सराहना हो रही है। श्री कश्यप ने कहा कि श्री साय के नेतृत्व में आज नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में कांग्रेस का सफाया हो गया। लोकसभा चुनाव में मोदी गारंटी पूरे करने का असर दिखा, समूचे देश में सौम्य सरल लेकिन कड़े निर्णय लेने वाले नेता के रूप में विष्णुदेव साय की पहचान है।

प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि भूपेश बघेल को यह समझना चाहिये कि बड़बोलेपन से राजनीति नहीं चलती। अनावश्यक बयानबाजी को छत्तीसगढ़ की सहज-सरल जनता कितना नापसंद करती है, वह भूपेश बघेल ने स्वयं अनुभव किया होगा। श्री कश्यप ने कहा कि जिस तरह एक सरल आदिवासी कवासी लखमा के कंधे पर बन्दूक रखकर भूपेश बघेल ने अपने घोटालों की गोली चलाई, जैसे सारी मलाई चट कर आदिवासी विधायक लखमा के सिर पर सारा ठीकरा फोड़ दिया है, यह भूपेश बघेल की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दिखाता है।

प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वे घोटालों के आरोपों का सामना न्यायिक प्रक्रिया द्वारा करें। जिस संविधान को बचाने की बड़ी-बड़ी बात कांग्रेस करती है, उसी संविधान के तहत संवैधानिक संस्थाएं जाँच कर रही है। इसी संविधान ने देश के वंचितों और आदिवासियों को अधिकार दिए हैं, भूपेश बघेल का संवैधानिक संस्थाओं का मजाक उड़ाना संविधान विरोधी कृत्य भी है। श्री कश्यप ने कहा कि बघेल संविधान का सम्मान करें, संवैधानिक पद्धति से चुनकर आए प्रतिनिधियों का भी अपमान करने का भूपेश बघेल को कोई अधिकार नहीं है। चोरी पकड़ी जाने पर बौखलाहट से काम नहीं चलता है।

अमर पारवानी का बड़ा ऐलान नहीं लड़ेंगे चैम्बर का चुनाव

रायपुर/नवप्रदेश। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के निवर्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी ने चुनाव मैदान से हटने का ऐलान कर दिया है। उनकी जगह अजय भसीन अध्यक्ष प्रत्याशी हो सकते हैं। जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष अमर पारवानी ने एक बयान में कहा कि वे प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों एवं जय व्यापार पैनल के हित को ध्यान में रखते हुए आगामी चेम्बर चुनाव में जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष प्रत्याशी पद से अपना नाम वापस लेने का निर्णय ले रहे है। लेकिन व्यापारिक समाज की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए उनका संकल्प सदैव अटूट रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय किसी व्यक्तिगत लाभ या हानि से परे, व्यापारी समाज के हितों, संगठन की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से लिया गया है. जय व्यापार पैनल को अब तक जो अपार समर्थन, स्नेह और विश्वास व्यापारियों से मिला, वह हमारे लिए सबसे बड़ी पूंजी है, हमें विश्वास है यह समर्थन हमेशा मिलता रहेगा। उन्होंने निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए हम जय व्यापार पैनल की ओर से सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया है।

कांग्रेस ने प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर ईडी का पुतला दहन किया

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी द्वारा की गयी कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्र सरकार और ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी के कार्यप्रणाली के विरोध में पूरे प्रदेश में ईडी का पुतला दहन किया गया। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। सात साल पुराने झूठे केस को अदालत ने खारिज कर दिया, अब दुर्भावनापूर्वक ईडी को मोहरा बना कर भेजा गया है।

ईडी की टीम पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर पहुंचना जांच नहीं है राजनीतिक प्रतिशोध है, जो साफ दिख रहा है। अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी अब हर षड्यंत्र का जवाब और भी दमदार होगा।

आज रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में ईडी का पुतला फूंका गया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में नेशनल ट्रस्ट कमेटी की बैठक

रायपुर । नेशनल ट्रस्ट अंतर्गत लोकल लेवल कमेटी की बैठक का आयोजन आज डॉ कलेक्टर गौरव सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसके अंतर्गत गार्जियनशिप प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु दो प्रकरणों पर चर्चा की गई जिसमें आवेदिका विनीता मरकले को उनके भाई विवेक पद्माकर मुरकी का लीगल अभिभावक नियुक्त करने के लिए सहमति दी गई।

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

सभी अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय आना सुनिश्चित करें-डॉ गौरव सिंह

रायपुर। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज समय सीमा की बैठक ली। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी- कर्मचारी कार्यालय समय पर पहुंचे। बॉयोमेट्रिक अटेंडेस सिस्टम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। विलंब से कार्यालय आने वाले पर तथा समय से पहले कार्यालय छोड़ने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। उन्होने कहा कि राजस्व के लंबित प्रकरण का जल्द समाधान करें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय आने जनता से सद्व्यवहार करें उनके समस्याओ को संवदेनशीलता से सुने और जल्द समाधान करने का प्रयास करें। डॉ सिंह ने कहा कि पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए, 70 वर्ष से अधिक आयु वाले हितग्राहियों को चिन्हिंत लाभ प्रदान करें। इसके लिए अभियान चलाकर कार्य करें। इस अवसर पर डीएफ्ओ श्री लोकनाथ पटेल नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

होली से पहले 50 से अधिक चाकूबाजों-हिस्ट्रीशीटर्स की लगी क्लास

■ अब तक 470 अपराधियों को दी गई चेतावनी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के होली त्योहार पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़े कदम उठाए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रहने वाले 70 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों को क्राइम ब्रांच में हाजिर कर कड़ी समझाइश दी गई। होली पर संभावित अपराधों को रोकने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस पहले से ही सतर्क है। अब तक 470 से अधिक अपराधियों को क्राइम ब्रांच में तलब कर सख्त चेतावनी दी जा चुकी है। पुलिस अधिकारियों ने चेताया कि अगर वे त्योहार के दौरान हुड़दंग मचाते या किसी भी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं रायपुर जिले के अन्य थानों में भी चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों को हाजिर कर क्लास लगाई. इस बार होली पर फिक्स प्वाइंट पेट्रोलिंग को एक्टिवेट किया जाएगा। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।

समाज में बेटियों को सम्मान देने साय सरकार संकल्पित: किरण देव

सुकमा में कन्या विवाह में शामिल हुए अध्यक्ष किरण देव, मंत्री केदार कश्यप

रायपुर /नवप्रदेश । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मंगलवार को सुकमा जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित सामूहिक कन्या विवाह एवं क्षेत्रीय सरस मेला में सम्मिलित होकर विवाह के बंधन में बंधने वाले जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर शुभकामनाएं दीं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज में बेटियों को सम्मान और सहायता प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना उनके भविष्य को सशक्त और सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। हमारी सुशासन सरकार बेटियों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। देव ने इस सफल आयोजन के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप सहित क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनदर्शन

शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का सभी जिलों में किया जाएगा विस्तार

वाणिज्य एवं उद्योग विभागों के लिए 965 करोड़ से अधिक की अनुदान मांगें पारित

■ नई औद्योगिक नीति के लागू होने के मात्र 125 दिनों में राज्य को मिले हैं 1 लाख करोड़ रूपए से अधिक के 31 निवेश प्रस्ताव

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 965 करोड़ 18 लाख रूपए की अनुदान मांगे पारित की गई। इसमें वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से संबंधित व्यय के लिए 709 करोड़ 87 लाख रूपए तथा श्रम विभाग के लिए 255 करोड़ 31 लाख 9 हजार रूपए शामिल हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री लखनलाल देवांगन ने सदन में कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा 01 नवंबर 2024 से औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की गयी है। इसका मूल विषय अमृत काल छत्तीसगढ़ विजन-2047 रखा गया है। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी राज्य ने अपनी नीति को विकास का आधार बनाकर रोजगार प्रदान करने पर जोर दिया है। इसके लिए श्रम-प्रधान उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है, जो अधिकतम रोजगार प्रदान करने में सक्षम हैं। विशेषकर, जो इकाइयाँ 1000 से अधिक रोजगार सृजित करेंगी, उन्हें मंत्रिमंडलीय उपसमिति द्वारा अनुमोदित अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इकाईयों के द्वारा दिव्यांगजन, सेवानिवृत्त अग्निवीर या आत्मसमर्पित नक्सली को रोजगार दिये जाने पर इस विषय पर विशेष अनुदान प्रदान किया जायेगा। श्री देवांगन ने सदन में बताया कि स्थानीय श्रमिकों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए प्रशिक्षण प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। उद्योगों में नियोजित राज्य के निवासियों के प्रशिक्षण पर प्रति व्यक्ति 15 हजार रूपए की प्रशिक्षण वृत्ति प्रतिपूर्ति एवं कर्मचारियों पर होने वाले ईपीएफ व्यय की प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है। राज्य में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के लिए औद्योगिक नीति 2024-30 के अंतर्गत स्थापित होने वाले औद्योगिक इकाइयों को ब्याज अनुदान, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, मार्जिन मनी अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान जैसे विभिन्न अनुदान एवं छूट प्रदान किए जाएंगे। नई औद्योगिक नीति में भूमि, भवन एवं बैंक ऋण पर स्टाम्प शुल्क भुगतान से पूर्ण छूट एवं 06 वर्ष से 10 वर्ष तक विद्युत शुल्क से पूर्ण छूट का प्रावधान किया गया है। इसमें कई सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए स्व-घोषणा को मान्य किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया और भी सरल हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री देवांगन ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 34 औद्योगिक क्षेत्रो/पार्को की स्थापना की जा चुकी है।

न्यूज गैलरी

एक्स' के खिलाफ साइबर हमला एलन मस्क ने दी जानकारी

नई दिल्ली। 'एक्स' यूजर को सोमवार को उस वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा, जब एक्स पर यूजर कुछ भी सर्च नहीं कर पा रहे थे। इसके पीछे क्या वजह थी, वह भी सामने आई है। बताया गया है कि एक्स पर साइबर अटैक हुआ था। जिसकी वजह से सारी सेवाएं ठप हो गई थीं। इस बात की जानकारी 'एक्स' प्लेटफॉर्म के मालिक एलन मस्क 'एक्स' पर पोस्ट कर दिया।पोस्ट में उन्होंने लिखा, एक्स पर एक बड़ा साइबर हमला हुआ, इसके पीछे के लोगों का पता लगाया जा रहा है। हम पर हर दिन हमला होता है, लेकिन यह बहुत सारे संसाधनों के साथ किया गया था। या तो एक बड़ा, समन्वित समूह और/या एक देश इसमें शामिल है। इसका पता लगाया जा रहा है। एक्स के डाउन होने की समस्या देशभर में देखने को मिली।एक यूजर ने एक्स के डाउन होने पर लिखा, क्या ट्विटर डाउन है? क्या किसी और को भी यह समस्या हो रही है। एक अन्य यूजर ने लिखा, ऐसा लगता है कि कोई वास्तव में नहीं चाहता कि एक्स कामयाब हो। आश्चर्य है कि इसके पीछे कौन है।एक्स के डाउन होने के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी साझा करते हुए यूजर नजर आए। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे अन्य प्लेटफॉर्म पर सोशल मीडिया यूजर शिकायतें दर्ज करते हुए नजर आए।एक्स को अक्टूबर 2022 में मस्क ने अधिग्रहित किया था। एक्स को खरीदने के बाद मस्क द्वारा बड़े पैमाने पर छंटनी की गई थी। कई बड़े अधिकारियों को नौकरी से निकाला गया।बता दें कि अब एक्स सोशल मीडिया हैंडल पहले की तरह ही सर्चिंग कर रहा है और किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आ रही हैं। हालांकि, एक्स के डाउन के बाद अभी भी सोशल मीडिया यूजर पूछते हुए नजर आ रहे हैं क्या एक्स पर पोस्ट कर सकते हैं। क्या सब कुछ ठीक हो गया है।

लंबी अवधि में मजबूत रहेगी आय

मार्केट वैल्यू में आई करोड़ों की गिरावट

इंडसइंड बैंक के शेयर में 20 प्रतिशत का लोअर सर्किट

मुंबई। इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को 20 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा, क्योंकि बैंक के इंटरनल रिव्यू में अनुमान लगाया गया है कि दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

इस भारी गिरावट से बैंक की मार्केट वैल्यू में लगभग 14,000 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर 720.35 रुपये पर पहुंच गया, जो एनएसई पर लोअर बैंड से नीचे चला गया। इंटरनल रिव्यू के दौरान बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में 2.35 प्रतिशत की विसंगतियां पाए जाने के बाद बैंक की कुल संपत्ति में लगभग 2,100 करोड़ रुपये की गिरावट आने की उम्मीद है। हिंदुजा प्रमोटेड लेंडर अपनी चौथी तिमाही की आय या अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2026) की पहली तिमाही में इस नुकसान की भरपाई करने की योजना बना रहा है। इंटरनल रिव्यू निष्कर्षों ने बैंक के स्टॉक के लिए कई ब्रोकरेज से टारगेट प्राइस में कटौती की है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमंत कठपालिया को केवल एक वर्ष का विस्तार दिए जाने के कुछ दिनों बाद ताजा उथल-पुथल के बीच है। बैंक ने बॉन्ड इंवेस्टमेंट क्लासिफिकेशन और वैल्यूएशन पर भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर 2023 के दिशानिर्देशों के अनुसार, डेरिवेटिव पोर्टफोलियो पर अपने इंटरनल निष्कर्षों के स्वतंत्र रूप से रिव्यू और सत्यापन के लिए एक एक्सटर्नल एजेंसी नियुक्त की है। सिटी ने कहा, इंडसइंड बैंक को 'लिटमस टेस्ट' का सामना करना पड़ेगा और बोर्ड द्वारा इंटरनल और एक्सटर्नल दोनों कैंडीडेट्स का मूल्यांकन करने की संभावना है। हाल के घटनाक्रमों ने जोखिम की धारणा को बढ़ा दिया है।

पीएल कैपिटल- प्रभुदास लीलाधर के गौरव जानी ने कहा, हमने इंडसइंड बैंक को 'बाय' से 'होल्ड' कर दिया है क्योंकि हमने आय की गुणवत्ता और भविष्य के नेतृत्व से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण मल्टीपल को 1.4 गुना से घटाकर 1.0 गुना कर दिया है। डेरिवेटिव अकाउंटिंग में अनियमितता का पता चलने के बाद से इंडसइंड बैंक के लिए परेशानी बनी हुई है। यह विसंगति 31 मार्च 2024 तक 5-7 साल की अवधि में थी, हालांकि, आरबीआई के निर्देश के कारण, 1 अप्रैल 2024 से कोई अनियमितता नहीं है।उन्होंने आगे कहा, हमारे विचार में, इस एपिसोड का आरबीआई के एमडी और सीईओ के कार्यकाल को केवल 1 वर्ष के लिए बढ़ाने के फैसले पर असर पड़ा। वित्त वर्ष 2027 एबीवी पर मूल्यांकन 0.9 गुना है और हमने टारगेट प्राइस को 1,400 रुपये से घटाकर 1,000 रुपये कर दिया है।

फिच ने अदाणी एनर्जी को 'रेटिंग वॉच नेगेटिव' लिस्ट से हटाया

नई दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) की लॉन्ग टर्म फॉरेन और लोकल-करेंसी इश्यूअर डिफॉल्ट रेटिंग्स (आईडीआर) को 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है और कंपनी को 'रेटिंग वॉच नेगेटिव' लिस्ट से हटा दिया है।ग्लोबल रेटिंग्स एजेंसी ने कहा, हमारा मानना है कि समूह की तरलता और फंडिंग आवश्यकताओं से जुड़े जोखिम कम हो गए हैं।अमेरिकी कार्रवाई के बाद से एईएसएल ने पर्याप्त फंडिंग तक पहुंच दिखाई है और उसने ऑनशोर और ऑफशोर बैंकिंग सुविधाओं से 51 अरब रुपये प्राप्त किए हैं।

अदाणी ग्रुप की अन्य कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) द्वारा भी मार्च में ड्यू हुई 1.1 अरब डॉलर की कंस्ट्रक्शन लिंक्ड सुविधा को रिफाइनेंस कर लिया गया है।इंटरनेशनल रेटिंग्स एजेंसी ने कहा, चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में एईएसएल की उच्च परिसंपत्ति उपलब्धता 99.7 प्रतिशत पर थी। यह वित्त वर्ष 24 के स्तरों के करीब है और सभी रेगुलेटरी बेंचमार्क से ऊपर है। एईएसएल की क्रेडिट प्रोफाइल को भारत के स्थिर और अनुकूल विनियामक वातावरण से लाभ मिलता है।रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि मध्यम अवधि में इसकी ट्रांसमिशन एसेट्स से प्राप्त आय ईबीआईटीडीए में बड़ी हिस्सेदारी बनाए रखेगा। हालांकि, इसके स्मार्ट मीटरिंग कारोबार का योगदान बढ़ता रहेगा।नोट में कहा गया,हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में पूंजीगत व्यय बढ़कर 175 अरब रुपये प्रति वर्ष हो जाएगी। वित्त वर्ष 2024 में यह 40 अरब रुपये था। यह पूंजीगत व्यय निर्माणाधीन ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स और स्मार्ट मीटरिंग कारोबार पर किया जाएगा। एईएसएल ने डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व, संचालन और हस्तांतरण संरचना के तहत पांच भारतीय राज्यों में 22.8 मिलियन स्मार्ट मीटर लगाने की बोली जीती है।पिछले महीने, वैश्विक ब्रोकरेज एलारा कैपिटल ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) पर कवरेज शुरू की है और इसे 'बाय' रेटिंग दी और शेयर का टारगेट प्राइस 930 रुपये निर्धारित किया है, जो कि मौजूदा बाजार मूल्य से 37 प्रतिशत अधिक है।एलारा ने कहा कि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के ट्रांसमिशन, वितरण और स्मार्ट मीटर व्यवसायों में मजबूत वृद्धि देखने को मिल सकती है। ट्रांसमिशन एबीआईटीडीए वित्त वर्ष 27 में दोगुना होकर 76 अरब रुपये होने का अनुमान है।

सरकार ने पीली मटर और उड़द के लिए मुफ्त आयात नीति की अवधि बढ़ाई

नई दिल्ली। सरकार ने पीली मटर और उड़द के लिए मुफ्त आयात नीति की अवधि बढ़ा दी है। इस कदम से व्यापारियों के लिए इन दालों को देश में लाना आसान हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। सरकार ने पीली मटर और उड़द के लिए मुफ्त आयात नीति की अवधि बढ़ा दी है। इस कदम से व्यापारियों के लिए इन दालों को देश में लाना आसान हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। अधिसूचना के अनुसार, आईटीसी (एचएस) कोड 07131010 के तहत पीली मटर के आयात को अब पहले से लागू न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) शर्त या किसी भी बंदरगाह प्रतिबंध से मुक्त कर दिया गया है। अब इसे ÷मुफ्त÷ के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। पीली मटर के मामले में मुफ्त आयात नीति को तीन महीने के लिए बढ़ाया गया है। हालांकि, व्यापारियों को अपने आयात को ऑनलाइन आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकृत करना होगा। यह नया नियम उन सभी शिपमेंट पर तत्काल लागू होगा जहां बिल ऑफ लैडिंग (शिप ऑन बोर्ड) 31 मई, 2025 को या उससे पहले के लिए जारी किया गया है। इससे पहले, पीली मटर के लिए मुफ्त आयात नीति 28 फरवरी, 2025 को समाप्त हो गई थी।

एमसीजी में ऐतिहासिक डे-नाइट मैच खेलेंगे

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में डे-नाइट टेस्ट खेलेंगे, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।बयान में कहा गया, 11-15 मार्च, 2027 को 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच पहली बार होगा, जब ऑस्ट्रेलियाई पुरुष एमसीजी में रोशनी में टेस्ट खेलेंगे, जहां 1877 में पहला टेस्ट मैच और 1977 में शताब्दी टेस्ट खेला गया था - उल्लेखनीय रूप से, दोनों ही मैच ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीते थे।

एमसीजी में पहला डे-नाइट पुरुष टेस्ट मैच होगा, जो इस साल की शुरुआत में एमसीजी में ऐतिहासिक पहले डे-नाइट टेस्ट के बाद होगा, जहां ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं ने एशेज में क्लीन स्वीप किया था।

सीए ने इस बात पर जोर दिया कि टेस्ट को दिन-रात के मैच के रूप में आयोजित किया जाए, जिससे अधिक लोग 150वीं वर्षगांठ टेस्ट देखने के लिए आ सकें, क्योंकि यह स्कूल की छुट्टियों के समय के बाहर खेला जाएगा।÷एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ टेस्ट क्रिकेट के महान आयोजनों में से एक होगा और रोशनी में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा। सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने एक बयान में कहा, इससे यह सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी कि अधिक लोग इसमें भाग ले सकें और इस शानदार अवसर को देख सकें।शताब्दी टेस्ट ने कई प्रतिष्ठित प्रदर्शन देखे, जिसमें डेविड हुक्स द्वारा टोनी ग्रेग की गेंद पर लगातार पांच चौके, रिक मैककोस्कर द्वारा टूटे जबड़े के साथ बल्लेबाजी और डेरेक रैंडल द्वारा चुनौतीपूर्ण शतक शामिल हैं, और मुझे यकीन है कि 150वां टेस्ट अपनी आजीवन यादें बनाएगा।उन्होंने कहा, इस सीजन की एशेज सीरीज ठीक दो साल बाद इस टकराव के लिए भूख बढ़ाएगी, और हम इस ऐतिहासिक अवसर को और भी नजदीक आने पर मनाने के लिए उत्सुक हैं। हम इस महत्वपूर्ण टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए उनके अविश्वसनीय समर्थन के लिए विक्टोरियन सरकार और मेलबर्न क्रिकेट क्लब के आभारी हैं।150वीं वर्षगांठ का टेस्ट उस वर्ष भारत में ऑस्ट्रेलिया की पांच-टेस्ट की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के बाद खेला जाएगा। एमसीजी में एक ऐतिहासिक टेस्ट के बाद, वे एशेज और संभावित रूप से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए इंग्लैंड जाएंगे। वर्ष का समापन दक्षिण अफ्रीका में विश्व कप के साथ होगा। पीटर रोच, सीए क्रिकेट संचालन और शेड्यूलिंग प्रमुख, ने कहा, अब जटिल अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ, इस तरह के आयोजन के लिए महत्वपूर्ण योजना और समर्थन की आवश्यकता होती है और हम इस महत्वपूर्ण टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए मेलबर्न क्रिकेट क्लब और विक्टोरियन सरकार सहित सभी के प्रति उनके उत्साह के लिए आभारी हैं।

सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी : हरियाणा और झारखंड के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

पंचकूला। हॉकी हरियाणा और हॉकी झारखंड ने सोमवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 - डिवीजन ए में अपने-अपने रोमांचक सेमीफाइनल में विपरीत अंदाज में जीत हासिल की।डिवीजन ए के पहले सेमीफाइनल मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से हराया। सोनम (41), मोनिका (42), मनीषा (47) और कप्तान रानी (57) ने हॉकी मिजोरम के मजबूत डिफेंस के बाद एक-एक गोल करके बुधवार को अंतिम मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की की।डिवीजन ए के दूसरे सेमीफाइनल मैच में हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी झारखंड दोनों ने अंतिम सीटी बजने तक एक-दूसरे को गोल करने से रोकने के लिए शानदार कौशल दिखाया और मैच 0-0 पर समाप्त हुआ।इसके बाद टूर्नामेंट के अन्य फाइनलिस्ट का पता लगाने के लिए शूटआउट का सहारा लिया गया।

जापानी वाहन निर्माता कंपनी निसान के सीईओ का इस्तीफा

नई दिल्ली। जापानी कार निर्माता के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माकोटो उचिदा ने अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। यह कदम कंपनी के खराब वित्तीय नतीजों के बाद उठाया गया है। निसान ने मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि इवान एस्पिनोसा, जो फिलहाल कंपनी के चीफ प्लानिंग ऑफिसर हैं, अब उचिदा की जगह नए सीईओ का पद संभालेंगे। हालांकि, उचिदा अभी कंपनी के निदेशक पद पर बने रहेंगे और यह स्थिति तब तक रहेगी जब तक निसान की जनरल शेयरहोल्डर्स मीटिंग नहीं हो जाती। उन्होंने हाल ही में यह संकेत भी दिया था कि वह नई लीडरशिप के लिए रास्ता तैयार करना चाहते हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00037 चंदखुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- एम.डी.202425430107500016

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम चंदखुरी के वर्तमान भूमिस्वामी कमल किशोर गांधी पिता/पति अमृतलाल गांधी पता बी/31 वार्ड 54 महेश कालोनी पुलगांव दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1453/5(0.0441) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संजना भट्टर पिता/पति सुभाष भट्टर पता मकान नं. 44 सदर वार्ड भाटापारा बलौदाबाजार तह. व जिला बलौदा बाजार के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00037 चंदखुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- एम.डी.202425430107500020

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम चंदखुरी के वर्तमान भूमिस्वामी कमल किशोर गांधी पिता/पति अमृतलाल गांधी पता बी/31 वार्ड 54 महेश कालोनी पुलगांव दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1453/5(0.0455) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ना.बा. हर्षिल गांधी पिता/पति कमल किशोर गांधी पता बी/31 वार्ड 54 महेश कालोनी पुलगांव दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202503104700033 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है किः आवेदक श्री अनिल गुप्ता पिता- स्व0 राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता उम्र 49 वर्ष निवासी- 9/10, शास्त्री नगर वार्ड नंबर- 18, मौर्या टाकिज के सामने केम्प 01, सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा-खम्हरिया प.ह.नं. -21, रा.नि.मं.- जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 551, 555, 556, रकबा कमशः- 0.1100, 0.1700, 0.1100 हे. कुल रकबा 0.3900 एवं त्रृण पुस्तिका कमांक- 568488 भूमि जो कि राजस्व अभिलेख में आवेदक की माता रूखमणी देवी पति- स्व0 राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी श्रीमती रूखमणी देवी का स्वर्गवास दिनांक 14/09/2024, को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतिका का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202503103400001 /अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आत्माराम मंडावी पिता आ. शिवाराम मंडावी निवासी स्टेशन मरोदा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम ननकट्ठी प.ह.न. 10 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 688 रकबा 0.6200 हे. भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ममता साहू पिता/पति महेन्द्र कुमार साहू निवासी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 35/3/85 नया 38/130 रकबा 0.0040 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता मदन यादव आ. तुलाराम के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 01.02.2024 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख अनवर पिता शेख गुलशनवर निवासी कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा शेख अनवर की जन्म/मृत्यु दिनांक 08.03.1993 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महिपाल ढीमर पिता टेहगूं ढीमर निवासी शिवपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा टेहगूं ढीमर पिता बतउ ढीमर की जन्म/मृत्यु दिनांक 25.06.1989 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा (छ.ग.)
उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम तेन्दुवा प.ह.नं. 01 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदक श्री बलराम पितौ खेलावन जाति नाई साकिन तेंन्दुवा प.ह.नं. 01 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपने माता स्व. भंगवनतीन बाई पति रामखेलावन की मृत्यु दिनांक 03/08/2017 में ग्राम तेन्दुवा में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवशः आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के जन्म पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 22/03/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 25/02/2025 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी नांदघाट जिला बेमेतरा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202502101000017/ अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202502101000017 अ/6 वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक श्रीमती कृष्णा बाई भागवानी पति स्व. सुदामचंद भागवानी निवासी - चैतन्य टावर के पास मोवा रायपुर द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख0नं0 1441/1 रकबा 0.060 हे. भूमि सुदामचंद भागवानी आ. स्व. परतोमल भागवानी एवं अन्य के नाम पर शामिलात खातें में दर्ज है। को आवेदका श्रीमती कृष्णा बाई भागवानी को नोटरी युक्त वसीयतनामा की है। इस आधार पर आवेदिका का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21/03/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202503082200010/ अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदक योगेन्द्र सोनी पिता घनश्याम सोनी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं. 16ए भू-खण्ड क्र. 35 क्षेत्रफल 165.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में नितिन, नबीन, दिलीप आ. भागीरथी, चित्रलेखा बेवा भागीरथी सोनी, कन्हैया आ. रामेश्वरलाल सोनी के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के मूल धारकों द्वारा आवेदक के पक्ष में क्षेत्रफल 20.72 व.मी का पंजीकृत बयनामा दिनांक 21.02.2025 निष्पादित्त किये जाने अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत्तएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/03/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202503082200013/ अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदिका पुष्पा सोनी पति अनिल सोनी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-16ए भू-खण्ड क्रं. 35 क्षेत्रफल 165.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में नितिन, नबीन, दिलीप आ. भागीरथी, चित्रलेखा पति भागीरथी, कन्हैया सोनी आ. स्व. रामेश्वर लाल सोनी के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के मूल धारकों द्वारा आवेदिका के पक्ष में क्षेत्रफल 39.12 व.मी. का पंजीकृत बयनामा दिनांक 21.02.2025 निष्पादित किये जाने अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत्तएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/03/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202503082200011/ अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदक योगेन्द्र सोनी पिता घनश्याम सोनी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 16ए भू-खण्ड क्रं. 33/3 क्षेत्रफल 59.00 व.मी. जो नजूल सधारण खसरा में नितिन, नबीन, दिलीप आ. भागीरथी, चित्रलेखा बेवा भागीरथी सोनी के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के मूल धारकों द्वारा आवेदक के पक्ष में क्षेत्रफल 42.56 व.मी. का पंजीकृत बयनामा दिनांक 21.02.2025 निष्पादित किये जाने अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत्तएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/03/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202503082200004/ अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदिका प्रेमलता सोनी पति स्व. शिवदुलारे सोनी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-15बी भू-खण्ड क्रं. 201/2 क्षेत्रफल 32.50 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में महेन्द्रप्रताप साहू पिता मंशाराम साहू के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के मूल धारक द्वारा आवेदक के पक्ष में संपूर्ण क्षेत्रफल का पंजीकृत बयनामा दिनांक 14.01.2025 निष्पादित किये जाने अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत्तएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 03/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/03/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202503082200012/ अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदिका पुष्पा सोनी पति अनिल सोनी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-16ए भू-खण्ड क्रं. 33/3 क्षेत्रफल 59.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में नितिन, नबीन, दिलीप आ. भागीरथी, चित्रलेखा बेवा भागीरथी सोनी के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के मूल धारकों द्वारा आवेदिका के पक्ष में क्षेत्रफल 16.44 व.मी. का पंजीकृत बयनामा दिनांक 21.02.2025 निष्पादित किये जाने अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत्तएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/03/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202502101000004/ अ-27/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार आ. झुमुक लाल एवं अन्य 04 निवासी -पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न. 670/1, 694,700/1 रकबा 0.6435, 0.0600, 0.2970 हे. भूमि आवेदकगणा के नाम पर शमिलात खातें में दर्ज है। उपर वर्णित भूमि को आवेदकगण आपसी सहमती के आधार पर बराबरा-बराबर हिस्से के अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.03.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

शीशल कला को बस्तर अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचा रही शोभा बघेल

■ अपनी हुनर की आय से घर-परिवार को किया खुशहाल

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर अंचल विभिन्न शिल्प कलाओं के लिए प्रसिद्ध है जहां काष्ठ कला, टेराकोटा, बेलमेटल, लौह शिल्प इत्यादि के विख्यात शिल्पकार अपनी अमिट पहचान स्थापित कर चुके हैं। इसी क्रम में बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर के परचनपाल निवासी शोभा बघेल शीशल कला की हुनर को एक नई दिशा देने में जुटी हुई हैं। शोभा जहां स्वयं शीशल रस्सी से डायनिंग मेट, पी-कोस्टर, नाव, झूमर, गुड़िया, बास्केट, साईड पर्स, झूला, दिवाल इंजिन, लेटर होल्डर आदि कलात्मक वस्तुएं तैयार कर विक्रय कर रही हैं। वहीं विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों को शीशल कला का प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बना रही हैं।

शोभा अपनी कलात्मक वस्तुओं को शबरी एम्पोरियम सहित बिहान मड़ई, शिल्प महोत्सव, बस्तर मड़ई, चित्रकोट महोत्सव, स्थानीय बाजार, आमचो बस्तर बाजार, राज्य के आधुनिक मॉल तथा अन्य प्रदेशों के प्रदर्शनी, सरस मेला जैसे आयोजनों में विक्रय कर हर महीने 20 से 25 हजार रुपए आय अर्जित कर रही हैं और अपने घर-परिवार को खुशहाल बना चुकी हैं। अपनी छोटी सी लेकिन महत्वपूर्ण आमदनी के जरिए शोभा ने अपने बेटे भगतसिंह बघेल को ग्रेजुएट तक पढ़ाई करवाया है तो बेटी पिंकी बघेल को बीएससी नर्सिंग की शिक्षा दिलवाई हैं। जिससे पिंकी अब जगदलपुर के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में स्टॉफ नर्स की सेवा देकर घर-परिवार की मदद कर रही हैं।

शोभा ने बताया कि वह अपने पति बंशी बघेल के साथ विभिन्न स्थानों में शीशल कला का ट्रेनिंग भी दे रही हैं जिसके तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला स्व सहायता समूहों के साथ ही केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर, नवोदय विद्यालय जगदलपुर के छात्र-छात्राओं को शीशल कला का प्रशिक्षण प्रदान किया है।

वहीं वर्तमान में समीपवर्ती ओड़ीसा राज्य के बलांगीर जिले के नवोदय विद्यालय बेलपाड़ा में शीशल कला का प्रशिक्षण दे रही हैं। शोभा बताती हैं कि विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत ग्राम पंचायत के परचनपाल में एनआरएलएम के तहत फरवरी 2016 में गठित स्व-सहायता समूह से जुड़ी और पूर्व से ही शीशल की कलात्मक सामग्री डायनिंग मेट, नाव, झूमर, गुड़िया, बास्केट, साईड पर्स, झूला, दिवाल इंजिन, लेटर होल्डर आदि शीशल उत्पाद बना रहे हैं। जिसके माध्यम से उनकी आजीविका और आय में वृद्धि कर परिवार का भरण-पोषण अच्छे से कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

छत्तीसगढ़ में बढ़ेगा दिन का पारा, तेज धूप के साथ गर्मी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में तापमान में बढ़ोतरी का दौरा जारी है। प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री तक पहुंच गया है। तापमान बढ़ने से ठंड हवाओं का असर खत्म हो गया है। प्रदेश के कई हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। आज मंगलवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में बीते दिनों मौसम शुष्क रहा। आगामी दिनों में भी मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है। आगामी तीन दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है, इसके बाद कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। सोमवार को प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री अंबिकापुर में रहा। राजधानी रायपुर में 11 मार्च को आकाश साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 38एष्ट और न्यूनतम तापमान 22एष्ट तक रहने की संभावना है।

पुराने निगम बिल्डिंग के मलबे में लगी आग, कारण साफ नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के पुराने नगर निगम बिल्डिंग के मलबे में आग लग गई है। बिल्डिंग के आसपास बड़ी मात्रा में कचरे के ढेर होने से आग तेजी से फैल गई। जिसके बाद आसपास मौजूद दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। यह पूरा मामला गोल बाजार थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है की घटना 12:30 बजे करीब की है। पुराने नगर निगम की बिल्डिंग के मलबे में अचानक आग लग गई। मलबे में बड़ी मात्रा में कचरे का ढेर था। जिससे आग तेजी से फैलने लगी। आसपास मौजूद दुकानदारों ने जब आग को देखा तो उन्होंने फौरन फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हादसा बाजार के पास होने की वजह से फायर ब्रिगेड को पहुंचने में देरी हुई। हालांकि आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग में काबू पा लिया गया।

विधानसभा: सदन में गूंजा जर्जर सड़क का मुद्दा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है। आज सदन में प्रश्नोत्तर काल के बाद आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के विभागों से जुड़े मामलों पर ध्यान आकर्षण प्रस्ताव लाया जाएगा। प्रधानमंत्री सड़क के जर्जर होने का भी मुद्दा उठाया जाएगा। वहीं आज के सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। इसमें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विभागों से संबंधित मामलों पर चर्चा होगी। गिरौधपुरी धाम के विकास के लिए स्वीकृत राशि में अनियमितता का मामला उठाया जाएगा।

नाबालिग बच्ची को दिखाया प्राइवेट पार्ट: गिरफ्तार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा में सोमवार देर रात जमकर बवाल हो गया। गीदम शहर में एक दुकानदार रफीक पर 15 साल की नाबालिग को अपना प्राइवेट पार्ट दिखाने का आरोप लगा है। युवक की इस करतूत से गुस्साई भीड़ ने उसे ढूंढने पहले मस्जिद को घेरा, फिर शहर में चक्काजाम कर दिया। आरोपी की गिरफ्तारी और उसकी दुकान तोडऩे की मांग की गई। हालांकि, पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद जाम खोला गया। साथ ही देर रात पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। मामला जिले के गीदम थाना क्षेत्र का है। गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि, जब हमें मामले की जानकारी मिली तो हमने तुरंत एक्शन लिया युवक की तलाश की उसका फोन ट्रेस किया पता चला कि वह बीजापुर की तरह भाग रहा है। इस बीच बीजापुर की तरफ हम रवाना हुए और शहर से करीब 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर उसे पकड़ा गया।

चोरी की बाइक में घूम रहा आदतन अपराधी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी धनेन्द्र सिन्हा ने थाना देवेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनांक 02.03.2025 के सुबह 07.30 बजे अपनी मोटर सायकल बजाज प्लेटिना क्रमांक सी जी/04/के बी/6180 से सिटी बस डिपो आया था एवं मोटर सायकल को सिटी बस डिपो के कैम्पस में खडी कर आफिस के अंदर बस की चाबी लाने गया था, कि करीबन 08.00 बजे चाबी लेकर वापस आया तो देखा की उसकी उक्त मोटर सायकल नहीं थी। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की खड़ी उक्त मोटर सायकल को चोरी कर ले गया था कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 52/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अमन का नक्सली बनने से लेकर बिश्नोई के करीबी होने तक का सफर

कनाडा से मलेशिया तक कनेक्शन, रंगदारी नहीं देने पर करवाता था फायरिंग

रायपुर/नवप्रदेश। लॉरेंस बिश्नोई का करीबी कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू मारा गया है। झारखंड पुलिस ने एनकाउंटर में अमन साहू को मार गिराया। एनकाउंटर मंगलवार की सुबह पलामू में हुई। अमन साहू को रांची पुलिस की टीम रायपुर से पूछताछ के लिए रिमांड पर रांची ला रही थी। पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अमन साहू ने पुलिस का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अमन साहू मारा गया। अमन साहू पिछले तीन महीने से रायपुर के जेल में बंद था। रांची के बरियातू में कोयला कारोबारी पर हुए हमले और हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर मामले में पूछताछ करने अमन साहू को रांची लाया जा रहा था। अमन साहू ने साल 2013 में अपना गैंग बनाया था। वो खुद को लॉरेंस बिश्नोई का करीबी बताता था। पप्पू यादव ने जब लॉरेंस गैंग को लेकर बयान दिया तो उन्हें साहू गैंग की ओर से धमकी दी थी। अमन साहू गिरोह के सदस्यों ने चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अन्धारी ढोढ़ा में पुलिस वाहन पर बम से हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद अमन साव पुलिस जवान का हथियार छीनकर भागने लगा। लेकिन वो अपने प्रयास में सफल नहीं हो सका। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। एसपी रिश्मा रमेशन ने बताया कि, 'बमबाजी के बाद अमन साहू ने हवलदार राकेश कुमार के हाथ से राइफल छीनकर फायरिंग की कोशिश की। तभी जवाबी कार्रवाई में उसे मार गिराया गया। हवलदार की जांघ में गोली लगी है। उसका इलाज एमएमसीएच पलामू में चल रहा है।

यूपी के गैंगस्टर विकास दुबे की तर्ज पर मारा गया अमन साहू: अमन साहू को यूपी पुलिस के स्टाइल में ही एनकाउंटर किया गया। यूपी के कुख्यात अतीक अहमद के बेटे असद और गैंगस्टर विकास दुबे को भी इसी तरह मारा गया था। यूपी वाले बाबा का फार्मूला झारखंड में काम आया।

कौन था अमन साहू

अमन साहू रांची के ठाकुरगांव के समीप मतबे गांव का रहने वाला था। उस पर झारखंड में रंगदारी, हत्या, एक्सटॉर्शन सहित 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह एक समय में हार्डकोर नक्सली भी था। करीब 2013 में उसने अपना गैंग बनाया था। इंटरनेट मीडिया फेसबुक पर उसने कई बार हथियार लहराकर फोटो भी पोस्ट किया था।

पुलिस के लिए बन गया था चुनौती

अमन साहू झारखंड पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती था। उसके गिरोह के निशाने पर कोयला कारोबारी, ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार, रियल एस्टेट कारोबारी और बिल्डर थे। अमन इनसे लगातार रंगदारी वसूल रहा था। बात नहीं मानने वालों पर खुलेआम गोलियां भी चलवाता था। इसके बाद गैंग के गुर्गे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर और वर्चुअल नंबर से मीडिया को जानकारी भी देते थे कि घटना को उनके ही गिरोह ने अंजाम दिया है।

कनाडा से होता था ऑपरेट

गैंगस्टर अमन साहू का फेसबुक अकाउंट अमन सिंह नाम का शख्स कनाडा से ऑपरेट करता है, जबकि दूसरा अकाउंट मलेशिया से सुनील राणा नाम का शख्स देखता है। राजस्थान का रहने वाला सुनील मीणा लॉरेंस का दोस्त है। फिलहाल सुनील मीणा अजरबैजान पुलिस की गिरफ्त में है। उसके प्रत्यार्पण को लेकर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ये भी कहा जाता है कि अमन साहू लॉरेंस बिश्नोई को गुर्गे सप्लाई करता था, जिसके बदले में उसे लॉरेंस की ओर से हाईटेक हथियार मिलते थे, जिनके दम पर वो झारखंड-बिहार-छत्तीसगढ़ में उगाही और रंगदारी करता था।

2013 में अपना गैंग बनाया

अमन साहू ने साल 2013 में अपना गैंग बनाया था। करीब ढाई साल पहले कोरबा में अमन साहू गैंग के लोगों ने बरबरीक ग्रुप के पार्टनर के घर के बाहर फायरिंग की थी। आरोप है कि अमन साहू ने कुछ शूटर रायपुर भी भेजे थे। उसकी हिट लिस्ट में शहर के कई बिजनेसमैन के होने का दावा भी किया जाता था। इसके बाद रायपुर पुलिस ने इस गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

चिरायु टीम के प्रयास ने अपेक्षा को दी नई जिंदगी

■ अपेक्षा सिर्फ एक कैंसर सर्वाइवर नहीं, बल्कि साहस और उम्मीद की मिसाल है

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम झालखम्हरिया की 8 साल की नन्ही अपेक्षा साहू की जिंदगी अचानक एक ऐसे मोड़ पर आ गई, जहाँ हर पल मौत की परछाई उसका पीछा कर रही थी। उसके मासूम बचपन पर ब्लड कैंसर के एक दुर्लभ प्रकार एक्यूट प्रोमाइलोसाइटिक ल्यूकेमिया (एपीएमएल) ने गहरा असर डाला। महीनों से चला आ रहा बुखार, शरीर पर उभरते चकत्ते और पीलापन किसी गंभीर खतरे का संकेत दे रहे थे। जब स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम को उसकी हालत का पता चला, तो बिना देरी किए उसे एम्स रायपुर ले जाया गया, जहाँ विस्तृत जांच के बाद उसकी बीमारी की पुष्टि हुई। इलाज की शुरुआत कीमोथेरेपी से हुई, लेकिन यह जितनी जरूरी थी, उतनी ही खतरनाक भी साबित हुई। पहली ही खुराक के बाद उसके शरीर ने गंभीर प्रतिक्रिया दी, अचानक दौरे पड़ने लगे, मस्तिष्क में रक्तस्राव (सीवीए) हो गया, और उसका बायाँ हिस्सा अर्ध-पक्षाघात (हेमिप्लेगिया) से प्रभावित हो गया। यह सब देखकर उसके माता-पिता का दिल बैठ गया। उन्हें लगा कि अब कुछ भी ठीक नहीं हो सकता, और उन्होंने इलाज बीच में ही रोकने का फैसला कर लिया। लेकिन यही वह क्षण था जब चिरायु टीम ने उम्मीद का हाथ बढ़ाया। उन्होंने माता-पिता को समझाया कि यह लड़ाई अधूरी छोड़ देना ही असली हार होगी। उनकी काउंसलिंग और हौसले के चलते अपेक्षा का इलाज दोबारा शुरू हुआ।

थाने में शिकायत दर्ज करने गए युवकों के बीच जमकर मारपीट

कोरबा/नवप्रदेश। कोतवाली थाना अंतर्गत बस स्टैंड में अशरफ मेमन और गुलाम शेखानी के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद हड़कप मच गया। बस स्टैंड पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। दोनों के ही आदमी मौके पर पहुंचे और विवाद और बढ़ गया। बस स्टैंड पर हुए विवाद के बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली थाना शिकायत दर्ज करने पहुंचे। जहां कोतवाली थाना परिसर पर दोनों के बीच फिर से मारपीट हो गई। दोनों एक दूसरे पर लात घूंसे और मुक्का चलाने लगे। दोनों के बीच मारपीट और गली गलौज सुनकर थाने के अंदर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी दौड़कर बाहर पहुंचे।लेकिन तब तक दोनों खून से लहूलुहान हो चुके थे। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ही पक्ष के लोग कोतवाली थाना परिसर पर पहुंच गए और भीड़ लग गई। पुलिस ने किसी तरह सभी को कोतवाली थाना से बाहर भगाया। दोनों एक दूसरे के खिलाफशिकायत कर ही रहे थे कि फिर से विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जहां पुलिस ने दोनों की शिकायत पर तत्काल मुलायजा के लिए अस्पताल रवाना किया गया। इस मामले में कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट की शिकायत की है। आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजीश को लेकर अशरफमेमन और गुलाब मोहम्मद के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। इससे पहले भी दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

आरक्षक ने किया सुसाइड

■ टाकरागुड़ा जंगल में मिला शव; बड़ाजी थाने में था पदस्थ

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के बड़ाजी थाने में पदस्थ एक आरक्षक ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली है, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुँच जांच शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए बताया जा रहा है कि बड़ाजी थाने में पदस्थ आरक्षक नवलेश कश्यप 25 वर्ष ने मंगलवार की सुबह अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित तकरागुड़ा के जंगल में आत्महत्या कर ली।

ऐसा बताया जा रहा है कि मृतक आरक्षक पहले डीआरजी में था, उसके बाद उसकी पदस्थापना बड़ाजी थाने में कर दिया गया। वहीं मृतक लोहंडीगुड़ा का ही निवासी बताया जा रहा है। मृतक आरक्षक कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था। लेकिन कारणों का पता नही चल पाया है। वहीं इस संबंध में उनके परिजनों से लेकर दोस्तों तक को इस मामले की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

मामले की जानकारी लगते ही एक टीम को घटनास्थल भेज दिया गया। जहां शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। वहीं इस घटना के संबंध में पुलिस की ओर से कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। आखिर आरक्षक ने सुसाइड क्यों किया है। फिलहाल शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। वही परिजनों के अलावा दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है कि आखिर आरक्षक ने सुसाइड क्यों किया।

व्यापम की ओर से आयोजित परीक्षाओं के लिए प्रोफाइल पंजीकरण और अपडेट करना अनिवार्य

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित विभिन्न प्रवेश, पात्रता और भर्ती परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के प्रोफाइल पंजीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। व्यापम की नई वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in को 27 फरवरी 2025 से शुरू किया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने पहले से प्रोफाइल पंजीकरण किया हुआ है, उन्हें अपने प्रोफाइल को अद्यतन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे अभ्यर्थी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी बार-बार नहीं भरनी होगी। प्रोफाइल पंजीकरण सिर्फ एक बार करना होगा और इसी प्रोफाइल पर अभ्यर्थी लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन कर करते हैं। प्रोफाइल अद्यतन करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने पूर्व के प्रोफाइल लॉगिन एवं पासवर्ड के माध्यम से अपडेशन ऑनलाइन करना अनिवार्य होगा, जिसमें अभ्यर्थी अपने पुराने फोटो के स्थान पर नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो एवं हस्ताक्षर (50 से 100 केबी जेपीजी) अपलोड कर अपना प्रोफाइल पासवर्ड बदलना होगा। अभ्यर्थी को अपना वैध ई-मेल एडेऊस दर्ज करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी दिव्यांग है, तो नये वेबसाइट में उल्लेखित दिव्यांगता के प्रकार का चयन करके अपना प्रोफाइल अपडेट करते हुए जिला मेडिकल बोर्ड या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का क्रमांक एवं जारी होने का दिनांक भी प्रविष्ट करना अनिवार्य होगा।

इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी अपने प्रोफाइल की व्यक्तिगत जानकारी में कोई सुधार करना चाहते हैं, तो नये वेबसाइट में अपने प्रोफाइल लॉगिन में जाकर अनिवार्य रूप से सुधार कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने व्यापम के वेबसाइट में पूर्व में अपना प्रोफाइल पंजीकरण नहीं किया है, वे व्यापम के नये बेवसाइट पर प्रोफाइल पंजीकरण कर सकते हैं। व्यापम की परीक्षाओं में ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रोफाइल पंजीकरण अनिवार्य है।

इलाके में दहशत | वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की

खून से लथपथ मिला मवेशी का शव, वन विभाग में मचा हड़कंप

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। मरवाही वन मंडल के पेंड्रा वन परिक्षेत्र में आज उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां के पीपलामार गांव में ग्रामीणों के द्वारा खून में लथपथ एक मवेशी का शव देखा गया। मवेशी के शरीर में किसी बड़े अज्ञात जानवर के शिकार के निशान भी मिले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किस जंगली जानवर ने मवेशी को शिकार बनाया है। वहीं इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मरवाही वन मंडल के पेंड्रा परिक्षेत्र स्थित पीपलामार गांव में आज उस समय हड़कंप मच गया। जब सुबह ग्रामीणों के द्वारा गांव के ही रहने वाले चन्द्रभान सिंह के बाड़ी में एक मवेशी का खून में लथपथ शव मिला।

शव में किसी अज्ञात जंगली जानवर के द्वारा शिकार किये जाने का निशान मिला है। पर वह अज्ञात जानवर कौन सा है। यह स्पष्ट नहीं है। वहीं मृत मवेशी के शरीर में कई बड़ जख्म भी देखने को मिले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पेंड्रा वन परिक्षेत्र की वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किस जंगली जानवर के द्वारा मवेशी को अपना शिकार बनाया है। ग्रामीणों की मानें तो रात में जरूर ग्रामीणों के द्वारा कुत्तो के तेज-तेज भौंकने की आवाज सुनाई दे रही थी। सुबह इस घटना की जानकारी उन्हें मिली है। साथ ही घटना स्थल के आसपास से कुछ ऐसे निशान भी वन विभाग को मिले हैं। जिसमें किसी जानवर के पंजों के नाखून के निशान भी मिले। फिलहाल, वन विभाग सभी निशानों के सैंपल लेकर जंगली जानवर की पहचान करने की बात कह रहा है।

साथ ही गांव में मुनादी और कैमरे लगाकर भी जानवर की शिनाख्त करने की बात कही है। फिलहाल गांव में इस तरह से मवेशी के शिकार किये जाने से ग्रामीण काफी दहशत में है।

बस्तर पंडुम का आगाज आज से सजेगा लोक संस्कृति का मंच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की अनूठी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से ''बस्तर पंडुम 2025'' का भव्य आयोजन 12 मार्च से शुरू हो रहा है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप इस आयोजन के माध्यम से बस्तर संभाग की समृद्ध लोककला, रीति-रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. यह महोत्सव न केवल बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com